वर्ष-31, अंक- 231, पृष्ठ-12 | ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 12, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
रविवार
08 जून 2025

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## एक नजर

### दो बाइकों की भीषण टक्कर, दो की मौत

**धनबाद।** जिले के तेतुलमारी थाना क्षेत्र अंतर्गत धनबाद-कांको 8 लेन सड़क पर शुक्रवार की देर रात भीषण सड़क हादसा हुआ। भूली बड़की बौआ मोड़ के पास सर्विस लेन पर दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया है। हादसे के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। परिजनों ने बताया कि पतराकुली चौहान बस्ती निवासी सौरभ बेलदार अपने दोस्त कृष्णा चौहान के साथ पल्सर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बड़की बौआ मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी सीधी टक्कर हो गई। दूसरी बाइक बरवाटांड़ निवासी गोलू कुमार गोप उर्फ रवि गोप चला रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और तीनों को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच (शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल) ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने सौरभ बेलदार और गोलू कुमार गोप को मृत घोषित कर दिया।

# ऑटो पार्ट्स दुकानों से लाखों रुपये के डुप्लीकेट सामान बरामद

- 1500 से अधिक नकली पार्ट्स जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड पर शनिवार को तीन मोटर पार्ट्स की दुकानों में छापेमारी कर टीवीएस कंपनी के करीब 1500 से अधिक नकली ऑटो पार्ट्स जब्त किए गए। छापेमारी रांची मैकेनिको आइडियल वर्कशॉप, डायमंड ऑटो और एक अन्य दुकान में की गई, जहां से टीवीएस ब्रांड के डुप्लीकेट ब्रेक केबल, ब्रेक शू, क्लच प्लेट, फिल्टर हॉल्ट कम सहित अन्य महत्त्वपूर्ण पुर्जे भारी मात्रा में बरामद हुए। यह कार्रवाई टीवीएस कंपनी के जांच अधिकारी विप्लव विश्वास एवं शहर थाना पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा की गई। जांच अधिकारी विप्लव विश्वास ने बताया कि




विगत तीन-चार माह से कंपनी को ग्राहकों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि मेदिनीनगर क्षेत्र में टीवीएस के डुप्लीकेट पार्ट्स खुलेआम बेचे जा रहे हैं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कंपनी ने आंतरिक जांच शुरू की और पाया कि कई दुकानों में नकली सामान बेचे जा रहे हैं, जिससे कंपनी की साख और ग्राहकों की सुरक्षा दोनों पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है।

इसके बाद कंपनी अधिकारियों ने पलामू पुलिस अधीक्षक से संपर्क साधा और उनके निर्देश पर शहर थाना पुलिस के सहयोग से विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। जांच में डायमंड ऑटो से सबसे अधिक मात्रा में डुप्लीकेट पार्ट्स जब्त किए गए। पुलिस ने जब्त किए गए सभी नकली ऑटो पार्ट्स को अपने कब्जे में लेकर दुकानदारों से पूछताछ शुरू कर दी है। साथ ही इस गिरोह के अन्य सदस्यों या आपूर्तिकर्ताओं की पहचान के लिए भी जांच तेज कर दी गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस प्रकार के नकली ऑटो पार्ट्स वाहनों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकते हैं और इस मामले में दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

- अल्लाह की राह में दी कुर्बानी

**रांची।** रांची समेत राज्यभर में ईद उल अजहा (बकरीद) का त्योहार पूरे अकीदत और एहतराम के साथ शनिवार को मनाया गया। शहर से लेकर गांवों तक की मस्जिदों, ईदगाहों में सुबह से ही नमाज के लिए मुस्लिम समाज के लोग जुट गए। इसके बाद एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। देश में अमन-चैन व तरक्की की दुआ मांगी। जिलेभर के धार्मिक स्थलों में विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई। नमाज के बाद कुर्बानी की रस्म अदा की गई। हरमू रोड ईदगाह के इमाम मौलाना असगर मिसबाही और डोरंडा ईदगाह में मौलाना अलकमा शिबली ने खुतबा देते हुए कुर्बानी का महत्व बताया। शहर से लेकर गांवों तक पुलिस पूरी तरह अलर्ट रही। कड़ी सुरक्षा होने की वजह से त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो सका। एक-दूसरे को दी मुबारकबादी बकरीद की नमाज अदा करने के बाद दुश्मनी भुलाकर लोग एक-दूसरे को दोस्त बन गए। सबने एक दूसरे से गले मिले और ईद उल अजहा की मुबारकबादी भी दी। नमाज अदा कर तुरंत लौटे घर नमाज अदा करने के बाद लोग अपने घरों की ओर कसाई के साथ लौटे। कुर्बानी से पहले जानवर को मीठी चीज भी खिलाई। कुर्बानी के लिए लाए जानवर को पश्चिमी रुख पर लिटाकर कुर्बानी की गई। कुर्बानी के गोश्त से खोला रोजा कुर्बानी करने वाले अकीदतमंद रोजा रखते हैं और कुर्बानी के गोश्त से ही रोजा खोलने का रिवाज है। शनिवार को भी ऐसा ही देखने को मिला। अकीदतमंदों ने जानवर की कुर्बानी की। उसके गोश्त को पकवाया और उससे रोजा खोला।





मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी राज्यवासियों को बकरीद की शुभकामनएं दी।

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

# झारखंड भवन में कमरा नहीं मिलने पर विधायक शशिभूषण मेहता धरने पर बैठे

- रिसेप्शन पर ही किया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में आरक्षित कमरा नहीं मिलने पर उन्होंने रिसेप्शन काउंटर के सामने धरना दे दिया। उन्होंने अपना टिफिन खोलकर वहीं भोजन भी किया। इस घटनाक्रम से नाराज विधायक ने इसे विधायिका का अपमान बताया और विधानसभा अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री संजय सेठ तथा गांडेय विधायक कल्पना सोरेन से इसकी शिकायत भी की। विधायक डॉ. मेहता ने बताया कि उन्होंने अपने नाम से दो कमरे बुक कराए थे, **शेष पेज 11 पर...**



### मंत्री इरफान अंसारी के समझाने पर धरना से हटे

**रांची।** विधायक द्वारा धरना देने की बात मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तक पहुंच गई। उन्होंने फौरन मंत्री इरफान अंसारी को समाधान करने का निर्देश दिया। मंत्री ने भाजपा विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता से फोन पर बात की धरना समाप्त करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी विधायकों का समान रूप से सम्मान करती है। वे किसी भी दल से हों। व्यवस्था को दुरुस्त करने में थोड़ा समय लग रहा है। नया झारखंड भवन बनकर तैयार है और जल्द ही ऐसी समस्याएं नहीं आएगी। लगे हाथ मंत्री इरफान अंसारी ने नाराज भाजपा विधायक से हुई बातचीत का वीडियो भी जारी कर दिया।

# नए सिरमटोली फ्लाईओवर पर बाइक से स्टंट करने वालों की तलाश शुरू

- खतरनाक स्टंट करते वीडियो हुआ था वायरल
- मंत्री दीपक बिरुआ ने स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर कार्रवाई का दिया निर्देश

**रांची।** राजधानी रांची में सड़कों पर स्टंट करने वाले बाइकर्स की एक बड़ी तादात है। ऐसे लोग अपना एक तरह का गैंग बना कर बाइक से स्टंट किया करते हैं, लेकिन इस बार बाइक से स्टंट करने वाले बुरी तरह से फंस गए हैं, क्योंकि अब पुलिस उनकी तलाश में जुट गई है।

**क्यों तलाश कर रही है पुलिस**

कई तरह के विवाद और हंगामा के बाद आखिरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसी सप्ताह सिरम टोली फ्लाईओवर का उद्घाटन कर दिया। लोगों को जाम से राहत तो मिली लेकिन रात के समय इस फ्लाईओवर पर स्टंटबाजों से लोग परेशान हो रहे हैं। ये लोग खुले आम हैरतअंगेज स्टंट कर रहे हैं और अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालकर कानून का मजाक उड़ा रहे हैं। यही नहीं स्टंट करने वालों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे इस स्टंट वीडियो भी सोशल मीडिया पर डाल रहे हैं।




मामले को लेकर झारखंड सरकार के मंत्री दीपक बरुआ ने तुरंत ट्रैफिक एसपी रांची को निर्देश दिया कि स्टंट करने वाले लड़कों को चिन्हित कर इन्हें परिवहन का नियम बताएं और अविलंब कार्रवाई करें। यह लोग हुड़दंग करने वाले हैं, इन से यह पूछा जाए की जीवन अनमोल है या जलवा। मंत्री दीपक बरुआ के एक्स हैंडल पर मामले की जानकारी देते ही रांची पुलिस एक्टिव हो गई है। रांची के ट्रैफिक एसपी ने मंत्री को यह आश्वासन दिया है कि 'वीडियो में दिख रहे युवाओं की पहचान की जा रही है। उनपर नियम अनुसार कार्रवाई कर उन्हें ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी जाएगी। सड़क सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।'

## आज / कल




# पिकअप ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंदा, दो की मौत, एक गंभीर

**गुमला।** लोहरदगा-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग पर टोटाम्बी बाजार के निकट शनिवार देर रात एक तेज़ रफ्तार पिक-अप वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में खरका गांव निवासी राजकेश्वर साहू (24) और सुरेंद्र कुमार साहू (22) की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि शिवपूजन साहू (25) गंभीर रूप से घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि पिक-अप वाहन का पहिया तीनों युवकों के पैरों से होकर गुजर गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने राजकेश्वर और सुरेंद्र को मृत घोषित कर दिया। घायल शिवपूजन की हालत अत्यंत नाजुक होने पर उसे रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि घायल शिवपूजन साहू गढ़दरी थाना में पदस्थापित है। तीनों युवक गम्हरिया गांव में एक वैवाहिक समारोह से लौट रहे थे, तभी टोटाम्बी के पास यह हादसा हुआ। हादसे के बाद पिक-अप चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया।

### हाइवा की चपेट में आकर सेवानिवृत्त सूबेदार की दर्दनाक मौत, चालक वाहन समेत फरार

**भरनो (गुमला)।** करंज थाना क्षेत्र के करौंदाजोर गांव के समीप सिसई-करंज मुख्य मार्ग पर शनिवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेवानिवृत्त सूबेदार सुरेंद्र बड़ाईक (70 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वह अम्बेरा गांव के निवासी थे और मोपेड (TVS बाइक) से गोयलकेरा बाजार जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात हाइवा ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह वाहन सहित सड़क पर गिर पड़े और हाइवा की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुरेंद्र बड़ाईक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही करंज थाना प्रभारी आशीष केशरी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को क जे में लेकर पंचनामा किया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी। बताया गया है कि मृतक का पोस्टमार्टम रविवार सुबह गुमला सदर अस्पताल में किया जाएगा।

# झारखंड को मिला देश की बेस्ट नेत्र सोसाइटी का सम्मान

- रांची में मना जश्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड नेत्र सोसाइटी को देश की बेस्ट नेत्र सोसाइटी का सम्मान मिलने पर रांची में रांची ऑप्थाल्मिक फोरम के द्वारा एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें झारखंड नेत्र सोसाइटी को मिले सम्मान का जश्न मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन रांची के होटल ली लैक सरोवर पोर्टिको के सभागार में हुआ। सेमिनार का संचालन रांची ऑप्थाल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने किया। सेमिनार में प्रोफेसर (डॉ) सुनील कुमार, विट्रियो रेटिना सर्जन डॉ बिभूति कश्यप और डॉ अजय गुप्ता ने अपने-अपने व्याख्यान दिये। पोस्ट ग्रेजुएट सेशन में आरआईओ रिम्स से डॉ अनामिका चौधरी और डॉ वत्सला कुंवर ने केस प्रेजेंटेशन दिया।

सेमिनार के बाद ओवरऑल बेस्ट ट्रॉफी के लिए कार्यक्रम में उपस्थित नेत्र विशेषज्ञों, आरआईओ रिम्स रांची और कश्यप मेमोरियल आई हॉस्पिटल के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने केक काटकर जश्न मनाया। ट्रॉफी के साथ सभी डॉक्टर्स और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने ग्रुप फोटो भी खिंचवाया। नयी दिल्ली में झारखंड नेत्र सोसाइटी को किया गया पुरस्कृत झारखंड नेत्र सोसाइटी की साइंटिफिक **शेष पृष्ठ एक पर...**



## इंडिया

# बिरसा मुंडा की बढ़ती ब्रांडिंग और पब्लिक से कटते नेता



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**



भागदौड़ की जिंदगी में जनप्रतिनिधियों का पब्लिक से सीधा संपर्क आसान तो नहीं पर असंभव भी नहीं क्योंकि जनता ही जनार्दन है पर विज्ञापनों की ब्रांडिंग और पीआर एजेंसी की रणनीति के इशारों पर दिखावटी जननेता बनने और सोशल मीडिया के सहारे चमकने वाले अनेक नेताओं की असलियत उन के पावर में आने के बाद दिखती है जो नॉट रीचेबल हो जाते हैं जबकि बिचौलियों या कॉर्पोरेट घरानों के लिए उनके दरवाजे खुले होते हैं । हमारे आसपास ऐसे अनेक वीआइपी नेता दुर्लभ दर्शनीय या नॉट रीचेबल नेता भी बिरसा मुंडा की मूर्ति के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं । अनेक बड़े नेता बड़ी गाड़ियों,बॉडीगार्ड और फाइव स्टार रहन सहन से बाहर निकलकर उन्हें भगवान बता रहे हैं पर सवाल यह है कि विज्ञापनों,सोशल मीडिया और समाचारों में चमकते सितारों जैसे नेता कब तक बिरसा मुंडा को ब्रांड बनाकर वोट लेते रहेंगे या सचमुच पब्लिक के दुख सुख को समझ पाएंगे? राजधानी रांची से छः बार से लगातार विधायक सीपी सिंह जैसे आदिवासी नेता भी हैं पर अपवाद स्वरूप हैं जो प्रयास सभी के लिए करते हैं ।झारखंड बनने के पहले झारखंड के लिए मुखर आज के अनेक चर्चित नेताओं का बिहार में कोई अस्तित्व नहीं था जिनमें से कई माननीय बने और उनका कद इतना बड़ा हो गया कि आम आदमी से सीधा संवाद ही बंद हो गया जिस कारण एक लोकप्रिय युवा नेता बहुत काम करते हुए भी हार गए जबकि अन्य अनेक नेताओं की हार का बड़ा कारण यही संवादहीनता है । विशेषज्ञ बताते हैं कि संवाद हमेशा दोतरफा होना चाहिए यदि हम सोशल मीडिया,विज्ञापन या समाचारों के माध्यम से ही अपनी बात पहुंचाते हैं तो यह एकतरफा संवाद ही है जनता की भावनाओं और दुःख दर्द को अहंकारी अधिकारियों या सलाहकारों के माध्यम से समझा नहीं जा सकता क्योंकि उन्हें खास लोगों से विशेष लाभ लेने के लिए आम लोगों को रोकना होता है जिसके अनेक चर्चित उदाहरण झारखंड के भ्रष्टाचार के इतिहास में हैं ।झारखंड की त्रासदी यही है पार्टियां बदलती रहती हैं पर बड़े नेता या तो मिलना नहीं चाहते या उनके कथित शुभचिंतक उन्हें पब्लिक से मिलने नहीं देते । प्राचीन इतिहास है कि ऐसी ही संवादहीनता से अंग्रेजी सरकार गलत फैसले करती रही क्योंकि अंग्रेजों को मुंडारी भाषा नहीं आती थी और अंग्रेज जज से लेकर अधिकारियों को निजी स्वार्थवश उल्टा समझाया जाता था । जिससे विरोध विद्रोह में बदल गया और बिरसा मुंडा ने मुंडाओं को संगठित कर अंग्रेजों की चूलें हिला दीं थीं और आदिवासी इलाकों में यह क्रम आज भी जारी है । ट्राइबल सबप्लान में उल्लेख है कि जनजातीय क्षेत्रों में उन्हीं अधिकारियों की पोस्टिंग की जाए जो उनकी बात समझ सकें और संवाद कर सकें। नेताओं को समझना पड़ेगा कि दूरियां बढ़ाकर दिलों पर राज नहीं किया जा सकता ।लोहरदगा में कैरो प्रखण्ड की दो तैयार इमारतों को कोई उद्घाटनकर्ता नहीं मिला जिस कारण नई इमारतें टूट फूटकर बर्बाद हो गईं ।वहां के बड़े नेता और जनप्रतिनिधि चमकते सितारे हैं । झारखंड के अनेक जनप्रतिनिधि और अफसर ऐसे हैं जो अपने क्षेत्र में नहीं रहते जिनमें से अधिकांश बड़े शहरों,राजधानी रांची या दिल्ली में रहते हैं।

सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि मंगरा बुधुवा जैसे ग्रामीण उनसे कैसे काम करा पाते होंगे जिनसे मिलने के लिए जब पचास सौ किलोमीटर वे जाते हैं तब पता चलता है कि साहब मीटिंग में गए हैं, बाहर हैं या सीएम के साथ व्यस्त हैं । ऐसे अनेक जनजातीय समुदाय के नेता हैं जो महलनुमा घरों में रहते हैं और उनका क्षेत्र बहुत दूर है जबकि उनके पीए तक फोन नहीं उठाते जिस कारण बिचौलिया संस्कृति तेजी से पनप रही है । प्रखंड स्तर से लेकर मुख्यालय तक ऐसे बिचौलिए अधिकारियों से गठजोड़ बना लेते हैं और योजनाओं का लाभ प्रभावशाली या रिश्वत देने वाले लोगों को ही अधिकांशतः मिलता है ।लगभग यही हाल नौकरियों का है सभी सरकारों पर आरोप लगते रहे जांच होती रही यही चल रहा है ।जब जनप्रतिनिधि स्वयं क्षेत्र में नहीं रहेंगे तो प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को मुख्यालय में रहने के लिए कैसे दबाव बना सकते हैं? सूत्र बताते हैं कि कोरोना काल में जब बायोमेट्रिक उपस्थिति बंद हुई तब से प्रखंडों में बारह बजे तक लेट नहीं और चार बजे के बाद भेंट नहीं फिर से चालू हो गया है ।जिन दो दिनों में प्रखंड दिवस रखा गया है उन दिनों में भी मीटिंग के नाम पर सभी लोग बिना पैरवी या पैसे के आनेवालों को टरकाते हैं ऐसी शिकायतें मिलतीं हैं । स्थिति यह है कि बिना विधायक,मुखिया या बिचौलिए की सिफारिश के कोई काम नहीं हो सकता । यदि ये आरोप सही हैं तो दुःखद है पर शिकायत करने के लिए वीआइपी टाइप नेताओं या अफसरों से मिलना आसान नहीं। बिरसा मुंडा के गृह प्रखंड अड़की में आज भी आपको ढंग की एक भी दुकान या नाश्ते का होटल तक नहीं जन्मस्थान उलीहातु का भी बुरा हाल है क्यों यह वहां के लोग जानते हुए भी नहीं जानना चाहते।

# ऑपरेशन सिंदूर पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श

### ओ सीमा के प्रहरी! भारत के वीर सपूतों !

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**सुधा गोयल 'नवीन**

हमें तुम पर नाज है, तुम्हारी वजह से ही हम अपने-अपने घरों में चैन की नींद सो सकते हैं.

चिलचिलाती धूप हो या हाड़ तोड़ सर्दी, अपने देश की सीमाओं की रक्षा करने तुम भूख प्यास भूल कर, रातों की नींद को दांव पर लगाकर निरंतर सजग तैयार रहते हो, दुश्मनों की नींद उड़ाने के लिए दुश्मनों को उनके कर्मों की सजा देने के लिए तुमने देश पर निछावर हो जाने का जो प्रण लिया है और ऑपरेशन सिंदूर में जिस तरह की वीरता दिखाई है, वह पूरी दुनिया के लिए एक आदर्श उदाहरण है।

ओ रणबांकुरों तुम्हारी देशभक्ति को नमन ! हे वीर जवानों आपने अपने परिवार को कभी भी प्राथमिकता नहीं दी, जब भी देश ने पुकारा आप अपना सर्वस्व त्याग करने को तत्पर हो गए आतंकवाद को समूल नष्ट करने का आपने जो बीड़ा उठाया है, वह निश्चय ही सफल होगा, इस अटूट विश्वास के साथ मैं आपके संपूर्ण अस्तित्व को बार-बार नमन करते हुए हृदय तल की गहराइयों से कहती हूं.....

**जय हिंद!**
**जय हिंद की सेना !!**

## हुसैनाबाद में समाजसेवी मोहम्मद आलम राइन ने किया फल वितरण

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत अंबेडकर चौक के समीप मदरसा मार्केट में समाजसेवी मोहम्मद आलम राइन ने बकरीद के मौके पर गरीबों व असहायों के बीच तरबूज का वितरण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को ईद की मुबारकबाद दी और कहा कि यह त्यौहार त्याग और समर्पण की मिसाल है। उन्होंने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की अपील की।

# जपला रेलवे स्टेशन से चार पेटी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

### आरपीएफ और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई, झारखंड से बिहार ले जा रहे थे शराब

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के जपला रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और उत्पाद विभाग की संयुक्त कार्रवाई में दो शराब तस्करों को चार पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान हैदरनगर थाना क्षेत्र के राकेश चौधरी के पुत्र सुमित कुमार चौधरी और सासाराम, रोहतास निवासी विजय शाह के पुत्र बादल शाह के रूप में की गई है। जानकारी



के अनुसार, ये दोनों तस्कर लंबे समय से झारखंड से बिहार में शराब की तस्करी कर रहे थे। जीआरपी थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ तस्कर जपला रेलवे स्टेशन के रास्ते शराब लेकर बिहार जाने वाले हैं। सूचना के आधार पर आरपीएफ और उत्पाद विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दोनों तस्करों को पकड़ लिया। इनके पास से चार पेटी अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। है पुलिस तस्करों के नेटवर्क की जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि इनका संबंध किन-किन इलाकों तक फैला है।

## अनुकूल मौसम से मूंग की फसल में बेहतर उत्पादन की संभावना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड में मूंग की खेती इस बार लाभकारी साबित हो सकती है। किसानों के अनुसार, बिजली की नियमित आपूर्ति और जलस्तर बनाए रखने के कारण फसल अच्छी स्थिति में है। गर्मी के मौसम में बोवाई के 45 दिनों बाद फलियां विकसित हो गई हैं और फलियों से दाने निकलने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मूंग की खेती खेत की उर्वरता को भी बढ़ाती है। किसानों को उम्मीद है कि इस वर्ष का निवेश घाटे का सौदा नहीं होगा।

## सीओ ने जब्त किया अवैध बालू लदे ट्रैक्टर, कार्रवाई जारी

**हुसैनाबाद।** अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने देवरी ओपी पुलिस की सहायता से अवैध बालू ढोते एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। सूचना मिलने पर सीओ ने छापेमारी कर ट्रैक्टर को पकड़ा, जिसे बाद में देवरी ओपी को सौंप दिया गया। क्षेत्र में बालू घाट की कोई वैध बंदोबस्ती नहीं है, फिर भी रोजाना अवैध तरीके से सैकड़ों ट्रैक्टर बालू ढो रहे हैं। इस कारण कई गांवों में सड़कों पर बालू के ढेर लग गए हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

## माहवारी स्वच्छता पर टूटी चुप्पी, महिलाओं व किशोरियों ने की खुलकर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के सिंघना गांव में शनिवार को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर महिलाओं और किशोरियों ने खुले मैदान में खुली चर्चा की। यह कार्यक्रम प्रखंड विकास पदाधिकारी विश्व प्रताप मालवा के निर्देश पर आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य ह्यस्वस्थ किशोरी, स्वस्थ धात्रीह्ल की परिकल्पना को साकार करना है। प्रखंड वॉश समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि के नेतृत्व में जल सहियाओं के सहयोग से तिथिवार जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाई जा रही है। इसी क्रम में आजीविका मिशन के क्लस्टर समन्वयक सत्येन्द्र यादव ने महिलाओं और स्वयं सहायता समूह की सदस्यों के साथ बैठक कर माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, स्वच्छता अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान जलसहिया नीलम देवी, दमयंती देवी समेत अन्य महिलाओं ने हाथों में जागरूकता से जुड़ी तख्तियां लेकर स्वच्छता का संदेश दिया और समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। सभी वक्ताओं ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि माहवारी को सामाजिक स्वीकार्यता दिलाना है, ताकि महिलाओं का स्वास्थ्य और आत्मसम्मान दोनों सुरक्षित रह सके।

## सहकारी समिति से जुड़कर किसानों को मिलेगा लाभ: श्रीनिवास



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सतबरवा बारी कृषक उत्पादक संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की बैठक शनिवार को एकता कुमराही में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्रीनिवास चौधरी, सीईओ बलवंत कुमार और एकाउंटेंट संदीप कुमार ने किसानों को सहकारिता से जुड़ने और लाभ उठाने के बारे में विस्तार से बताया। श्रीनिवास चौधरी ने कहा कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य किसानों को एफपीओ से जोड़ना और अधिक सदस्य बनाना है, जिससे वे सहकारिता विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि धान, गेहूं, मक्का, अरहर, तील के बीज और यूरिया, डीएपी, किटनाशक दवा, नैनो यूरिया जैसी सामग्री एफपीओ के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों को महाजन के पास अनाज बेचने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि एफपीओ अच्छा दाम देगा। सीईओ बलवंत कुमार ने सदस्यता प्रक्रिया समझाते हुए कहा कि सदस्य बनने के लिए आधार कार्ड की फोटो कॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो, जमीन का रसीद और बैंक खाते की फोटो कॉपी के साथ 110 रुपये देना होगा। इसके बदले किसानों को सब्सिडी भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि 500, 1500 या 2000 रुपये के सदस्य बनने पर मधुपालन, लाह और उपज के लिए सहकारिता विभाग से आर्थिक सहायता भी मिलेगी। धान की अच्छी उपज होने पर राइस मिल, और मक्का की उपज बढ़ने पर आटा चक्की की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। अरहर की फसल पर भी सहकारिता विभाग के माध्यम से ज्यादा लाभ मिलेगा। सहकारी उत्पाद जैसे चावल, आटा और दाल पर सहकारिता विभाग का लोगो लगा होगा, जिन्हें बाजार में बेहतर मुनाफे के साथ बेचा जा सकता है। बैठक में एकाउंटेंट संदीप कुमार ने किसानों को सदस्य बनने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर किसान बनवारी यादव, सुखाड़ी यादव, इंद्रदेव, शंकर सिंह, पुनेश्वर यादव, बिरेंद्र सिंह, दिलीप सिंह, रमेश सिंह, नान्हु सिंह, जयमंगल यादव, ललीता देवी, सुरमा देवी, कृष्णा सिंह और सुरज यादव उपस्थित थे।

## आईआईटी में सफलता हासिल कर एकौनी के प्रशांत ने बढ़ाया क्षेत्र का मान



**15250 ऑल इंडिया रैंक व 3812 ओबीसी रैंक हासिल करने पर जनप्रतिनिधियों ने दी बधाई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लोटनिया के एकौनी गांव निवासी राजकुमार मेहता के पुत्र प्रशांत कुमार ने ऑल इंडिया आईआईटी प्रवेश परीक्षा में 15250वां रैंक तथा ओबीसी-एनसीएल श्रेणी में 3812वां रैंक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता पर उतरी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य राजू मेहता उर्फ एसपी मेहता सहित कई ग्रामीण उनके आवास पहुंचे और प्रशांत का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य ने कहा कि प्रशांत जैसी उपलब्धियां क्षेत्र के अन्य बच्चों को भी प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरित करेंगी। उन्होंने कहा कि खेती-बाड़ी से जीविकोपार्जन कर बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने वाले अभिभावक सचमुच सराहना के पात्र हैं। प्रशांत कुमार ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता के कठिन परिश्रम और अपने गुरुओं के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि पिता के त्याग और संघर्ष को शिक्षा और सफलता के माध्यम से चुकाया जा सकता है। इस मौके पर सुरेश मेहता, रामचंद्र मेहता, शिक्षक मनोज कुमार मेहता, सुबोध मेहता, विनय, अशोक मेहता समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## तापमान में बढ़ोतरी से अच्छी बारिश की उम्मीद



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** शनिवार को धूप-छांव के बीच गर्म हवा ने लोगों को परेशान किया। अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, और अगले सप्ताह में इसमें और वृद्धि की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, 41 डिग्री तक तापमान जा सकता है, जिससे लू चलने की आशंका बढ़ गई है। हालांकि किसानों को उम्मीद है कि इस मौसम के बाद अच्छी बारिश होगी, जिससे खरीफ फसलों की बोआई के लिए अनुकूल स्थिति बनेगी। भीमबराज जलाशय में पानी की पर्याप्त उपलब्धता भी राहतदायक है।

## भीषण गर्मी से प्रखंड वासियों की बढ़ी परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** भीषण गर्मी से हुसैनाबाद प्रखंड वासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों लगातार तापमान बढ़ता जा रहा है। शनिवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस लगभग रहा। बीते तीन दिनों से तापमान में अधिक गर्मी महसूस हो रही है। शनिवार को सुबह से सूरज चढ़ते ही उमस भरी गर्मी से लोग परेशान होने लग रहे है। सफर और अपने कार्यों को पूरा करने के लिए लोगों को धूप में निकलना पड़ा। लोग धूप से बचने के लिए विभिन्न प्रकार के उपाय करते रहे। आने वाले दो, तीन दिनों में लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। बारिश की संभावना नहीं है। प्रखंड में पड़ रही भीषण गर्मी के को लेकर डॉक्टर लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। दिन बढ़ने के साथ-साथ भीषण गर्मी से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। आलम यह है कि लोगों को चेहरे पर कपड़ा बांधकर एवं छाता लेकर घर से निकलना पड़ रहा है।

## अकीदत के साथ अदा की गई ईद-उल-जुहा की नमाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर शहर और ग्रामीण इलाकों में ईद-उल-जुहा (बकरीद) का त्योहार अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। मुसलमानों ने विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा कर एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी। इस पवित्र अवसर पर समाजसेवी डॉ. अमीनुल हक अंसारी, सरफराज अंसारी, सज्जू खान, राजू खान, अशरफ हसन, शमीम खान, शमीम राईन, नसीम राईन, गुड्डू खान, रॉबिन हुसैन, समीर, दानिश हुसैन समेत अन्य




लोगों ने हजरत इब्राहीम (अ) की कुबार्नी की सुन्नत को निभाते हुए जरूरतमंदों के बीच मांस, पैसे और अन्य सामग्री का वितरण किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह और सचिव पवन कुमार ने कहा कि ईद-उल-जुहा का त्योहार त्याग, समर्पण, और सामाजिक एकता का प्रतीक है। यह पर्व समाज में प्रेम, सम्मान और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करता है। त्योहार के मद्देनजर पूरे क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहा। एसडीओ गौरांग महतो और एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब के निर्देश पर विधि व्यवस्था चाक-चौबंद रही। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा, अंचलाधिकारी संतोष कुमार, थाना प्रभारी अफजल अंसारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अमरेश कुमार एवं प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह सहित प्रशासनिक अधिकारियों की टीम विभिन्न इलाकों में गश्त करती रही और स्थिति का जायजा लिया।

## सूर्य मंदिर, धर्मशाला व छठ पोखरा की भूमि अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर बैठक आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** सूर्य मंदिर परिसर, धर्मशाला और छठ पोखरा तालाब की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने को लेकर रविवार 8 जून को शाम 5 बजे सूर्य मंदिर परिसर में बैठक रखी गई है। बैठक की सूचना





प्रशासनिक अधिकारियों को भी दे दी गई है। स्थानीय नागरिकों ने आरोप लगाया है कि इन स्थानों की जमीन पर लंबे समय से अतिक्रमण है लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## सतबरवा व आसपास के क्षेत्रों में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई ईद-उल-अजहा

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** सतबरवा एवं आसपास के प्रखंड क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह जामा मस्जिद में 7:30 बजे और ताहा मस्जिद में 7:45 बजे नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना तौफीक आलम मिस्बाही ने कहा कि ईद-उल-अजहा का दिन कुबार्नी का प्रतीक है, जो हमें अपने अंदर की बुराइयो जैसे घमंड, नफरत और ईर्ष्या की भी कुबार्नी देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से आपसी प्रेम, एकता और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की, ताकि किसी अन्य संप्रदाय की भावना को ठेस न पहुंचे। करमा गांव स्थित जामा मस्जिद में मुफ्ती इकबाल हबीबी के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। इस मौके पर कारी कुतुबुद्दीन, मौलाना शाहिद रजा, सामाजिक कार्यकर्ता अबुल हसन उर्फ जुम्मन मियां, गुलाम मोहिउद्दीन, मकसूद आलम, मोहम्मद सरवर, तबरेज, हसीब, शकील, शाहनवाज आलम, नौशाद आलम, दिलनवाज आलम, अताउल्लाह, ताहिर फिरोज, अदनान अशरफ, शमसाद खान, मोजाहिद हुसैन, ताहा खान, तमशीर, समीर, अनीस, नासिर, सैफुल्लाह, राजा खान समेत बड़ी संख्या में लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। त्योहार के दौरान थाना प्रभारी विश्वनाथ कुमार राणा के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा और विधि-व्यवस्था बनाए रखी। ईद के अवसर पर जिप सदस्य सुधा कुमारी, प्रखंड प्रमुख रीमा देवी, उपप्रमुख कमाख्या नारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, अजय उरांव, प्रमोद यादव, महेश यादव, मुखिया निरत्मा कुमारी, रिंकी यादव, पुष्पा देवी, कलावती देवी, संतोष उरांव, गिरवर प्रसाद राम,रौशन कुमार उर्फ बिट्टू कुमार सामाजिक कार्यकताओं ने भी क्षेत्रवासियों को बकरीद की शुभकामनाएं दीं।

## बकरीद की रौनक में डूबा नीलाम्बर-पीताम्बरपुर अमन-चैन से अदा हुई ईदुल-अजहा की नमाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाम्बर-पीताम्बरपुर।** प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व पूरे आस्था, भाईचारे और शांतिपूर्ण माहौल के साथ मनाया गया। प्रखंड की सभी मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर ईदुल-अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद देश-प्रदेश की सलामती, अमन-ओ-खुशहाली के लिए दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद जगह-जगह कुबार्नी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसे पूरी शरई प्रक्रिया के तहत अंजाम दिया गया। कुबार्नी का गोश्त जरूरतमंदों में बांटकर त्योहार की असली रूह–इंसानियत और मिल-जुल कर बांटने का जज्बा–को प्रदर्शित किया गया। स्थानीय प्रशासन भी पूरी तरह से चौकस रहा। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता अपने पुलिस बल के साथ प्रमुख नमाज स्थलों पर निगरानी करते नजर आए और कानून व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे।

### ईद-उल-अजहा: कुबार्नी, भाईचारा व अमन-चैन का संदेश लेकर मनाया गया

# मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह मस्जिदों व ईदगाहों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे धार्मिक श्रद्धा, परंपरा और सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सुबह मस्जिदों और ईदगाहों में सामूहिक रूप से नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। कुबार्नी की सुन्नत अदा कर गरीबों व जरूरतमंदों में मांस एवं फल का वितरण किया गया। पर्व को लेकर प्रशासनिक सतर्कता भी पूरी तरह बनी रही। पुलिस बल की तैनाती के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अधिकारियों द्वारा क्षेत्र में भ्रमण भी किया गया। **वहीं नमाज के साथ भाईचारे का संदेश देता दिखा नौडीहा बाजार**

प्रखंड के तरीडीह पंचायत अंतर्गत महूरॉव जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और अमन-चैन की दुआ मांगी। शाहपुर, सर ईडीह, मडवा, कजरू समेत तमाम गांवों में सुबह होते ही नमाज अदा की गई।

### हुसैनाबाद में अकीदत व सौहार्द के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में ईद-उल-अजहा की नमाज शहर एवं ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, इमामन मस्जिद, इस्लामगंज, दातानगर ईदगाह, देवरी, सुखन बिगहा, फातमा चक, सूबेदार बिगहा सहित दर्जनों स्थानों पर नमाजियों की भीड़ उमड़ी। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, शशि कुमार, एजाज हुसैन, बसपा नेता शेर अली, डॉ. आफताब आलम सहित कई गणमान्य लोगों ने नमाज के बाद उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दीं। एसडीओ गौरांग महतो, एसडीपीओ मो. एस. याकूब, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी समेत पुलिस बल क्षेत्र में मुस्तैद रहे।



### चैनपुर में श्रद्धा के साथ हुई ईद की नमाज अदा

**चैनपुर।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में शनिवार को सुबह 7 से 8 बजे के बीच ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। बच्चे, युवा और बुजुर्ग साफ-सुथरे वस्त्रों में मस्जिदों व ईदगाहों की ओर रवाना हुए। इमाम साहब ने नमाज के महत्व और हजरत इब्राहीम की कुबार्नी की मिसाल पेश करते हुए त्याग और भक्ति का संदेश दिया। पर्व को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की थी।



### मोहम्मदगंज में अकीदत और भाईचारे के साथ मनी ईद-उल-अजहा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के कोसीआरा, रामबांध, तारा, सबनवा, कररिया, बटौवा और गोड़ाडीह में सुबह पहर में नमाज अदा कर मुसलमानों ने अमन और शांति की दुआ की। बाद में गले मिलकर एक-दूसरे को बधाई दी गई और कुबार्नी के बाद गरीबों में मांस वितरित किया गया। मुखिया अबूनसर सिद्दीकी, पंचम खान, कांग्रेस नेता अफरोज सिद्दीकी, ज्याउद्दीन खान, सत्यनारायण सिंह, उपप्रमुख नगीना सिंह, अश्विनी सिंह, शोभा देवी, उमेश राम, नीलेश्वर सिंह व उदय कुमार सिंह ने लोगों को बधाई दी और इसे सामाजिक समरसता का पर्व बताया। पुलिस प्रशासन की सतर्क निगरानी में पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



### सीमांत कुमार सिंह बने बैंगलोर के नए पुलिस कमिश्नर, रिश्तेदारों ने दी शुभकामनाएं



**छतरपुर।** बिहार के भागलपुर निवासी और रांची में जन्मे 1966 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सीमांत कुमार सिंह ने बैंगलोर के पुलिस कमिश्नर का पदभार संभाल लिया है। उनके ससुराल पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के भैरवाडीह गांव में है। कमिश्नर बनने की खबर से उनके साले समाजसेवी कैलाश सिंह और परिवार के विजय सिंह, संजय सिंह, प्रभु सिंह, दीनबंधु सिंह, बैजनाथ सिंह आदि ने हर्ष जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### "संकल्प से सिद्धि" की ओर एक मजबूत कदम

## भाजपा ने मनाया केंद्र सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों का उत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 11 वर्षों की पूर्णता के उपलक्ष्य में भाजपा जिला कार्यालय, पलामू में शनिवार को एक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने की, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की योजना और दिशा पर चर्चा की गई।
मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री, स्वराज सभा सांसद डॉ. प्रदीप वर्मा ने कहा कि "नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने बीते 11 वर्षों में देश का कायाकल्प करने का कार्य किया है। चाहे गांव, गरीब, मजदूर, किसान, स्वास्थ्य, चिकित्सा या टेक्नोलॉजी का क्षेत्र हो – सभी वर्गों को साथ लेकर भारत को एक सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित किया गया है।" उन्होंने कहा कि आज भारत की स्थिति इतनी सशक्त है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की सहमति के बिना कोई भी निर्णय लेना संभव नहीं है।
डॉ. वर्मा ने आगे कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए सरकार ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को सशक्त करने का कार्य किया है और "संकल्प से सिद्धि" की यात्रा को वास्तविकता में बदलने का मार्ग प्रशस्त किया है।
इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व सांसद मनोज भुइंयां, पूर्व विधायक पुष्पा देवी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम सिंह, अविनाश वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक और नरेन्द्र पांडेय सहित कई अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।
कार्यक्रम के अंत में आगामी अभियान और कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए गए और केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

# बाइक सवारों ने महिला के गले से सोने की चेन छीनी

● वारदात सीसीटीवी में कैद

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन रोड पर शनिवार को बाइक सवार अज्ञात चोरों ने दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। वारदात उस समय हुई जब महिला स्टेशन से अपने घर लौट रही थी। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।
पीड़िता रंजू देवी (उम्र 41 वर्ष), पति रणधीर कुमार, निवासी पूर्वी सूदना, ने शहर थाना में आवेदन देकर बताया कि वह शनिवार को रेलवे स्टेशन से पैदल घर लौट रही थीं। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों पर सवार तीन-चार युवक उनका पीछा करते हुए माधव पांडे किराना दुकान के सामने अनामिका आवास के बगल में पहुंचे और अचानक उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। रंजू देवी ने बताया कि उन्होंने कुछ दूर तक चोरों का पीछा करने की कोशिश की, लेकिन मोटरसाइकिल पर सवार होने के कारण वे चोर तेजी से भाग निकले। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पास के सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की प्रक्रिया शुरू की गई। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर अपराधियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस प्रकार की घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# संत मरियम स्कूल में 9वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए ग्रीष्मावकाश घोषित

● चेयरमैन ने छात्रों को तनावमुक्त होकर अवकाश का आनंद लेने की दी सलाह

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** संत मरियम विद्यालय ने कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मावकाश की घोषणा कर दी है। विद्यालय अब 23 जून (सोमवार) से पुनः पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार संचालित होगा। अवकाश की घोषणा से पहले विद्यालय में पी.टी.-1 परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।
इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि गर्मी की छुट्टियाँ केवल विश्राम का समय नहीं, बल्कि सीखने और आत्मविश्लेषण का भी अवसर होती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तनावमुक्त होकर अवकाश का आनंद लेने की सलाह दी और कहा कि यह समय खुद को तरोताज़ा करने, रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेने और परिवार के साथ गुणवत्ता पूर्ण समय बिताने के लिए उपयुक्त है।
देव ने छात्रों को अपने गांवों की ओर लौटने, ग्रामीण परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों को समझने तथा उनसे जुड़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से मिलने वाले अनुभव छात्रों को एक बेहतर और जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करेंगे।
उन्होंने सभी छात्रों को ग्रीष्मावकाश की शुभकामनाएँ देते हुए अपील की कि वे छुट्टियों के दौरान अपनी सुरक्षा का ध्यान रखें और विद्यालय खुलने के पश्चात समय पर उपस्थित होकर पढ़ाई में पूरी ऊर्जा से जुट जाएं।

## इस्लाम धर्मावलंबियों ने ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की, शांति का दिया संदेश

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) शांति एवं सौहार्द के साथ मनाया गया। सुबह 7 बजे से ही विभिन्न मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। इस पर्व को लेकर मुस्लिम समुदाय में गहरा उत्साह दिखा, और लोग समय से पहले ही मस्जिदों में पहुँचने लगे। मेदिनीनगर के जामा मस्जिद, छोटी मस्जिद, नूरी मस्जिद, मदीना मस्जिद, मिल्लत मस्जिद, मस्जिद ए हेरा, मदरसा अहसानुल् उलूम और अल्कसिम मस्जिद में निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। नमाज के बाद सभी धर्मावलंबियों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की बधाई दी और शांति एवं सौहार्द का संदेश साझा किया।
बकरीद पर्व के मद्देनजर मेदिनीनगर शहर और सदर थाना क्षेत्र में मस्जिदों के आस-पास सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए थे। मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। मेदिनीनगर मस्जिद कमिटी के अनुसार, जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे, छोटी मस्जिद में 6:15 बजे, नूरी मस्जिद में 6:30 बजे, मदीना मस्जिद में 7 बजे, मिल्लत मस्जिद में 7:15 बजे, मस्जिद ए हेरा में 7 बजे, मदरसा अहसानुल् उलूम में 5:40 बजे और अल्कसिम मस्जिद में 7 बजे नमाज अदा की गई।

# श्री सर्वेश्वरी समूह आश्रम में आयोजित हुआ प्राकृतिक चिकित्सा शिविर

● शिविर में 45 रोगियों का निःशुल्क इलाज किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** श्री सर्वेश्वरी समूह (अघोर आश्रम), सुदना स्थित आश्रम परिसर में शुक्रवार और शनिवार को मासिक प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस शिविर में धनबाद से आए नस रोग विशेषज्ञ वैद्य प्रदीप कुमार डागा ने प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति से 45 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया।
शिविर की शुरुआत वैद्य डागा ने परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम और पूज्य गुरुपद संभव राम जी के तैल चित्र पर पूजन-अर्चन कर की। सुबह से ही बड़ी संख्या में रोगी आश्रम परिसर में पहुँचने लगे थे और दिनभर इलाज का सिलसिला चलता रहा। वैद्य डागा ने बताया कि प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति एक अत्यंत प्रभावशाली तरीका है, जिसमें बिना दवाओं के इलाज संभव है। नस से जुड़ी बीमारियों का उपचार विशेष प्रकार की थेरेपी से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज लोग दर्द से राहत पाने के लिए भारी खर्च कर रहे हैं, जबकि प्राकृतिक चिकित्सा में 'दर्द से दर्द का इलाज' की पद्धति अपनाई जाती है। थोड़े समय के लिए सहन किया गया दर्द वर्षों पुराने दर्द को दूर करने में सहायक हो सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस उपचार पद्धति में परहेज़ अत्यंत आवश्यक है, और जो रोगी परहेज़ करते हैं वे शीघ्र स्वस्थ होते हैं।
शिविर के आयोजन के संबंध में प्रचार मंत्री अनुराग सिंह ने जानकारी दी कि श्री सर्वेश्वरी समूह की मेदिनीनगर शाखा द्वारा प्रत्येक माह की 6 तारीख को निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है। इस बार शिविर 6 और 7 जून को दो दिनों तक चला, जिसमें वैद्य डागा ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर के दौरान कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इनमें ब्राइट लैंड स्कूल की चेयरमैन एवं स्थानीय शाखा की उपाध्यक्ष रागिनी राय, श्री सर्वेश्वरी बाल वाटिका की प्राचार्य ज्योति बख्शी, विध्यांचल हॉस्पिटल के चेयरमैन मनीष सिंह, नवनीत सिंह, विवेक अजय बक्सराय, परमानंद मेहता सहित अन्य सदस्य शामिल थे।

## पुराना रांची रोड स्थित गोदाम में लगी आग, दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुराना रांची रोड स्थित एक गोदाम में शनिवार को अचानक आग लगने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। गोदाम से धुआं उठता देख स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया। सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोग गोदाम के आसपास जमा हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह गोदाम किस व्यवसायी का है स्पष्ट नहीं हो पाया। गोदाम में किस कारण से आग लगी, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। न ही अब तक किसी के हताहत होने की सूचना है। दमकल कर्मियों की तत्परता से आग पर जल्द काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। घटनास्थल पर पुलिस भी पहुंच चुकी है और मामले की जांच की जा रही है। आग से हुए नुकसान का आंकलन फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक टीम द्वारा किया जा रहा है।

### स्वामी दिव्यज्ञान की सुरक्षा पर खतरा : हृदयानंद मिश्र

**मेदिनीनगर।** वरिष्ठ अधिवक्ता व हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड सदस्य हृदयानंद मिश्र ने पत्रकार स्वामी दिव्यज्ञान की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है। उन्होंने पलामू डीसी के माध्यम से पत्र सौंपते हुए आशंका जताई कि दिव्यज्ञान को जान का खतरा है। मिश्र ने कहा कि दिव्यज्ञान ने संगठन की अंदरूनी सच्चाइयों को उजागर किया है, जिस पर वैचारिक नहीं, व्यक्तिगत प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं, जो खतरनाक संकेत हैं। सरकार से सुरक्षा की मांग की गई है।

### राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता की तैयारी, राजा मेदिनीराय तीरंदाज एकेडमी की बैठक

## आयोजन समिति का होगा गठन खिलाड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** राजा मेदनीराय तीरंदाज एकेडमी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को लता मंगेशकर चौक स्थित माटी कला बोर्ड के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बालकिशुन उरांव ने की, जबकि संचालन राजू प्रजापति ने किया। बैठक में कमिटी और कार्यकारिणी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।
बैठक में एकेडमी के महासचिव सतीश कुमार ने जानकारी दी कि पलामू जिले में पहली बार राज्य स्तरीय तीरंदाजी, कराटे, मार्शल आर्ट प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से प्रमंडल को राज्यस्तर पर विशेष पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता की सफलता के लिए आयोजन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें जिले के अधिकारी, व्यवसायी, मीडिया प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिक व्यक्तित्व शामिल होंगे। महासचिव ने बताया कि 27 जून को प्रमंडलीय झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। साथ ही जिले के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने राज्य से बाहर विभिन्न प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर पलामू का नाम रौशन किया है।
उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, अन्य मंत्री, सांसद और विधायक शामिल हो सकते हैं। साथ ही ओलंपिक चैंपियन दीपिका कुमारी, दीप्ती कुमारी और कुछ बॉलीवुड कलाकारों के भी शिरकत करने की संभावना है।
**बैठक में ये रहे उपस्थित :** बैठक में संतोष कुमार, दाऊद केरकेट्टा, बलराम उरांव, बिलंगना किंडो, क्ल्वेनसिया केरकेट्टा, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, रवींद्र भुइंया, गणेश रवि, दीपक गुप्ता, यज्ञनारायण मेहता, बसंत हेमरम, पुनिया टोपनो, संतन कुमार, आयुष कश्यप, नरेश सिंह, प्रभु चौधरी, प्रदीप सिन्हा, राजमणि सिंह, भरदुल भुइंया, जवाहर चौधरी, उमेश चौधरी, सुरेश जी, अरविंद चौधरी, रामनाथ बैठा समेत अन्य कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित थे।

## जिला टॉपर उषा रानी को मुखिया ने दी बधाई

**बालूमाथ।** गवर्नमेंट इंटर कॉलेज, बालूमाथ की छात्रा उषा रानी ने इंटरमीडिएट आर्ट्स परीक्षा 2025 में 500 में से 463 अंक (92.6%) प्राप्त कर लातेहार जिला में टॉप किया है। राज्य स्तर पर उन्हें पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। इस उपलब्धि पर बालूमाथ पंचायत के मुखिया नरेश लोहरा ने उनके आवास पहुंचकर मिठाई खिलाकर बधाई दी। मुखिया ने कहा कि यह न केवल बालूमाथ प्रखंड बल्कि पूरे लातेहार जिले के लिए गर्व का क्षण है। गांव की छात्रा द्वारा हासिल की गई यह सफलता अन्य ग्रामीण व शहरी छात्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने उषा रानी के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस मौके पर उषा रानी के पिता जयनाथ रवि (पारा शिक्षक), माता तारा देवी, बहन समेत परिजन उपस्थित थे। उषा रानी ने अपने लक्ष्य के बारे में बताया कि वह अधिकारी बनकर गांव, जिला और राज्य का नाम रोशन करना चाहती हैं। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



PR No. 354491 (Health Med Edu and Family Welfare) 2025-26

### युवाओं ने की गंगा आरती, गंगा दशहरा पर ऐतिहासिक पहल

# अब बनारस जैसी होगी कोयल तट पर आरती : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर मेदिनीनगर शहर में पहली बार स्थानीय युवाओं द्वारा पुरोहित बनकर गंगा आरती का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रथम महापौर अरुणा शंकर और नव जागृति संस्कृति आयाम के सौजन्य से कोयल रिवर फ्रंट पर सम्पन्न हुआ।
मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक क्षण है जब हमारे शहर के युवाओं ने खुद गंगा आरती की जिम्मेदारी निभाई। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब कोयल नदी तट पर बनारस, अयोध्या और ऋषिकेश की तर्ज पर हर रविवार को सायं 6 बजे गंगा आरती का आयोजन नियमित रूप से किया जाएगा।
उन्होंने आगे कहा कि कोयल रिवर फ्रंट को विकसित करने के पीछे यही भावना थी कि शहरवासी धार्मिक, सांस्कृतिक और पारिवारिक गतिविधियों का आनंद ले सकें। अब स्थानीय युवाओं की भागीदारी से यह सपना साकार होता नजर आ रहा है।
इस प्रथम गंगा आरती में युवाओं राहुल कुमार, आदर्श, सुशांत, दीपक और पुष्कर – ने पुरोहित की भूमिका निभाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। गंगा आरती को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।
कार्यक्रम में पूर्व वार्ड पार्षद चंचला देवी, धर्मेंद्र विश्वकर्मा और राहुल कुमार ने भी सक्रिय भूमिका निभाई और आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई बकरीद की नमाज, श्रद्धा, सुरक्षा व सौहार्द का अनूठा संगम



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** शनिवार की सुबह करीब 7:30 बजे चिनिया प्रखंड के विभिन्न मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में अदा की। चिनिया, रानीचेरी, खुरी, बेशरी, बरवाडीह, डोल और नावानगर की मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी, परंतु कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार के नेतृत्व में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। वे स्वयं मौके पर मौजूद रहे और प्रत्येक मस्जिद के आसपास की गतिविधियों पर नजर रखी। उन्होंने बताया कि पूर्व से ही संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी, जिससे लोग निडर होकर नमाज अदा कर सकें। स्थानीय लोगों ने पुलिस-प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि प्रशासन के सक्रिय सहयोग से त्योहार शांति और सौहार्द के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान एएसआई राधेश्याम कुमार, ओम प्रकाश कुमार, संतोष प्रसाद, बबन टुडू, सुखराव उरांव सहित पुलिस बल के जवान मुस्तैदी से ड्यूटी पर तैनात रहे।

## धुरकी में बकरीद की नमाज अकीदत के साथ अदा



**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नूरी मस्जिद सह जामा मस्जिद सहित क्षेत्र की अन्य मस्जिदों में शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज तय समय पर अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के पूर्व मस्जिद में विशेष व्यवस्थाएं की गई थीं, जिसमें ग्राउंड फ्लोर से लेकर ऊपरी मंजिल तक टेंट व सामियाने लगाए गए थे। पेशइमाम मौलवी ग्यासुद्दीन शम्सी ने सुबह 8 बजे जमात के साथ नमाज अदा कराई और खुतबा के दौरान मुल्क की सलामती, अमन और भाईचारे के लिए दुआ की। उन्होंने कहा कि वास्तविक कुबार्नी नफरत और बुराई का त्याग है। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

## मेराल में भी अकीदत के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह और विभिन्न गांवों में शनिवार सुबह मुस्लिम समुदाय ने शांतिपूर्ण वातावरण में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की। मुख्य ईदगाह में कारी कमालुद्दीन साहब ने नमाज अदा कराई, जबकि नूरी मस्जिद में हजरत गुलाम यासीन साहब ने तकरीर में एकता, शांति और कर्तव्य का संदेश



दिया। हासनदाग, तीसरटेटूका, गोबरदहा, लोवादाग, ओखरगाड़ा, चामा, दुलदुलवा, बाना, खुटैलिया आदि स्थानों पर भी नमाज अदा की गई। इस अवसर पर अतहर अली अंसारी, मुबारक अंसारी, अजीज अंसारी, सदर मुख्तार अंसारी, ताहिर अंसारी, फिरोज अंसारी, जफिर अंसारी, खालिद अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## केतार में अकीदत से मनाई गई बकरीद, प्रशासन रहा मुस्तैद

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र में बकरीद का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाया गया। केतार मस्जिद, बेलाबार-नावाडीह मस्जिद और पाचाडूमर ईदगाह समेत विभिन्न स्थानों पर मुस्लिम धर्मावलंबियों ने नमाज अदा की। त्योहार के दौरान समाजसेवी पंकज कुमार सिंह, मुखिया मूंगा साह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज अंसारी, मुखिया प्रमोद कुमार ने लोगों से मिलकर शुभकामनाएं दीं। कई जगहों पर पारंपरिक तरीके से कुबार्नी दी गई। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल व दंडाधिकारी तैनात रहे। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी खुद दल-बल के साथ गश्त पर रहे। समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि बकरीद समानता और भाईचारे का प्रतीक है। इस अवसर पर बीपीओ नीरज पाल, समीम अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, हकीमुद्दीन अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, अल्ताफ अंसारी, फुजैल अंसारी, रहमान अंसारी, समीप अख्तर समेत कई लोग उपस्थित थे।

# खरौंधी में ईद-उल-अजहा पर सौहार्द का माहौल, नमाज के बाद दी गई मुबारकबाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड क्षेत्र के मझिगावां, बजरमरवा, अंधरी, चंदनी, करिवाडीह, सेमरवा सहित विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में शनिवार को ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर शुभकामनाएं दीं। घरों में फातिहा पढ़ी गई और कुबार्नी दी गई। थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती और लगातार गश्त से शांति व्यवस्था बनी रही। मौके पर कलीम अंसारी, समसुद्दीन अंसारी, जाकिर हुसैन, पंचायत प्रतिनिधि सतीश राम, बीडीसी कृष्णा राम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# महिला ने की आत्महत्या, पति पर उत्पीड़न का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के कैलान झुरही टोला में शनिवार को 24 वर्षीय माया देवी (पति जलेंद्र सिंह) ने पारिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रजनी रंजन मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। महिला के मायकेवालों ने ससुराल पक्ष पर मारपीट व प्रताड़ना का आरोप लगाया है। फिलहाल थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं हुई है। थाना प्रभारी ने कहा कि आवेदन मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# शांति व भाईचारे के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आस-पास के क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय ने ईद-उल-अजहा का त्योहार अकीदत और हर्षोल्लास के साथ मनाया। गोसाईबाग, कुशदण्ड, बरडीहा, कोइन्दी, हुलहुला सहित विभिन्न ईदगाहों व मस्जिदों में नमाज अदा की गई। गोसाईबाग ईदगाह में मौलाना अब्दुल कादिर साहब ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। मौके पर झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय, जदयू नेता रविप्रकाश बबलू, प्रखंड अध्यक्ष अमरनाथ पांडेय, किरण देवी सहित कई लोग उपस्थित थे। विधायक अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से मिलकर ईद की शुभकामनाएं दीं। एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह और थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक लगातार भ्रमणशील रहे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए सभी ईदगाहों और मस्जिदों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इस अवसर पर तोहिद खान, शमीम खान, हाजी नेजाम खान, डॉ. ताहिर हुसैन, रिंकू, अप्पू, डब्लू, महफूज सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से मुंशी की मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढवा।** जिले के मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग गांव में शनिवार को एक ट्रैक्टर की चपेट में आने से ईंट भट्ठे के बुजुर्ग मुंशी की मौत हो गई। मृतक की पहचान हासनदाग गांव निवासी मुशन चौधरी (70) के रूप में हुई है। मुशन चौधरी गांव के ही चरकपथली के पूरब तरफ दानरो नदी किनारे स्थित चिमनी ईंट भट्ठे में काम कर रहे थे। ईंट भट्ठा चिरौजीया के गोपाल साव एवं मनदीप साव का बताया गया है। बुजुर्ग मुंशी को ट्रैक्टर का ट्रिप गिनने के कार्य में लगाया गया था। मिट्टी भराई का काम कई ट्रैक्टर और जेसीबी के माध्यम से किया जा रहा था। बताया जाता है कि मिट्टी भराई के कार्य में कई ट्रैक्टर लगे थे, ज्यादा ट्रिप लगाने के चक्कर में हारादाग निवासी मनोज प्रसाद गुप्ता का जॉन डियर ट्रैक्टर को बैक करने के दौरान मुशन चौधरी को धक्का लग गया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। भट्ठा मालिक द्वारा दुर्घटना की सूचना परिजनों को देते हुए इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे तभी उनके परिजन वहां पर आ गए और शंभू शाव पर हत्या का आरोप लगाते हुए मारपीट करने लगे। इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों के बीच बचाव से मामला शांत हुआ। घटना की सूचना मेराल थाना पुलिस को दी गयी। सूचना पर थाना प्रभारी विष्णु कांत दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं मामले की जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने शव को उठाने से रोक दिया। परिजन दुर्घटना करने वाले व्यक्ति को बुलाने की मांग पर अड़े थे। स्थानीय समाजसेवियों के जद्दोजहद के बाद ईट भट्ठा मालिक की ओर से मुआवजा देने की सहमति के बाद शाम पांच बजे थाना पुलिस की ओर से शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया।

# खूरी में बिजली चोरी करते पकड़े गए पांच लोग, प्राथमिकी दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** बिजली विभाग ने चिनिया थाना क्षेत्र के खूरी गांव में छापेमारी कर पांच लोगों को अवैध रूप से बिजली उपयोग करते हुए रंगे हाथों पकड़ा। इन सभी के विरुद्ध चिनिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कनीय अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में जिन पांच लोगों को पकड़ा गया, उनके नाम हैं:

1. राम प्रताप यादव
2. रघुनाथ साह
3. गुलाम रवानी
4. नसीम अंसारी
5. सलीम अंसारी

इन सभी पर विद्युत मीटर को बाईपास कर अवैध टेपिंग से बिजली चोरी करने का आरोप है। विभाग ने भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 के तहत कानूनी कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर ?12,700 का जुमार्ना भी लगाया है। छापेमारी दल में सहायक अभियंता निरंजन कुमार, संजीव कुमार, रामनंदन सिंह व सिमंत चंद्रवंशी भी शामिल थे। विभाग ने साफ किया कि बिजली चोरी रोकने का अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## भवनाथपुर कस्तूरबा विद्यालय का इंटर आर्ट्स में शत-प्रतिशत परिणाम

**भवनाथपुर।** कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय भवनाथपुर की छात्राओं ने इंटरमीडिएट कला परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की। विद्यालय की रीना कुमारी ने 356 अंक (71%) प्राप्त कर टॉपर बनीं, जबकि चांदनी कुमारी ने 343 अंक (68.6%) के साथ दूसरा और उनीला कंडुलना ने 339 अंक (67.8%) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की वार्डेन कविता कुमारी ने बताया कि परीक्षा में कुल 27 छात्राएं शामिल हुई थीं, जिनमें 13 प्रथम श्रेणी और 14 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुईं। उन्होंने इसे छात्राओं व शिक्षिकाओं की मेहनत का परिणाम बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## न्यूज बॉक्स

### केतार में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, खनन विभाग को भेजी रिपोर्ट

**केतार।** शनिवार को केतार थाना की पुलिस ने खोनहर गांव के पंडा नदी से अवैध बालू ढोते हुए एक महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त किया। पुलिस को देखते ही चालक फरार हो गया। ट्रैक्टर को थाना परिसर लाकर सुरक्षा में रखा गया है। थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने जिला खनन पदाधिकारी को विधिसम्मत कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन भेजा है। इस कार्रवाई से अवैध बालू कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

### श्राद्ध में मुखिया साह ने की आर्थिक मदद



**केतार।** प्रखंड के मुकुन्दपुर गांव निवासी स्वर्गीय मुरली बियार के श्राद्धकर्म में मुखिया मूंगा साह ने पहुंचकर आर्थिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने मृतक के परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की और श्राद्ध के लिए 50 किलो मैदा व नगद राशि देकर मदद की। गौरतलब है कि मुरली बियार को एक माह पूर्व पागल कुत्ते ने काट लिया था, पर आर्थिक तंगी के चलते सही इलाज नहीं हो सका, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। मौके पर महेंद्र चौबे, सुरजन गुप्ता, अखिलेश बियार, भरदूल बियार, विवेक गुप्ता, मंजेश गुप्ता सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। मुखिया मूंगा साह ने कहा कि वह गरीब और असहाय परिवारों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर हैं।

# पशु टीकाकरण अभियान को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मॉडल पशु चिकित्सालय परिसर में शुक्रवार को एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) एवं एलएसडी (लंपी स्किन डिजीज) टीकाकरण अभियान की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार यादव ने की। उन्होंने टीकाकरण कर्मियों को निर्देश दिया कि वे जनप्रतिनिधियों के सहयोग से अभियान को गति दें और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करें, अन्यथा लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि 19 जून से 17 जुलाई तक निःशुल्क टीकाकरण अभियान चलेगा, जिसमें मैत्री कार्यकताओं की भी सहभागिता रहेगी। बैठक में अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, साहिल कुमार सिंह, पटेल कुश कुमार, यशवंत दूबे, विकास पाण्डेय, अविनाश कुमार, विशाल कुमार, कपिल देव शर्मा, रोहित कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।



### भंडरिया में शोभायात्रा के साथ गंगा दशहरा पर्व संपन्न

# अंखड कीर्तन से भक्तिमय हुआ वातावरण

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरिया।** कंजिया मदगड़ी गांव में गंगा दशहरा पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। दोपहर तीन बजे बुध बाजार से आरंभ हुई शोभायात्रा विभिन्न गांवों से होकर पुनः वहीं समाप्त हुई। गुरुवार को पूजा की शुरूआत हुई थी, शुक्रवार से अखंड कीर्तन हुआ और शनिवार को शोभायात्रा निकाली गई। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसडीपीओ रोहित रंजन सिंह व थाना प्रभारी अभिजित गौतम मिश्र उपस्थित थे। मौके पर लव यादव, मनोज कुशवाहा, जगरनाथ ठाकुर सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।



## अनियंत्रित होकर खाई में गिरी टोटो तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल



नवीन मेल संवाददाता

**चतरा/कान्हाचट्टी।** कान्हाचट्टी प्रखंड के तुलबुल पंचायत अंतर्गत तमासिन जलप्रपात के पास एक यात्री भरी टोटो असंतुलित होकर खाई में जा गिरी। दुर्घटना में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जबकि टोटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के अनुसार महेश यादव की टोटो से गाड़िया निवासी कमोद देवी (पति-राजकुमार यादव), हेसाग निवासी जागेश्वरी देवी (पति-डेगन यादव) और नूनगांव निवासी सरिता देवी (पति-महेश यादव) समेत कुल सात लोग तमासिन जलप्रपात पूजा के लिए जा रहे थे। टोटो में तीन महिला और चार बच्चे सवार थे। जलप्रपात पहुंचने से पहले ही पुल के पास टोटो दिशा भ्रमित होकर खाई में गिर गई। हादसे की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को बाहर निकाला। घायलों को प्राथमिक इलाज के लिए इटखोरी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ से तीनों गंभीर महिलाओं को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### सवारी वाहन दुर्घटना में एक ग्रामीण की मौत

**लातेहार।** सरयू प्रखंड के पीरी-गनईखाड़ मार्ग के बीच एक सवारी वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में गनईखाड़ ग्राम के निवासी बलराम सिंह (40) की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग हल्की चोटें आई हैं। घटना के समय कई ग्रामीण सरयू बाजार से गनईखाड़ की ओर जा रहे थे। दुर्घटना जंगल के बीच हुई, जिसमें बलराम सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चंदवा में ट्रक चालक की पत्थर से कुचल कर निर्मम हत्या

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा (लातेहार)।** चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 75 रांची–मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर पन्नाटांड नदी के पास एक ट्रक चालक की बेरहमी से पत्थर से कुचल कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान 46 वर्षीय चंद्र भूषण मौवर, पिता तेजन मौवर, निवासी न्यू हाउसिंग कॉलोनी, आदित्यपुर, सरायकेला–खरसावां के रूप में की गई है।

जानकारी के अनुसार, मृतक ट्रक लेकर रांची से मेदिनीनगर जा रहा था। वह ट्रक में अकेला था। शनिवार की सुबह पन्नाटांड पुल के पास कुछ स्थानीय लोगों ने उसे सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल अवस्था में देखा। उसके सिर पर पत्थर से मारने के गंभीर निशान थे और ट्रक का अगला शीशा टूटा हुआ था। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी गई। घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा ले जाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सक डॉ. नीलिमा कुमारी ने प्राथमिक इलाज के बाद उसे रिम्स रांची रेफर कर दिया। मगर, रिम्स ले जाने के क्रम में ही रास्ते में चालक की मौत हो गई। पुलिस ने घटनास्थल पर निरीक्षण किया, जहां चालक का जूता और से सने पत्थर बरामद हुए हैं। ट्रक केबिन, बाएं हिस्से और पिछले भाग में भारी मात्रा में खून के निशान मिले हैं। इससे यह स्पष्ट है कि चालक की अत्यंत बेरहमी से हत्या की गई है। मृतक के ट्रक में सरिया लोड था। हत्या किन कारणों से और किन लोगों ने की, यह फिलहाल रहस्य बना हुआ है। पुलिस के लिए यह मामला चुनौती बन गया है और हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए जांच तेज कर दी गई है।

### पहाड़पुरी में महिला की हत्या, अंचल कार्यालय के चौकीदार पर लगा आरोप

**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के पहाड़पुरी मोहल्ले में एक महिला की संदिग्ध परिस्थिति में हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान 55 वर्षीय जतरी देवी, पति लालदेव उरांव के रूप में हुई है। वह चंदवा प्रखंड के गरदाग गांव की मूल निवासी थीं और वर्तमान में पहाड़पुरी में किराए के मकान में रहती थीं। घटना शुक्रवार की रात करीब दो बजे की है। मृतका की पुत्रवधु पुष्पा देवी ने आरोप लगाया है कि अंचल कार्यालय में कार्यरत चौकीदार पंचम उरांव ने उसकी सास की हत्या की है। पुष्पा देवी के अनुसार पंचम उरांव, जो मामा ससुर का बेटा है, अक्सर उनके घर आता-जाता था और खाना खाता था। शुक्रवार को भी वह रात को आया और खाना खाने के बाद सभी लोग सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी बीच पंचम उरांव अचानक गैस सिलिंडर उठाकर जतरी देवी पर हमला करने लगा। जब पुष्पा देवी ने बीच-बचाव किया तो पंचम ने उसके साथ भी मारपीट की, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई। घायल पुष्पा देवी का इलाज सदर अस्पताल में किया गया। हत्या की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को क जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पंचम उरांव को हिरासत में ले लिया है। शनिवार को शव का पोस्टमार्टम भी कराया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आरोपी से पूछताछ जारी है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है और मृतका के परिजन न्याय की मांग कर रहे हैं।

### विधायक प्रतिनिधि ने प्रभावित गांवों के स्कूलों का निरीक्षण किया

**लातेहार।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम के निर्देश पर नवनियुक्त डीवीसी प्रतिनिधि प्रभात कुमार ने शनिवार को प्रभावित गांवों व विस्थापित क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने स्कूलों का निरीक्षण किया और बताया कि स्कूल की छत जर्जर है तथा डिजिटल शिक्षा, पंखे और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं, जिससे बच्चों को शिक्षा ग्रहण में परेशानी होती है। उन्होंने बताया कि विधायक के निर्देशानुसार इन समस्याओं को डीवीसी प्रबंधन के समक्ष रखा जाएगा और सुधार के लिए प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने नेवाड़ी स्थित विद्यालय के विस्थापन की स्थिति भी जाना। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक शिक्षक तथा अन्य लोग मौजूद थे।

### आदिवासी जेठे जतरा कार्यक्रम में शिरकत किए झारखंड के लोकप्रिय विधायक रामचन्द्र सिंह, हुए सम्मानित



**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत सेमरबुढ़नी में आयोजित आदिवासी जेठे जतरा कार्यक्रम में झारखंड के लोकप्रिय विधायक एवं सभापति रामचन्द्र सिंह विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। विधायक के आगमन पर आदिवासी माताएं और बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आदिवासी गीत और नृत्य प्रस्तुत कर उनका जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक रामचन्द्र सिंह को महुआडांड़ अनुमंडल और मनिका विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए फिल्ड फायरिंग रेंज के सचिव जेरोम जेराल्ड ने मोमेंटो और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि इफ्तखार अहमद, उपप्रमुख व प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अभय मिंज, वरिष्ठ नेता रामनरेश ठाकुर, आदिवासी जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजित पाल कुजूर, महिला संघर्षशील नेता दयावानी बारला, पंचायत प्रमुख और हजारों आदिवासी माताएं-बहनों ने भाग लिया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

### विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति ने लातेहार परिसदन में समीक्षा बैठक की

**लातेहार।** झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में लातेहार परिसदन के सभागार में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सेवा का गारंटी अधिनियम 2011 और सूचना का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की समग्र समीक्षा की गई और अधिकारियों को योजनाओं को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। सभा में सामाजिक सुरक्षा, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य, परिवहन, कृषि, श्रम नियोजन और पुलिस विभाग से संबंधित मुद्दों की भी जांच की गई। सभापति ने कहा कि समिति भ्रमण कर सभी कार्यों का जायजा ले रही है और रिपोर्ट विधानसभा को सौंपेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक के बाद, सभापति ने सॉलिड एवं लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट के तहत 'क्लीन एंड ग्रीन लातेहार' सेंटर का निरीक्षण किया। इस अभियान के तहत जिले में कचरा प्रबंधन के लिए व्यापक कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें 950 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य कचरा मुक्त पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण है। बैठक में उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## जिले भर में भाईचारे व शांतिपूर्ण वातावरण के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा/गिद्धौर/प्रतापपुर/पत्थलगड़ा।** शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व चतरा जिला मुख्यालय से लेकर विभिन्न प्रखंडों तक पूर्ण श्रद्धा, भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मस्जिदों और ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भारी संख्या में पहुंचकर विशेष नमाज़ अदा की और देश की खुशहाली, अमन और भाईचारे की दुआ मांगी।

गिद्धौर, प्रतापपुर, पत्थलगड़ा सहित कई क्षेत्रों में सुबह से ही नमाज़ अदा करने का सिलसिला शुरू हुआ। नमाज़ के बाद एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी गई। इमामों ने ईद-उल-अजहा की अहमियत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पर्व हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है, जो इंसानियत, त्याग और अल्लाह के प्रति समर्पण का प्रतीक है। प्रतापपुर क्षेत्र के रबदा शरीफ, रामपुर, नीमा, कुकुरमन, सिद्की और गजवा सहित अन्य इलाकों में भी नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। पुलिस-प्रशासन पूरे दिन अलर्ट रही और सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे।

## वन भूमि पर अवैध कब्जा कर बना रहा था मकान, आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**चतरा।** वन्य प्रभाग चतरा के हंटरगंज रेंज अंतर्गत चकला गांव में वन भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बना रहे एक व्यक्ति को वन विभाग की टीम ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक की पहचान चकला निवासी सुरेश भारती के पुत्र वकील कुमार के रूप में हुई है।

हंटरगंज वन क्षेत्र पदाधिकारी सूर्यभूषण कुमार को सूचना मिली थी कि वन क्षेत्र की जमीन पर पेड़ काटकर कब्जा कर मकान निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर प्रभारी वनपाल मनीष कुमार, वनरक्षी अमरजीत टोप्पो और होमगार्ड जवान मौके पर पहुंचे। टीम को देख आरोपी भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया।

वन विभाग ने आरोपी के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

## कुंदा में भाजपा का एक दिवसीय बैठक सम्पन्न, सुशासन व गरीब कल्याण पर चर्चा

नवीन मेल संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक दिवसीय मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सिमरिया विधायक जनार्दन पासवान उपस्थित रहे। संचालन भाजपा नेता मनोज यादव ने किया। बैठक में मंडल प्रभारी विद्या सागर आर्य मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस दौरान ₹विकसित भारत - अमृतकाल सेवा₹, सुशासन और गरीब कल्याण जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही भाजपा सरकार के 11 वर्षों के कार्यों की समीक्षा की गई और आगे की रणनीति तय की गई। मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता ने कहा कि भाजपा हमेशा गरीब कल्याण और सुशासन के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तर पर चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों को जनता के बीच ले जाया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार जरूरतमंदों की सेवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है। साथ ही पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज यादव, जीतेंद्र सौंडिक, घनश्याम यादव, लवकुश गुप्ता, दिव्या भोक्ता, अजय यादव, रविंद्र भारती समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### भाजपा जिला कार्यशाला संपन्न

**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 11 वर्षों के विकास कार्यों को लेकर जिला कार्यशाला आयोजित की गई। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय चौबे मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि ने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के अंतिम पायदान तक विकास पहुंचाया है और इस कार्य को बूथ स्तर तक पहुंचाना जरूरी है। आगामी कार्यक्रमों में 10-11 जून को प्रेस वार्ता, 12-14 जून को विकसित भारत संकल्प सभा, 17-21 जून तक योग शिविर, ग्राम स्तर पर चौपालें आयोजित की जाएंगी। जिला अध्यक्ष ने बताया कि 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस मनाया जाएगा, 24 जून को भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन और 25 जून को आपातकाल पर सेमिनार का आयोजन होगा। साथ ही वृक्षारोपण अभियान भी चल रहा है। कार्यशाला का संचालन महामंत्री बंसी यादव ने किया और धन्यवाद ज्ञापन अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष पिंटू रजक ने किया।

### लोहरसी में 21 पड़हा सम्मेलन 11 जून को



**चंदवा।** माल्हन पंचायत अंतर्गत लोहरसी देवनदिया पड़हा राज गांव में आदिवासी समाज की सभ्यता और संस्कृति को पुनः जागृत करने के उद्देश्य से आगामी 11 जून को 21 पड़हा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति की बैठक हुई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के साथ-साथ विभिन्न कार्यों का दायित्व सौंपा गया। मुखिया जतरू मुंडा और आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि आज का समाज अपनी मूल सभ्यता और परंपराओं से विमुख होता जा रहा है। ऐसे में यह सम्मेलन लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक प्रयास है। सम्मेलन में 21 पड़हा ग्राम के लोग शामिल होंगे। आयोजन में आदिवासी समाज के प्रबुद्धजन अपनी संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज और समाज की विशेषताओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डालेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा।

## जिप सदस्य ने भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का फीता काटकर उद्घाटन किया

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय के सामने टीवीएस शोरूम के पास शनिवार को भवानी कंप्यूटर एंड स्टूडियो का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जिप सदस्य ने कहा कि बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के समीप यह स्टूडियो खुलने से ग्रामीण जनता को ऑनलाइन फोटो व अन्य कार्यों में सहूलियत होगी। दुकान के संचालक एवं पूर्व भाजपा मंडल महामंत्री सरवन प्रसाद गुप्ता ने बताया कि अब जमीन संबंधी, जाति प्रमाण पत्र, स्थानीय पहचान पत्र जैसे ऑनलाइन दस्तावेज़ निकालने के लिए लोगों को भटकना नहीं पड़ेगा क्योंकि यहां सभी ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध होंगी। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, रामजी सिंह, राजकुमार पाठक, रामकुमार गुप्ता, विजय यादव सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# ईदगाह व मस्जिदों में अकीदत व एहतेराम के साथ अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, मांगी गई मुल्क में अमन व शांति की दुआ

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) की नमाज श्रद्धा एवं सम्मान के साथ अदा की गई। इस मौके पर देश में अमन, शांति और तरक्की के लिए विशेष दुआ मांगी गई। बालूमाथ ईदगाह में मौलाना मजहर ने ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पैगम्बर हजरत इब्राहिम को अल्लाह ने अपने सबसे प्यारे पुत्र को कुर्बान करने का आदेश दिया था। अल्लाह के हुक्म पर उन्होंने अपने 13 वर्षीय पुत्र को कुर्बान करने की तैयारी की, लेकिन अल्लाह को उनकी भक्ति और समर्पण पसंद आया और यह परंपरा मुसलमानों के लिए त्योहार का रूप ले ली।

जामा मस्जिद में मौलाना अताउल्लाह ने नमाज अदा कराई। इसके अलावा मासियातू, मूरपा, शेरेगड़ा, बालू, धाधु, मकैयाटाड़, जर्री, मारंगलोइया समेत तमाम मस्जिदों में श्रद्धा और अकीदत के साथ ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद लोग एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों में भी बकरीद को लेकर उत्साह देखा गया। मुस्लिम यूथ कमिटी ने सदर मुजम्मिल हुसैन के नेतृत्व में ईदगाह को नमाज के लिए पूरी तरह तैयार करवाया। ईदगाह के प्रवेश द्वार पर तोरण द्वार और मुबारकबाद के बैनर लगाए गए थे। डीसी और एसपी के निर्देश पर सभी संवेदनशील इलाकों में शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार संपन्न कराने के लिए ईदगाह, मस्जिदों पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

### चंदवा में अकीदत के साथ मनाया गया बकरीद का पर्व



**चंदवा।** त्याग और बलिदान का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को चंदवा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत और सादगी के साथ मनाया गया। इस मौके पर प्रखंड की जामा मस्जिद, मदीना मस्जिद, फातिमा मस्जिद, शुक्रबाजार अलौदिया, कामता, कुजरी, बेलवाही, बोदा, चकला, ब्राह्मणी, हुचलू, सेरक, रामपुर, मालहन सहित सभी मस्जिदों में निर्धारित समय पर विशेष नमाज अदा की गई। नमाज में हजारों की संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने शिरकत की। इस दौरान देश-दुनिया में अमन-चैन, आपसी भाईचारा और समृद्धि के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और गिले-शिकवे भुलाकर एकता का संदेश दिया। बकरीद के अवसर पर परंपरा अनुसार कुर्बानी की रस्म भी अदा की गई। इस पर्व के माध्यम से हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद ताजा की जाती है, जो निस्वार्थ सेवा, भक्ति और मानवता का प्रतीक है। यह त्योहार समाज में आपसी सहयोग, समर्पण और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है। बकरीद को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, बीडीओ चंदन प्रसाद एवं थाना प्रभारी रणधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी प्रमुख मस्जिदों और चौक-चौराहों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके अतिरिक्त प्रखंड प्रशासन द्वारा मजिस्ट्रेट की नियुक्ति भी की गई थी।

### ईद उल अजहा पर सरईडीह में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, दंडाधिकारी पुलिस बल तैनात



**बेतला।** ईद उल अजहा (बकरीद) के पावन अवसर पर बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए। थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई, ताकि नमाज शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

सरईडीह स्थित अजीजिया मस्जिद के पास प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी रामनाथ यादव, स्थानीय पुलिस पदाधिकारी और जवान मुस्तैदी के साथ तैनात रहे। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रही।

नमाज अदा करने के उपरांत मुस्लिम समुदाय के लोगों ने वहां मौजूद पदाधिकारियों और जवानों से मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी तथा प्रशासन के सहयोग और व्यवस्था की सराहना की।

इस अवसर पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव ने सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए अपील की कि सभी लोग आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मिल-जुलकर त्योहार को मनाएं। उन्होंने कहा कि त्योहार का असली संदेश यही है कि हम एक-दूसरे के सुख-दुख में सहभागी बनें और समाज में शांति एवं प्रेम बनाए रखें।

### लोहरदगा नगर क्षेत्र गंदगी व गड्ढों की चपेट में, मच्छरों का कहर बना स्वास्थ्य संकट

# स्थानीय प्रशासन की अनदेखी से नाराज नागरिकों ने दी आंदोलन की चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा नगर क्षेत्र इन दिनों बदहाल सफाई व्यवस्था, अधूरे नाले और सड़कों के किनारे लंबे समय से खुदे गड्ढों के चलते गंभीर संकट का सामना कर रहा है। खास तौर पर बीआईडी, छतर बगीचा मोड़ से लेकर मिशन चौक तक एनएच पथ के किनारे कई स्थानों पर खुदे गड्ढे स्थानीय नागरिकों की परेशानी का कारण बन चुके हैं।

सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति यूनियन बैंक के पास देखी जा सकती है, जहां करीब दो वर्षों से एक गड्ढा यूं ही खुला पड़ा है, जिसपर नाली निर्माण होना था। लेकिन राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के ठेकेदार की लापरवाही से यह काम अधूरा छोड़ दिया गया है। इन गड्ढों में गंदा पानी भर जाने से बदबू तो फैल ही रही है, साथ ही मच्छरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की आशंका से लोग डरे हुए हैं। इसके बावजूद नगर परिषद और एनएच विभाग की ओर से अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है।



#### बस्तियों की हालत बदतर होती जा रही है

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर परिषद हर माह सफाई शुल्क वसूल करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर सफाई व्यवस्था बेहद लचर है। फॉगिंग मशीनें सिर्फ वीआईपी इलाकों तक सीमित हैं, जबकि आम बस्तियों की हालत बदतर होती जा रही है। व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से माँग किया है कि सभी अधूरे गड्ढों को तत्काल भरा जाए। पूरे शहर में नियमित रूप से फॉगिंग की व्यवस्था की जाए। सफाई व्यवस्था में सुधार लाया जाए। लापरवाह अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई हो। वही लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे। अब देखना यह होगा कि नगर प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कितना गंभीर रुख अपनाता है और जनहित में कितनी तत्परता से कदम उठाया जाता है।

## शोकाकुल परिवार से मिले पूर्व रास सांसद धीरज साहू



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** कुडू प्रखंड क्षेत्र के विश्रामगढ़ गांव निवासी गोपाल प्रसाद साहू का निधन बीते दिनों हो गया था। स्व.गोपाल प्रसाद साहू के श्राद्ध कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू विश्रामगढ़ गांव पहुंचकर स्व. गोपाल प्रसाद साहू के चित्र पर पुष्प अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा शोकाकुल परिवारों से मिलकर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवारों के साथ है। मौके पर शोक व्यक्त करने वालों में बड़की चाँपि पंचायत के समाजसेवी सह प्रसिद्ध व्यवसायी उदय कुमार गुप्ता,पेशरार के पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष विनोद सिंह खेरवार, पूर्व विधायक प्रत्याशी अवधेश उराँव, व्यवसायी रवि कुमार साहू, कुश कुमार, रितेश कुमार, स्वतंत्र कुमार, प्रियांशु कुमार, श्रवण कुमार, इत्यादि उपस्थित थे।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के नंदनी पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से किस्को थाना क्षेत्र के बेठहट गांव निवासी बिगू उरांव के पुत्र सुजीत उरांव (22 वर्ष) गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सुजीत को रांची रिम्स रेफर कर दिया है। बता दें कि सुजीत अपने मोटरसाइकिल अपने गांव बैठहट जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने टक्कर मार फरार हो गया। इससे सुजीत के शरीर में काफी चोटें आई है। जिसे प्राथमिक उपचार के उपरांत रिम्स रेफर कर दिया गया।

# अकीदत व एहतराम के साथ अदा की गई विशेष नमाज व दी गई कुर्बानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**कैरो/लोहरदगा।** मुस्लिम समुदाय का त्याग, बलिदान और समर्पण का पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) शनिवार को कैरो प्रखंड समेत आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उल्लास के साथ शांतिपूर्वक मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समाज के लोग नए वस्त्र पहनकर सिर पर टोपी लगाए मस्जिदों और ईदगाहों की ओर रवाना हुए, जहां उन्होंने सामूहिक रूप से विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद देश और दुनिया में अमन-शांति, सौहार्द और भाईचारे की दुआ की गई। एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई और अल्लाह की राह में कुर्बानी दी गई। प्रमुख नमाज स्थलों में कैरो, हनहट, नरौली, चरिमा, गराड़ीह, गितिलगढ़, उतका, नगजुआ और नगड़ा की मस्जिदें व ईदगाह शामिल रहीं। कैरो ईदगाह में नमाज से पूर्व मौलाना नुरुल हसन ने संबोधित करते हुए कहा कि कुर्बानी में दिखावा नहीं, बल्कि तक़्वा (परहेजगारी और अल्लाह से डर) होना चाहिए। उन्होंने पैगंबर हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम और उनके पुत्र हज़रत इस्माइल की कुर्बानी की ऐतिहासिक घटना का उल्लेख करते हुए बताया कि किस प्रकार शैतान के बहकावे में आए बिना उन्होंने अल्लाह के हुक्म का पालन किया।त्योहार को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सभी प्रमुख इबादतगाहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

### मस्जिदों व ईदगाहो में अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज



**कुडू।** त्याग और बलिदान का पर्व ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज़ प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायतों के मस्जिदों और ईदगाहों में शनिवार को निर्धारित समय पर सौहार्द्रपूर्ण वातावरण और अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज़ अदा करने के बाद जामा मस्जिद के इमाम जनाब अब्दुल हसीब काशमी ने खुतबा सुनाया और विशेष दुआ कराई जिसमे अल्लाह के सामने हाथ फैला कर सुख समृद्धि, अमन, शांति आपसी भाईचारा और मुल्क की तरक़्क़ी के लिए दुआएं कराई। इसके उपरांत सभी ने एक दूसरे से गले मिल कर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। नमाज अदायगी के बाद रीति रिवाज और परंपरा के अनुसार कुर्बानी की रस्म अदा की गई। त्योहार में किसी तरह का खलल न पड़े इसको लेकर क्षेत्र में सीओ मधुश्री मिश्रा, थाना प्रभारी मनोज कुमार सुरक्षा की कमान थामे हुए थे। सभी मस्जिदों और ईदगाह में सुरक्षाकर्मी मुस्तैद रहे वहीं भीड़भाड़ वाली जगहों, चौक चौराहों पर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों तैनात रहे।

### बकरीद की धूम, एक दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद



**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र में मुस्लिम धर्मावलंबियों का पाक पवित्र त्यौहार ईद-उल-अजहा शांति पूर्वक हर्षोल्लास के साथ शांति पूर्ण मनाया गया। जिसे ईद-उल-अजहा के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों एव ईदगाह में निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई. ईद-उल-अजहा की नमाज तोड़ार, भंगाडी, झखरा, भड़गांव, कल्हेपाट, अरु, बांधटोली, सेन्हा, उगरा, झालजमीरा, सेरेंगहातु, तोड़ार सहित प्रखंड क्षेत्र के अन्य सभी गांवों के मस्जिद एवं ईदगाह में नमाज अदा किया गया। नमाज के पश्चात गुनाहों से मगेफरत एवं देश की तरक्की व खुशहाली तथा अमन चैन के लिए दुआएं मांगी गई। नमाज अदा करने के पश्चात सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद-उल-अजहा के मौके पर एक दूसरे को मुबारकबाद दिया। ईद-उल-अजहा की नमाज अदा करने के लिए बच्चे,बूढ़े बुजुर्ग और नवजवान सभी कोई अपने अपने नजदीकी मस्जिदों पहुंचे हुए थे। अरु बांध टोली,सेन्हा ईदगाह में नूरी जमा मस्जिद के इमाम हाफिज गुलाम मुस्तफा,गौसिया मस्जिद सेन्हा में मौलाना सफी अहमद, अंबिया मस्जिद में हाफिज वसीम अंसारी ने नमाज पढ़ाया और दुआ मांगे।

## भाजपा के 11 वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्यशाला आयोजित

- 9 जून से 9 जुलाई तक चलने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा पर हुआ विचार-विमर्श

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** भाजपा के शासन के 11 गौरवपूर्ण वर्षों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बख्शीडिपा स्थित जिला कार्यालय सभागार में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। "विकसित भारत का अमृतकाल – सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" थीम पर आधारित इस अभियान की सफलता हेतु कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। कार्यशाला के मुख्य वक्ता भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज ने कहा कि भाजपा केवल सत्ता नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों के लिए भी लगातार संघर्ष करती रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी न केवल जनसेवा बल्कि पर्यावरण की चिंता भी करती है। इसी दिशा में कार्यकर्ताओं द्वारा इस महीने की शुरुआत एक विशेष अभियान "वृक्ष मां के नाम" से की गई है, जिसमें वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। उन्होंने बताया कि 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा शहादत दिवस पर एसटी मोर्चा के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा मंडल स्तर पर प्रोफेशनल मीट, प्रदर्शनी, डिजिटल प्रतियोगिता (बदलता भारत - मेरा अनुभव), संकल्प सभा, चौपाल, आयुष्मान पंजीकरण, योग प्रशिक्षण, बलिदान दिवस कार्यक्रम, आपातकाल स्मरण और हूल दिवस जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिलाध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि भाजपा संगठन हर स्तर पर गरीबों और जरूरतमंदों की समस्याओं को उठाता रहा है। कार्यशाला को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, एवं कार्यक्रम संयोजक नवीन कुमार टिंकू ने भी संबोधित किया। संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस ने किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सरिता देवी ने किया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजकिशोर महतो, भाजयुमो प्रदेश मंत्री अजातशत्रु, बालकृष्णा सिंह, हर्षनाथ महतो, अजय कुमार पंकज, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मिथुन तमेड़ा, सुरेश बैठा, राजकुमार मुंडा, अशोक साहू, विक्की कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूलों में नशा मुक्ति की नई मुहिम

## 130 विद्यालयों में 'प्रहरी क्लब' सक्रिय, 9 जून से जागरूकता कार्यक्रमों की शृंखला

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** जिले के किशोरों को नशे के खतरे से दूर रखने के लिए शिक्षा विभाग ने कक्षा 9 से 12 तक के 130 माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में 'प्रहरी क्लब' के माध्यम से सशक्त अभियान की शुरुआत कर दी है। शनिवार को उर्सुलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यशाला-cum-प्रशिक्षण में सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों व दो-दो वरीय शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया।

कार्यशाला का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी कविता खलखो, जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम ख़ां तथा एडीपीओ ज्योति खलखो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक अपने-अपने विद्यालयों में प्रहरी क्लब के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को मादक पदार्थों के सामाजिक, शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव समझाएंगे और स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित करेंगे। प्रहरी क्लब की संरचना में प्रधानाध्यापक, दो वरीय सहायक शिक्षक व तीन विद्यार्थी सदस्य शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में नशे के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की भावना विकसित करना है। जिला प्रशासन की इस पहल को स्कूल प्रबंधन समितियों, अभिभावकों और समुदाय से व्यापक सहयोग मिलने की उम्मीद जताई गई है।

### उपायुक्त ने मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना व पेंशन योजनाओं की समीक्षा

# छुटे हुए लाभुकों का करें भौतिक सत्यापन : डॉ ताराचंद

- जिनका आधार लिंक बैंक खाता से नहीं हुआ है उनका भी लिंक कराएं

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचन्द ने सामाजिक सुरक्षा विभाग की बैठक की। इस बैठक में उपायुक्त द्वारा केन्द्र संपोषित और राज्य संपोषित पेंशन योजनाओं में लाभुक की अहर्ता और उसे दी जाने वाली राशि से संबंधित जानकारी ली। इसमें सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि लाभुकों को फण्ड की उपलब्धता के अनुसार चिन्हित माह का पेंशन भेजा जा चुका है। उपायुक्त ने महिला लाभुकों को चिन्हित करते हुए राज्य सरकार के आदेशोपरांत पोर्टल खुलने पर उन्हे मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना से आच्छादित करने का निर्देश दिया। राज्य संचालित पेंशन योजनाओं में स्वामी विवेकानन्द निःशक्त स्वावलम्बन प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य आदिम जनजाति पेंशन योजना, एच0आई0भी एड्स पीड़ित व्यक्ति सहायतार्थ पेंशन योजना की समीक्षा की गई। केन्द्र प्रायोजित योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना शामिल है। उपायुक्त ने बैठक में लोहरदगा जिला में मंईयां सम्मान योजना में लाभुको का सत्यापन अयोग्य पाये लाभुक समेत अन्य बिन्दुओं पर समीक्षा की। इसमें पाया गया कि कई लाभुकों का आधार नम्बर उनके बैंक खाता से लिंक नहीं हो पाया है जिसका कारण लाभुक का आधार इनेक्टिीव होना बताया गया। डीपीओ यूआईडी को आधार एक्टीव कराने के लिए सभी संबंधित लाभुको के पंचायतों में मुखिया से समन्वय बनाते हुए आधार अपडेशन का शिविर आयोजित करने और बैंक से समन्वय बनाते हुए बैंक खाता को आधार नम्बर से लिंक कराने का निर्देश दिया। शिविर की तिथियाँ तय कर इसकी जानकारी मुखिया को सूचित करने का निर्देश दिया गया ताकि इसकी सूचना प्रत्येक लाभुक और ग्रामीणों को हो जाय। सहायक निदेशक समाजिक सुरक्षा द्वारा विभिन्न प्रखण्डों में लाभुको के लंबित भौतिक सत्यापन की जानकारी दी। उपायुक्त ने कहा कि लाभुको का सत्यापन ध्यानपूर्वक किया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं हो। बैठक में सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक प्रमोद दास, जिला पंचायत राज पदाधिकारी अंजना दास, डीपीओ यूआईडी देवप्रकाश विक्की, उपस्थित थे।

### उपायुक्त व एसपी ने कम्पोजिट कंट्रोल रूम व जिला के विभिन्न क्षेत्रों का का किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने ईद-उल-अजहा को लेकर बनाये गए कम्पोजिट कंट्रोल रूम और जिला के विभिन्न चौक-चौराहों का औचक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कम्पोजिट कंट्रोल रूम में सीसीटीवी के जरिए रखी जा रही निगरानी का अवलोकन किया और रोस्टर अनुसार मौजूद दंडाधिकारियों व कर्मियों से शहर के स्थिति की जानकारी ली। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी का निर्देश दिया। साथ ही, सतर्कता के साथ पंजी संधारण का भी निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी भी साथ मे मौजूद रहे। उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने इसके बाद जिला के विभिन्न क्षेत्रों व चौक-चौराहों का निरीक्षण किया और दंडाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों को जिला में सख्ती से विधि-व्यवस्था संधारित कराए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर कंट्रोल रूम की वरीय पदाधिकारी भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुजाता कुजूर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, नजारत उप समाहर्ता अभिनीत सूरज, नगर परिषद प्रशासक मुक्ति किड़ो व अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### उपायुक्त ने इन्टर कला व वाणिज्य संकाय के छात्राओं को किया गया सम्मानित



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचन्द ने झारखंड अधिविद्यय परिषद द्वारा आयोजित इन्टरमीडियट 2025 के कला संकाय में लोहरदगा जिले की ओर से प्रथम तीन स्थानों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह एवं शॉल ओढाकर सम्मानित किया। प्रथम स्थान पर डॉ अनुग्रह नारायण प्लस टू उच्च विद्यालय कैरो की छात्रा शिवानी कुमारी, द्वितीय स्थान पर केजीबीवी किस्को की छात्रा नुरशब्बा खातून और तृतीय स्थान पर लालबहादुर शास्त्री उच्च विद्यालय भण्डरा की छात्रा चंचल साहू हैं। इनके अलावा वाणिज्य संकाय में लोहरदगा जिले की ओर से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा जारा महविश को भी उपायुक्त द्वारा सम्मानित किया गया। जारा महविश लोहरदगा जिला के ईआईएमए कॉलेज मन्हो की छात्रा हैं। इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी छात्राओं से उनके पंसदीदा कैरियर से संबंधित जानकारी ली। उन्होने ने कहा कि 12वी की परीक्षा पास करने के उपरांत कैरियर के बहुत सारे विकल्प खुले है।

### रांची में फ्लाईओवर का निर्माण से विकास को गति व आम जनो को भीड़ से मिलेगी निजात : युवा नेता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमिटी के युवा नेता रामाधार पाठक ने बयान जारी कर कहा कि तत्कालीन सरकार के विकास की गति को देखकर विपक्ष घबरा गई है और भोले भाले आदिवासी के नाम पर राजनीति कर रही है। सिरमटोली फ्लाईओवर के मामले में उन्होंने कहा कि सरना स्थल व आदिवासी भाइयो को किसी भी तरह की समस्या फ्लाईओवर से न हो इस बात को लेकर सकात्मक बात चीत की जा सकती है। किन्तु विपक्ष इस बात का तिल का ताड़ बना रही है। साथ ही हमारे कुछ कांग्रेसी नेतागण भी उनके बहकावे में आ रहे हैं। पूर्व वित्त मंत्री को इस बात का स्मरण होनी चाहिये कि आदिवासी के हितों की रक्षा सिर्फ यूपीए गठबंधन की सरकार ही कर सकती है। हमारी सरकार इस बात का भी ध्यान रखती है कि किसी भी धर्म को आहत न किया जाय। इस स्थिति में डॉ0 रामेश्वर उरांव का इस तरह का बयान आना पार्टी के अंदर विवाद खड़ा कर सकती है। डॉ. रामेश्वर उरांव कांग्रेस के वरीय नेता हैं और झारखंड मुक्ति मोर्चा कांग्रेस के साथ गठबंधन में प्रदेश में सरकार चला रही है। इस स्थिति में अनर्गल बयानबाजी से माननीय को बचना चाहिए। श्री पाठक ने कहा कि कुछ लोग ओछी राजनीति करते हैं। सस्ती लोकप्रियता के लिए आदिवासियों का इस्तेमाल किया जा रहा है लेकिन यह हमारी सरकार की फितरत नहीं है। फ्लाईओवर को कार्तिक उरांव सेतु का नाम दिया गया है इससे स्पस्ट होता है कि हमारी सरकार आदिवासी हितो के लिए कृत संकल्पित है।

### ग्राइंडर मशीन से युवक का कटा हाथ, रिम्स रेफर

**लोहरदगा।** जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरेंगहातु गांव में छत की ढलाई के लिए ग्राइंडर मशीन से छड़ कटिंग करने के दौरान ग्राइंडर मशीन से मिस्त्री का हाथ कट गया। जिसकी पहचान सेरेंगहातु निवासी करमा लोहरा पिता स्वर्गीय राजेश लोहरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा ग्राइंडर मशीन से छड़ कटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान ग्राइंडर मशीन से हाथ आधा से ज्यादा कट गया। जिसे लोगों के सहयोग से लोहरदगा सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचाया गया। जहां से मरहम पट्टी करते हुए स्थिति गंभीर होने पर बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।

### चलती ट्रेन के सीढ़ी में बैठा युवा घायल

**लोहरदगा।** कुडू थाना क्षेत्र के बोदा स्टेशन में सासाराम ट्रेन से लोहरदगा आ रहा एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसे आरपीएफ द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार गढ़वा निवासी 26 वर्षीय बबलू कुमार सासाराम ट्रेन पर सवार हो लोहरदगा स्टेशन आ रहा था। इसी क्रम में वह बोगी के सीढ़ी में बैठकर सफर कर रहा था,जैसे ही ट्रेन ने बोदा स्टेशन में प्रवेश की। युवक का पैर प्लेटफार्म से टकराकर चोटिल हो गया, जिससे युवा गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद आरपीएफ की टीम ने युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

### घर ढोल-नगाड़े के साथ इश्तहार तामील कोर्ट में सरेंडर नहीं करने पर होगी कुर्की



**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम दत्तरा में को कांड संख्या 1092/2023 के स्थायी वारंटी रोशन जायसवाल पिता रामदेव जायसवाल के घर ढोल-नगाड़े के साथ विधिवत इश्तहार तामील किया गया। रोशन जायसवाल, जो दत्तरा पोस्ट हरा के निवासी हैं, पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406 और 420 के तहत आरोप लगाए गए हैं। यह कार्रवाई एसआई विजय उरांव के नेतृत्व में थाना जवानों और ग्रामीणों की उपस्थिति में की गई। इश्तहार के माध्यम से रोशन जायसवाल को यह सख्त हिदायत दी गई है कि वे जल्द से जल्द न्यायालय में जाकर आत्मसमर्पण करें, अन्यथा उनकी संपत्ति कुर्क करने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। पुलिस ने बताया कि रोशन जायसवाल लंबे समय से फरार चल रहे हैं, जिसके बाद न्यायालय द्वारा उनके खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। आज की कार्रवाई उसी वारंट के अनुपालन में की गई है, जिसका मुख्य उद्देश्य अभियुक्त पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने का दबाव बनाना है।

### सिसई प्रखंड के सभी पंचायतों में बकरीद का पर्व शान्ती पूर्ण ढंग से मनाया गया

**सिसई (गुमला)।** लरंगो पंचायत के लोहंजरा गांव सहित पूरे सिसई प्रखण्ड में शनिवार को मुस्लिम समुदायों ने बकरीद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ व शान्ती पूर्ण ढंग से मनाया। इस दौरान सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने ईदगाहों में सादगी से नमाज अदा किया। और एक दूसरे को गले लगा कर मुबारकबाद पेश किया। इस दौरान पेश ईमामो के द्वारा बताया गया कि बकरीद पर्व हमें शाति का संदेश देता है। क़ुर्बानी का इतिहास पैगम्बर इब्राहीम (अ.स.) से जुड़ा है। जो उन्हें अल्लाह (स.व.त.) ने आदेश दिया था कि वे अपने सबसे करीबी व्यक्ति यानि अपने बेटे, इस्माइल (अ.स.) की क़ुर्बानी करें। इब्राहीम (अ.स.) अपने बेटे से बहुत प्यार करते थे, लेकिन अल्लाह (स.व.त.) के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करने के लिए, वे अपने बेटे की क़ुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए। ईद-उल-अजहा या कुर्बानी को ईद के नाम से भी जाना जाता है। यह इस्लाम धर्म की सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। यह पर्व हज यात्रा के समापन पर मनाया जाता है, जो इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। बकरीद हमें सिखाती है कि सच्चा धर्म वही है जिसमें त्याग, सच्चाई और इंसानियत की भावना हो। इस दिन मुसलमान कुर्बानी की रस्म निभाकर उस ऐतिहासिक घटना को याद करते हैं.यह त्यौहार हमें यह संदेश देता है कि अल्लाह की राह में खुद को समर्पित कर देना ही सच्ची भक्ति है।

## मंगरूतला गांव में बुनियादी सुविधाओं का अभाव, विकास की उम्मीदें अधूरी

# पानी व शिक्षा जैसी मूलभूत समस्याएं बनीं गंभीर चुनौती

**परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का के प्रखंड जारी की व्यथा**

परमवीर चक्र विजेता अल्बर्ट एक्का जारी के प्रखंड दुर्भाग्य है, पूरे प्रखंड का कार्य प्रभार के रूप में चल रहा जिसे प्रखंड की विकाश में हो रही है बाधा जिसे जनता को काफी परेशानी हो रही है प्रखंड का सुध लेने वाला कोई नहीं न स्थाई रूप से विकास के लिए अधिकारियों की भूमिका होती है पर वो नहीं दिखती जारी प्रखंड में लोगों ने कई बार उपायुक्त को उसके बारे में अवगत कराया पर आज भी कोई कार्य करने के लिए लोग चैनपुर प्रखंड आते है अधिकारियों से मिलने।

**सुंदरम केशरी**

**जारी।** झारखंड भले ही विकास के नए आयाम छू रहा हो, लेकिन आज भी कई ऐसे इलाके हैं जो विकास की दौड़ से कोसों दूर हैं। आजादी के 78 साल बीत जाने के बाद भी इन गांवों की तस्वीर नहीं बदली है। हम बात कर रहे हैं गुमला जिले के जारी प्रखंड के जरडा पंचायत के पहाड़ों की चोटी पर बसे गांव मंगरूतला की, जो आज भी विकास की बाट जोह रहा है और बुनियादी सुविधाओं से वंचित है।मंगरूतला में 25 से 30 परिवार निवास करते हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही 'अबुआ आवास' और 'पीएम आवास' जैसी योजनाओं का लाभ आज तक इस गांव के किसी भी परिवार को नहीं मिला है। ग्रामीण धनो खेरवाईन ने दुख जताते हुए बताया कि सड़क न होने के कारण उनके गांव में शादी के लिए रिश्ते तक नहीं आते। सरकारी प्रशासन की बात करें तो आज तक कोई भी सरकारी अधिकारी उनके गांव तक नहीं पहुंचा है। स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर मरीजों को खाट के सहारे 3 किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक पैदल ले जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।




### चट्टाने हैं सड़क का नामोनिशान नहीं

गांव तक पहुंचने के लिए कोई उचित सड़क नहीं है। पगडंडीनुमा रास्ते में बड़े-बड़े पत्थर और गहरी घाटियां हैं, जिससे हर रोज ग्रामीणों को सब्र का इम्तिहान देना पड़ता है। बड़ी मुश्किल से दोपहिया वाहन गांव तक पहुंच पाते हैं। सड़क न होने का दंश इस कदर है कि गंभीर स्वास्थ्य समस्या के वक्त मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए खाट पर लाद कर 3 किलोमीटर दूर मुख्य सड़क तक ले जाना ही एकमात्र विकल्प बचता है।




### मटमैले चुएं के पानी से बुझ रही प्यास

सैकड़ों की आबादी पानी की हर जरूरत के लिए एकमात्र 'चुएं' पर निर्भर है। यह चुआं भी बढ़ती गर्मी के साथ सूखता जाता है, और बरसात के दिनों में पानी लाल व दूषित हो जाता है। एकमात्र चुएं से ग्रामीणों की पानी की हर जरूरत पूरी नहीं हो पाती। बड़ा सवाल यह है कि आजादी के अमृतकाल में भी मूलभूत समस्याओं के लिए तरस रहे यहां के ग्रामीणों को आखिर कब इन परेशानियों से निजात मिल पाएगी।

### छोटे बच्चों के लिए आंगनबाड़ी तक नहीं

नरुता कुमारी, दुर्गा खेरवार और तेतरू खेरवार ने बताया कि उनके गांव में 20 से 25 छोटे बच्चे-बच्चियां हैं, लेकिन आज तक यहां एक भी आंगनबाड़ी नहीं बनी है, जिससे उनके बच्चों के भविष्य पर गहरा असर पड़ रहा है। मंगरूतला गांव, जो डिजिटल युग में भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है, सरकार और प्रशासन से अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद लगाए बैठा है।

### आजादी के बाद से पानी और सड़क के लिए संघर्ष जारी

ग्रामीण धनो कोरवाइन, तेजू बड़ाइक और प्रसाद खेरवार का कहना है कि पानी के लिए कई बार आवेदन दिए गए हैं, लेकिन हर बार "हो जाएगा" कहकर टाल दिया जाता है। आज तक पानी नहीं आया है। आजादी के कई दशक बीतने और झारखंड निर्माण के 25 साल बाद भी मंगरूतला के ग्रामीण आज भी ढिबरी युग में जी रहे हैं। गांव में बिजली का पोल लगा है, लेकिन बिजली नहीं आई। ग्रामीण मोबाइल और टॉर्च चार्ज करने के लिए दूसरे गांव जाते हैं या सोलर का सहारा लेते हैं। स्कूली बच्चे सोलर से बैटरी चार्ज करके या लालटेन की रोशनी में पढ़ाई करते हैं। स्कूली बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं मिल पाती है। दिन के उजाले में तो पढ़ाई होती है, लेकिन रात के अंधेरे में पढ़ाई में दिक्कत होती है। ग्रामीणों के मुताबिक, जन समस्या शिविरों में भी शिकायतें की गईं, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। ग्रामीण जहां भी जन समस्या शिविर लगते हैं, वहां आवेदन लेकर जाते हैं, और सारे अधिकारी समस्या के समाधान का आश्वासन देते हैं, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ है।




## कोटाम में टावर पर चढ़ा युवक बना 'शोले' का वीरू



- परिवारिक विवाद को लेकर कर रहा था हंगामा, वीडियो वायरल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के कोटाम गांव में शनिवार सुबह एक युवक ने फिल्मी अंदाज़ में हाई वोल्टेज ड्रामा किया। सुबह करीब 7 बजे गांव के 25 वर्षीय युवक रितेश सिंह उर्फ बाबू रिलायंस कंपनी के 100 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर चढ़ गया और ऊपर से चिल्ला-चिल्लाकर गालियां देने लगा। युवक की हरकतें मशहूर फिल्म 'शोले' के वीरू की याद दिला रही थीं। टावर पर चढ़कर रितेश कभी गाली-गलौज कर रहा था, तो कभी अपने पिता और भाई से घर के बंटवारे की मांग कर रहा था। उसकी यह हरकत गांव में चर्चा का विषय बन गई और देखते ही देखते टावर के आसपास सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मामले की सूचना मिलते ही कोटाम पिकेट की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को शांत कराने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत, समझाइश और समझदारी से अंततः पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर उसे सुरक्षित नीचे उतार लिया।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे युवक की हरकत पूरे क्षेत्र में चर्चा का कारण बन गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रितेश पिछले कुछ समय से पारिवारिक विवाद को लेकर तनाव में था और कई बार इस तरह के व्यवहार की आशंका जताई जा रही थी। पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है और युवक की मानसिक स्थिति का भी आकलन किया जा रहा है। यह घटना जहां लोगों के लिए रोमांच और आश्चर्य का कारण बनी, वहीं इसने पारिवारिक संवाद और मानसिक स्वास्थ्य पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### चैनपुर में मानवता हुई शर्मसार

## बेजुबान बैल पर टांगी से हमला पीठ में फंसी रही धारदार कुल्हाड़ी

- गंभीर रूप से घायल बैल को युवकों ने बचाया, पशु क्रूरता पर ग्रामीणों में आक्रोश

**नवीन मेल संवाददाता**



**चैनपुर।** गुमला जिले के चैनपुर प्रखंड अंतर्गत सोहन चौक के पास उस समय दिल दहला देने वाला दृश्य देखने को मिला, जब एक सफेद रंग का बैल गंभीर रूप से घायल अवस्था में दौड़ता हुआ नजर आया, जिसकी पीठ में एक धारदार टांगी (कुल्हाड़ी) फंसी हुई थी। यह दृश्य देखकर स्थानीय युवकों ने तत्परता दिखाते हुए बैल को रोका और बड़ी सावधानी से उसकी पीठ में फंसी टांगी को निकाला। हालांकि टांगी निकालने के बाद बैल की पीठ पर गहरा जख्म नजर आया, जिससे साफ है कि उस पर किसी बेरहम व्यक्ति द्वारा जानलेवा हमला किया गया। ग्रामीणों ने घटना पर दुख और आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि "बेजुबान जानवर पर इस तरह की क्रूरता अमानवीय और घृणित है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद पता चला कि घायल बैल प्रेमनगर निवासी अंतु भगत का है। अंतु भगत ने बताया कि "शाम को खेत जोतने के बाद जब दोनों बैल को वापस ला रहे थे, उसी दौरान उनमें आपस में झगड़ा हो गया और एक बैल भाग निकला। हम उसे ढूंढ ही रहे थे कि अचानक इस हमले की खबर मिली।" उन्होंने आगे कहा की खरीफ सीजन शुरू हो चुका है, खेतों की जुताई का समय है। ऐसे समय में यदि मेरे बैल को इस तरह जख्मी कर दिया गया है, तो खेती किस तरह होगी? यह न केवल पशु पर हमला है, बल्कि एक किसान की जीविका पर भी चोट है।"

**प्रशासन से कार्रवाई की मांग, पशु क्रूरता कानून लागू करने की अपील**

घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और युवाओं ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि ऐसे क्रूर व्यक्ति खुलेआम जानवरों पर हथियार से हमला करेंगे, तो समाज में कानून का डर खत्म हो जाएगा। पशु क्रूरता अधिनियम के तहत इस तरह की हरकत दंडनीय अपराध है, जिसकी उचित जांच और सजा जरूरी है। ग्रामीणों ने दोषी व्यक्ति की पहचान कर तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है।

### गुमला जिले में सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाई गई बकरीद हर मस्जिद व ईदगाह में गूंजी

# अमन-शांति की दुआएं, चाक-चौबंद रही सुरक्षा व्यवस्था

- कुर्बानी के संदेश के साथ मनाया गया पर्व
- शांतिपूर्ण माहौल और पुलिस की मुस्तैदी

**नवीन मेल संवाददाता**





**गुमला।** गुमला जिले में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पावन पर्व शनिवार को सौहार्द, श्रद्धा और आपसी भाईचारे के साथ धूमधाम से मनाया गया। जिले के सभी प्रखंडों में सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए वस्त्रों में सजे-धजे मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचे और पर्व की विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद देश में अमन, शांति, खुशहाली और आपसी एकता के लिए दुआएं की गईं। नमाज अदा करने के पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अपने-अपने घरों में हैसियत के अनुसार बकरों की कुर्बानी दी गई। पर्व के दौरान इमामों ने अपने तकरीर में हज़रत इब्राहीम (अ.स.) और उनके बेटे इस्माइल (अ.स.) के त्याग और समर्पण की मिसाल को दोहराते हुए बताया कि बकरीद निस्वार्थ बलिदान और अल्लाह के प्रति पूर्ण समर्पण का प्रतीक है।

गुमला, सिसई, भरनो, बिशुनपुर, बसिया, घाघरा, चैनपुर, कामडारा, बसिया, पालकोट, रायडीह, डुमरी, घाघरा समेत सभी प्रखंडों में उल्लास गुमला जिले के भरनो, बसिया, बिशुनपुर, सिसई, घाघरा, चैनपुर, कामडारा, घाघरा, अलबर्ट एक्का आदि सभी प्रखंडों में सुबह निर्धारित समय पर नमाज अदा की गई। बड़ी संख्या में लोग अपने परिवारों के साथ ईदगाह पहुंचे और नमाज के बाद एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

पर्व के दौरान गुमला जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की थी। सभी मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल की तैनाती, क्षेत्रीय अधिकारियों की निगरानी और लगातार पेट्रोलिंग से पर्व शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

स्थानीय निवासी शकील अहमद ने कहा, हर साल की तरह इस बार भी बकरीद बहुत शांतिपूर्वक और उल्लास से मनी। प्रशासन की सजगता और लोगों का सहयोग सराहनीय रहा। वहीं नाजिमा परवीन ने कहा कि "बकरीद सिर्फ कुर्बानी का पर्व नहीं, बल्कि इंसानियत और एकता का संदेश देने वाला दिन है।

### भरनो प्रखंड में पारंपरिक उत्साह व सुरक्षा के बीच मनाई गई ईद-उल-अजहा

**भरनो।** भरनो प्रखंड में शनिवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व हर्षोल्लास, भाईचारे और सौहार्द के वातावरण में मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अहले सुबह से ही पर्व की तैयारियों में जुटकर नए वस्त्र पहनकर मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा की। नमाज अदा करने के बाद अमन, शांति और तरक्की की दुआएँ मांगी गईं। इसके पश्चात लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी और अपने-अपने घरों में हैसियत के अनुसार बकरे की कुर्बानी दी। भरनो जामा मस्जिद में नमाज के दौरान मौलाना हुसैन बांदवी ने तकरीर में कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान का पर्व है। उन्होंने बताया कि हज़रत इब्राहीम (अलैहि सलाम) ने खुदा के हुक्म पर अपने बेटे इस्माइल (अलैहि सलाम) को कुर्बान करने का जज्बा दिखाया था, पर खुदा ने इंसान की जगह एक दुम्बे की कुर्बानी को कबूल किया।

उसी याद में यह पर्व हर साल मनाया जाता है। बकरीद की नमाज को लेकर भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। डोम्बा, मलगो, परसा, सुपा, पाबेया, लोंगा, पहाड़ केशा, अमनपुर सहित तमाम ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। पर्व के दौरान भरनो अंजुमन इस्लामिया के सदर मो. खलील, सेक्रेटरी मिनहाज अख्तर, नाइब सदर नूर एहसान, मुस्ताक आलम, मो. मुस्तफा, इकबाल मियां, अनवर हुसैन समेत बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित थे।

### चैनपुर में धूमधाम से मनाया गया त्याग व बलिदान का महापर्व बकरीद

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में त्याग और बलिदान का महापर्व बकरीद (ईद-उल-अज़हा) भारी उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया।शनिवार की सुबह, चैनपुर, बरवेनगर, जमगाई, लंगड़ा मोड़ सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित ईदगाहों को विशेष रूप से सजाया गया था। इन ईदगाहों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर सुबह 7 बजे पवित्र बकरीद की नमाज़ अदा की। नमाज़ के बाद, लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर आपसी सौहार्द और भाईचारे से रहने का संदेश दिया।नमाज़ के उपरांत, त्याग और बलिदान के प्रतीक के रूप में अपने पसंदीदा पशुओं की कुर्बानी दी गई। इस दौरान, पूरे थाना क्षेत्र के ईदगाहों पर पुलिस चौकसी बढ़ा दी गई थी ताकि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके। एस.आई. अशोक कुमार, दिनेश कुमार, विजय उरांव, ए.एस.आई. नंदकिशोर कुमार, निर्मल राय, संतोष लुगुन सहित नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट ईदगाहों के पास तैनात थे।इस अवसर पर एस.आई. अशोक कुमार ने अपनी पूरी पुलिस टीम की ओर से बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक मनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी। वहीं, झामुमो जिला सचिव सह सदर शकील खान ने बताया कि बकरीद का तात्पर्य सिर्फ कुर्बानी देना ही नहीं है, बल्कि यह अल्लाह ताला एवं खुदा के समक्ष अपनी सबसे प्रिय इच्छाओं और भावनाओं को समर्पित करने का पर्व है। यह पर्व हमें त्याग, समर्पण और मानव सेवा का संदेश देता है।

### बाइक सवार किशोर की पत्थर से टक्कर, गंभीर

**गुमला।** गुमला जिले के घाघरा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 16 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना सहीजाना बाजार के समीप हुई, जब सरंगो गांव निवासी अनीश उरांव अपनी बाइक से बाजार जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे एक पिकअप वाहन को बचाने के क्रम में उसकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर मौजूद एक बड़े पत्थर से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि अनीश बाइक समेत सड़क से नीचे खेत में जा गिरा और वह बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तुरंत घाघरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पिता की डांट से किशोरी ने खाई उर्वरक, हालत गंभीर

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी ने शुक्रवार रात को गुस्से में आकर उर्वरक खा लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। परिजनों ने तुरंत उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, घाघरा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 8 बजे किसी पारिवारिक बात को लेकर पिता ने किशोरी को डांट दिया था।

### लाह बना आदिवासी किसानों की समृद्धि का आधार

# 9 पंचायतों में 1286 किसानों को मिला उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**




**गुमला।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे "विकसित कृषि संकल्प अभियान (वीकेएसए)" के अंतर्गत गुमला जिले के कमडारा प्रखंड में शनिवार को एक दिवसीय कृषि जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड के 9 पंचायतों से आए कुल 1286 किसानों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

इस विशेष अभियान का उद्देश्य किसानों को आधुनिक व लाभकारी कृषि तकनीकों से परिचित कराना था, ताकि वे कम लागत में अधिक उत्पादन कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान प्राकृतिक खेती, अंतरवर्तीय फसल प्रणाली, मधुमक्खी पालन, बागवानी, जल संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य, और कीट प्रबंधन जैसे विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लाख उत्पादन पर आधारित प्रशिक्षण रहा। कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं विषय विशेषज्ञ अटल बिहारी तिवारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा की लाख की खेती गुमला के किसानों के लिए बैंक के समान है। यदि वैज्ञानिक तरीकों से इसका उत्पादन किया जाए तो यह आदिवासी किसानों के लिए आर्थिक क्रांति का जरिया बन सकता है।

उन्होंने लाख उत्पादन की आधुनिक तकनीक, रोग नियंत्रण, समयानुसार कटाई और विपणन की विस्तृत जानकारी दी। तिवारी ने यह भी बताया कि लाख की खेती से कम लागत में अधिक लाभ अर्जित किया जा सकता है, जिससे किसान आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते हैं। इस आयोजन में के.वी.के. गुमला, एटीएमए, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, ग्राम प्रधान, बीटीएम, एटीएम, किसान मित्र एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। इस संयुक्त प्रयास से कार्यक्रम को न सिर्फ सफलता मिली, बल्कि किसानों के बीच नई ऊर्जा और जागरूकता का संचार भी हुआ।

कार्यक्रम में भाग ले रहे किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम मूलभूत स्तर पर बदलाव लाने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। विशेषकर लाख उत्पादन और मधुमक्खी पालन जैसी आयवर्धक गतिविधियों से उन्हें आत्मनिर्भर बनने की नई दिशा मिली है।

वीकेएसए के तहत जिले के अन्य प्रखंडों में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**कार्यक्रम की मुख्य गतिविधियां**

- हर पंचायत में लाइव डेमो और फील्ड विज़िट
- किसानों के साथ समूह चर्चा एवं अनुभव साझा सत्र
- प्राकृतिक खेती पर विशेष व्याख्यान
- सरकारी योजनाओं जैसे पीएम-किसान, पीएम फसल बीमा, एग्री क्लिनिक आदि की जानकारी
- कृषि यंत्रीकरण और सिंचाई तकनीकों पर विस्तृत संवाद
- समन्वित प्रयास से मिली सफलता

### स्कूटी सीख रही महिला ने बाउंड्री में मारी टक्कर गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** स्कूटी चलाना सीखने के दौरान एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना सदर थाना क्षेत्र के चांदाली गांव की है, जहां 30 वर्षीय नीतू देवी स्कूटी सीखते समय अनियंत्रित होकर बाउंड्री से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला को सिर और शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। परिजनों ने आनन-फानन में नीतू देवी को सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स, रांची रेफर कर दिया। उसकी हालत फिलहाल नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार, नीतू देवी अपने पड़ोसी की स्कूटी लेकर घर के पास एक मैदान में चलाना सीख रही थी। पहले प्रयास में वह एक अन्य महिला को पीछे बैठाकर स्कूटी चला रही थी, लेकिन दूसरी बार अकेले स्कूटी चलाने की कोशिश की। इस दौरान स्कूटी की गति तेज हो गई और वह ब्रेक नहीं लगा सकी, जिससे वह सीधे बाउंड्री से टकरा गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और परिजन उसे अस्पताल लेकर दौड़े। डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

## विशप ने पांच सौ तीस बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** बसिया के कोनबीर नवाटोली स्थित संत अन्ना चर्च में आज व्यापक स्तर पर दृढ़ीकरण संस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित गुमला धर्मप्रांत के मुख्य अधिष्ठाता बिशप स्वामी लीनुस पिंगल एक्का ने क्षेत्र के पाँच सौ से अधिक बच्चों को इस पवित्र संस्कार से अभिसिंचित किये जाने की सूचना है। इस अवसर पर दृढ़ीकरण संस्कार के लिए उपस्थित बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि यह संस्कार इसाई धर्मावलंबियों के सात पवित्र संस्कारों में एक महत्वपूर्ण संस्कार है और यह माँ बाप के द्वारा प्रदत्त बपतिस्मा के प्रति ख्रीस्तीय विश्वास के दृढ़ीकरण से संबंधित है। इस विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने कई तरह के उदाहरणों के साथ यह बताया कि पवित्र आत्मा जब चेलों पर उतरा था तब वे डर से मुक्त होकर निर्भीकतापूर्वक यीशु ख्रीस्त के संदेशों के प्रचार में जुट गए थे। बताते चलें कि इस कार्यक्रम में आज श्रद्धा, भक्ति और आशीर्वाद का अद्भुत समागम देखने को मिला जबकि पूरे कार्यक्रम में पल्ली पुरोहित फादर अगस्तयुस फादर जॉन,फादर सिपरियन कुजूर,फादर अमृत,फादर निकोलस, सिस्टर बिमला, सिस्टर अधूरा,सिस्टर ममता, सिस्टर जोस्फीन,सिस्टर कांति सहित बड़ी संख्या में ख्रीस्तीय धर्मावलंबियों की उपस्थिति दर्ज की गई।

# पर्यावरण की मांग- प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग



रीना सिन्हा सलोनी

हालिया दिनों में एक द्रवित करने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर बार-बार देखा गया जिसमे एक समुंदरी शार्क का मुँह से लेकर पूरा शरीर समुद्र के प्लास्टिक कचरे से बुरी तरह लिपटा हुआ था और वह बार-बार समुद्र की सतह पर आकर मानों हमसे मदद माँग रही हो। उस शार्क को एक जहाज के कुछ लोगों नें देखा और बड़ी ही मुश्किल से उसे प्लास्टिक कचरे को काटकर उसे प्लास्टिक कचरे से मुक्त करा कर उसकी जान बचाई। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है की हम मनुष्यों द्वारा फैलाया प्लास्टिक का कचरा कितनी दूर तक फैल चुका है और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पूरी धरती और सभी जीवों को प्रभावित कर रहा है। अगर हम प्लास्टिक के आविष्कार की बात करें तो प्राकृतिक संसाधनों का कम होना, वनों के कटाव और जनसंख्या बढ़ने से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए इसका आविष्कार किया गया। बरसों पहले जब प्लास्टिक हमारे जीवन में आया तो यह पौधों से बनने वाले सामानों का एक सस्ता और आसान विकल्प था। प्लास्टिक के बने सामान सस्ते होने के कारण इसकी उपयोगिता आश्चर्यजनक रूप से बढ़ती गई। आज प्लास्टिक हमारे जीवन शैली में इतनी दूर तक घुस चुका है कि उसको पूर्ण रूपसे हटा असंभव और अव्यवहारिक हो गया है। प्लास्टिक के बने बोतल, रस्सियाँ, चादरें इत्यादि घर बाहर हर जगह हमारी आम ज़िंदगी का हिस्सा हैं। यही नहीं प्लास्टिक का उपयोग सभी बड़े या छोटे उद्योगों और कृषि उद्योग में किसी न किसी रूप में किया जा रहा है। मगर सस्ता और उपयोगी होने के बावजूद इसका बायो-डिग्रेडेबल न होना एक ऐसा गुण है जिसके कारण इसे कम से कम उपयोग करना ही स्वच्छ पर्यावरण के लिए जरूरी है। प्लास्टिक के उपयोग से हमारे स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। प्लास्टिक के बर्तनों में खाने या प्लास्टिक की बोतलों में पानी पीने से धीरे-धीरे माइक्रोप्लास्टिक मॉलिक्यूल्स हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। इन माइक्रो मॉलिक्यूल को हमारा शरीर पचा नहीं पाता और ये रक्त में प्रवेश कर जाते हैं जिसके कारण कैंसर जैसी कई खतरनाक बीमारियाँ होती हैं। वहीं उद्योगों से निकलने वाला प्लास्टिक वेस्ट मिट्टी से लेकर समुद्रों तक को प्रदूषित करता है जिसका सीधा असर धरती और समुद्रों में रहने वालों के जीवन पर पड़ता है। आज प्लास्टिक की जड़ें इतनी गहरी पैठ चुकी हैं कि इसे पूरी तरह तो हटाया नहीं जा सकता मगर इसके उपयोग को सीमित करने की कोशिश अवश्य कि जानी चाहिए। इसके उपयोग को नियत्रित करने के लिए कठोर कदम उठाने होंगे और ऐसे नियम बनाने होंगे जिससे प्लास्टिक का न्यूनतम उपयोग हो। इसके साथ ही साथ ऐसे प्लास्टिक का ही उपयोग हो जिसे रीसायकल किया जा सके। अर्थात ऐसे प्लास्टिक का उपयोग हो जिसे पुनः उपयोग में लाया जा सके। एक ही प्लास्टिक को रीसायकल करके बार-बार उपयोग में लाने से इसकी उपयोगिता बढ़ेगी और प्लास्टिक कचरे से भी मुक्ति मिलेगी। ऐसे प्लास्टिक के सामान या पॉलिथीन बैग्स जिनको रीसायकल नहीं किया जा सकता वो पर्यावरण के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं । अतः इन पर पूर्णरूप से प्रतिबंध लगाना होगा। इन नॉन बायोडिग्रेडेबल पॉलिथीन की थैलियों और रस्सियों के कारण ही शहर के नालों में जल जमाव की समस्या होती है और मिट्टी, नदियों और समुद्र में प्रदूषण फैलता है। प्लास्टिक के कचरे के प्रतिबंध के साथ साथ इसके कारण प्रदूषित हुई नदियों और समुद्रों के पानी को साफ़ भी करने की जरूरत है। ऐसे नियम बनाए जाएँ जिससे जल और वायु प्रदूषण को रोका जाए और उन्हें स्वच्छ भी किया जाए। मनुष्य के जीवन का पर्यावरण से सीधा जुड़ाव है इसलिए हमें प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों के रक्षण और संवर्धन की सख्त आवश्यकता है। पर्यावरण और मनुष्य के बीच सही तालमेल ही खुशहाली का मार्ग है ।

# मुंह में राम, बगल में छुरी



ललन शर्मा



व्यंग्य

मुंह में राम, बगल में छुरी, इस वैदिक युगीन मुहावरे का जब भी अविष्कार हुआ होगा, आदिमानवों की प्रजातियाँ अपना जंगलीपन छोड़कर आदमी बन रहे होंगे। उनमे इंसान बनने के सारे लक्षण धीरे-धीरे प्रकट हो रहे होंगे। वह वैदिक युग के कच्चे-मटमैले मार्ग से निकल कर घोर कलयुग के कोलतारी मार्ग पर चलते चलते किसी भी बात पर राम-राम कह के दुआ-सलाम प्राप्त करते होंगे। बाद में उन लोगों ने समझदारी का नमक चाट लिया होगा जिससे उन्हें यह अन्तर्ज्ञान प्राप्त हो गया होगा कि राम के साथ-साथ, बगल में छुरी रखना भी जरूरी हैं।

कहते हैं कि आदमी जैसे-जैसे समझदार, शिक्षित होने लगता हैं तो वह चालाक, धूर्त, कपटी, दुष्ट इत्यादि सामाजिक उपाधियों से विभूषित होने लगता हैं साथ ही उसे अपनी सुरक्षा की आवश्यक चिन्ता होने लगती हैं। तो वह बगल में छुरी खोंसने लगता हैं और अपने आपको ज्यादा चालाक और ताकतवर दिखने की कोशिश करने लगता हैं।

मेरे दुष्ट दिमाग की माने तो राम और छुरी दोनों समान धर्मा हैं, दोनों मुक्तिदाता हैं। यह आदमी को सभी बंधन से मुक्त करती हैं। सांस्कृतिक आदमी को राम से तथा असांस्कृतिक को छुरी मारकर मुक्त किया जाता हैं।

मेरे एक नेता मित्र हैं – राम खेलावन, जिनके रग-रग में सिर्फ राम ही बसते हैं उनके घर पर भी 'राम' का बोल बाला हैं उनकी पत्नी का नाम राम प्यारी हैं दोनों लायक पुत्रों का नाम रामस्वरूप तथा रामसेवक, बेटी का नाम रामदुलारी। घर के नौकर का नाम रामू, ड्राईवर का नाम रामपुकार। राम खेलावन जी जिस पार्टी के लिए सेवा देते हैं उसका नाम राम भरोसे पार्टी हैं कहने का अर्थ हैं कि उनके जीवन के सभी उखड़-खाबड़ मोड़ पर कोई न कोई राम साथ होते हैं। जब मैंने उनसे पूछा कि ''मूंह में राम........ वाले मुहावरे से आपका ज्ञान क्या अर्थ देता हैं ? तो वे बोले – शर्मा जी मैं स्वयं राम प्रतिमा सपंन्न हूँ मैं अपने मूंह में राम ही रखता हूँ, पर छुरी इत्यादि बगल में नहीं रखते हैं। राम से ही छुरी का काम हो जाता हैं तो बेचारी छुरी को कष्ट देना।

शोध से पता चला हैं कि छुरी की महिमा अपरंपार हैं जैसे – कलेजाविहीन व्यक्ति के पास जब यह हो तो वह महाबली बन जाता हैं। बगल में छुरी रखने मात्र से ही जितनी उर्जा मिलती हैं उतनी उर्जा महीने भर दुध पीने से भी नहीं मिलती। अतः वह सबकुछ करने को तैयार हो जाता हैं।

एक विचार के अनुसार, छुरी रखने की प्रथा आदिकाल से ही हैं आर्यों और अनार्यों के बीच जब-जब कोई पंगा होता था तो छुरे का प्रदर्शन पहले होता था बाद में छुरी, छुरा या भुजाली (खुपरी) हुआ। छुरे के इसी क्रमिक विकास में यह छुरी बढ़कर तलवार, कटार का रूप ले लिया। लेकिन सभी एक गुप्त छुरी बगल में जरूर रखते थे। वो तो महात्मा बुद्ध बीच में अवतरित हो गए तो उन्होंने कहा छुरा मत चलाओ। अहिंसा करो। प्रेम से किसी का मन जीतों, पर यहाँ मन जीतने की बात आदमी के पल्ले कहाँ पड़ती, वह तो हमेशा दूसरे के धन को जीतने को गली-गली घूम रहा हैं। तभी तो महात्मा के बाद छुरी का प्रचलन बंद करके लोगों ने दोनाली बंदूक, गन, तोप का अविष्कार कर लिया।

छुरे के ऐतिहासिक पहलूओं पर प्रकाश फेंकते हुए मेरे एक बोका विद्वान् मित्र कहते हैं कि आदिमानव जब थोड़ा समझदार हुआ होगा तो सर्वप्रथम उसने पत्थर का छुरा बनाया होगा। यह भी मत हैं कि छुरा बनाने वाले आदिमानव भारतीय रहे होंगे क्योंकि यह मुहावरा भारतीय मूल का हैं। छुरे के बाद ही राम शब्द अवतरित हुआ होगा।

आदिभारतीयों ने ही पहले-पहल बोलना सिखा होगा क्योंकि हम भारतीय बोलने में सबसे आगे हैं अपने यहाँ अधिकांश बोलबच्चन पाए जाते हैं इसलिए पहले राम फिर छुरी बोलने का बोल-बच्चन शास्त्र बना होगा।

इन सर्वेक्षणों से पता चलता हैं कि राम शास्त्रीय वस्तु हैं जबकि छुरी शस्त्रीय। वैदिक काल से ही दोनों साथ चलते आए हैं। दोनों एक दूसरे को पूरकता का एहसास कराते हैं अपने यहाँ दोनों की भक्ति की जाती हैं यहाँ राम तो पूजे ही जाते हैं, छुरी की पूजा भी जमकर होती हैं साथ ही साथ जरूरत के समय दोनों के प्रदर्शन के चौके-छक्के भी लगते हैं। गौरतलब हो कि युगों-युगों से राम नहीं बदले-वही, अढ़ाई मात्रा, पर छुरी के रूप में परिवर्तन होता रहा हैं यह हमारी चरम-परम भक्ति का ही परिणाम हैं कि छुरे के अनेक रूप हमारे बीच मौजूद हैं जो अपना काम करती रहती हैं।

अस्तु, सभी से अनुरोध है कि इस मुहावरे के पग चिन्हों पर ही चले – मुंह में राम रखें और बगल में किसी भी प्रकार का एक छुरी अवश्य रखे। अगर आपकी जेब भारी हैं तो बन्दूक-गन इत्यादि ही रखे और समझदार होने का सबूत देकर अपने देश का उद्धार करें तथा राम-छुरी के गठबंधन की जय जयकार करें और कहे –

मूंह में राम बगल में छूरी।
मिलकर खाये हलवा पूरी।।

## विडंबना



रश्मि सिंह

शाही शादी के पाँच दिवसीय रंगारंग आयोजन का ग्रैंड फिनाले यानि शादी की रात... मस्ती,भव्यता, तड़क-भड़क सब का चरमोत्कर्ष!

दूल्हे की शाही सवारी गुलाबों से सजी बीएमडब्ल्यू में रुकते रुकाते चल पड़ी है। महंगी आतिशबाजी का लुत्फ़ लेते, नाचते-गाते महंगे कपड़ों, गहनों से लदी-फदी बाराती का उत्साह चरम पर है।दादा,ताऊ,जीजा,फूफा सब, कुछ जोश में कुछ मदहोश से दूल्हे की बलैया ले-लेकर जमकर नोटों की बारिश कर रहे हैं।बारात संग चलते पसीने से तर लाइट वाले ,बैंड वाले उड़ते नोटों को हसरत से देखते आगे बढ़ते जा रहे थे। उसी कतार में लच्छो भी माथे पर भारी लाइट उठाए, पेट में लातें मारते अजन्मे का बोझ उठाए थके मगर सधे कदमों से बढ़ती कभी बिखरे नोटों को देखती कभी अपना उभार।

सरकारी दवाखाने से कल ही तो दिखाकर आई है। डाक्टरनी दीदी के शब्द अब भी कान में गूंज रहे हैं... "अरे लच्छो भरपेट खाएगी नहीं तो बच्चे का विकास कहाँ से होगा और बच्चा जनने की ताकत कहाँ से लाएगी...? एक बार खो चुकी है अपना बच्चा तू इसी वजह से..."

बस कुछ पैसे मिलने की आस में चली आई रधिया के साथ लाइट उठाने पर भूखे पेट दो-दो बोझ कहाँ उठा पाती? उड़ते नोटों को देखते चक्कर खाकर वहीं गिर गयी।

बैंड बाजे का शोर सहसा थम गया! बारातियों में ही कुछ अस्पष्ट आवाजें कान में पड़ रही थीं... "हे भगवान कितना बड़ा अपशगुन हो गया, जल्दी इसे ले जाओ ताकि बारात आगे बढ़े।"

बेसुध लच्छो, उसकी सहेली रधिया और उसके पति को वहीं छोड़ शाही सवारी आगे बढ़ गयी।

# श्याम बेनेगल को याद करते हुए



पद्मा मिश्रा

भारतीय सिनेमा हमारी संस्कति , इतिहास, सभ्यता और सामाजिक यथार्थ तथा वर्जनाओं की भी सशक्त रूप से अभिव्यक्त करता रहा है ।जो बात कहीं सुनकर, देखकर या पढकर अनुभूत नहीं की जा सकती वही सिनेमा के विशाल कैनवस पर सजीव होते हुए दृश्यो, घटनाओं को देखकर मन पर उनकी अनुभूति गहराई से की जा सकती है ।ऐसे संवेदनशील सिने निर्दशकों में श्याम बेनेगल एक नितांत परिचित, लोकप्रिय और यशस्वी नाम है ।उनकी फिल्मो ने समाज का कुरुप चेहरा दिखाकर वर्जनाओं के भंवर में छटपटाती स्त्री की.मनोव्यथा को भी चिंतित किया है ।ऐसी ही भावप्रवण संवेदनशील फिल्म थी मंडी। श्याम बेनेगल द्वारा निर्देशित ये फिल्म 1983 में परदे पर आयी हुई थी. जिसमें वेश्याओं के जीवन रहन सहन ,शैली ,समसयाओं की दुनिया को पर्दे पर उतारा गया था. ।कथानक के अनुसार कई सालों से, एक बूढ़ी रुक्मिणी बाई (शबाना आज़मी) भारत के हैदराबाद में एक वेश्यालय की मालकिन है। वेश्यालय में रहने वाली महिलाएँ मिलजुल कर रहती हैं। रुक्मिणी बाई को अपनी महिलाओं की प्रतिभा पर गर्व है, खासकर जीनत (स्मिता पाटिल) जो एक शास्त्रीय गायिका है, और बसंती (नीना गुप्ता) जो एक शास्त्रीय नर्तकी है ।वर्जित प्रेम, टूटती वफादारी और घोर पाखंड तब सामने आता है जब पाखंडी राजनेता हैदराबाद के हृदयस्थल से एक मैडम के वेश्यालय को हटा देते हैं ।यह क्लासिक फिल्म पाकिस्तानी लेखक गुलाम अब्बास की क्लासिक उर्दू लघु कहानी 'आनंदी' पर आधारित है। यह एक शहर के बीचों-बीच स्थित एक वेश्यालय की कहानी है, एक ऐसे इलाके में जिसे कुछ राजनेता अपना मुख्य इलाका बनाना चाहते हैं। वे नैतिकता के नाम पर वेश्यालय और उसके निवासियों के खिलाफ़ रैली निकालते हैं, और जल्द ही इलाके के सभी लोग उनके साथ हो लेते हैं। राजनेता वेश्याओं के लिए एक वैकल्पिक निवास बनाने की पेशकश करते हैं, लेकिन यह जगह शहर से मीलों दूर है। घर की मालकिन के पास मानने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, लेकिन अंत में चीजें बेहतर के लिए (तार्किक) मोड़ लेती हैं। आखिरकार, पुरुष तो पुरुष ही होते हैं ।कई सालों से एक बूढ़ी रुक्मिणीबाई भारत के महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर में एक वेश्यालय की मालकिन रही हैं। एक दिन उन्हें खबर मिलती है कि अब उनके पास एक नया मकान मालिक है, जिसका नाम श्री गुप्ता है, जिनकी बेटी मालती की जल्द ही शादी होने वाली है। सिटी काउंसिलर शांतिदेवी के नेतृत्व में, इस शहर के लोग मांग करते हैं कि इस वेश्यालय को कहीं और ले जाया जाए, बेहतर होगा कि शहर के बाहरी इलाके में, और वे सफल होते हैं, जिससे रुक्मिणी को अपनी महिलाओं के साथ उनके नए स्थान पर जाने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जो बाबा करक शाह की दरगाह के पास होता है। विडंबना यह है कि यह बहुत से लोगों को आकर्षित करता है, और रुक्मिणी के वेश्यालय का संरक्षण बढ़ जाता है। फिर जटिलताएँ तब शुरू होती हैं जब सुशील अपने पिता की पसंद, बच्ची जैसी मालती से शादी करने से इनकार कर देता है, और रुक्मिणी के साथ रहने वाली एक वेश्या ज़ीनत से शादी करना चाहता है। देखें कि कैसे एक वेश्यालय के खिलाफ़ घटनाएँ सामने आती हैं जो पहले ही एक बार स्थानांतरित हो चुकी है, और शायद फिर से स्थानांतरित हो सकती है जब तक कि सुशील ज़ीनत के लिए अपने प्यार को छोड़ नहीं देता ।मंडी का अंतिम दृश्य थोड़ा उलझन भरा है, लेकिन अंतिम संदेश शायद यह है कि पतन देखने वाले की आंखों में है, और शायद उन लोगों का छुपा पाखंड जो खुद को आधुनिक और ईमानदार कहते हैं, कोठे की प्राचीन परंपराओं की तरह ही दमनकारी है ।श्याम बेनेगल अपनी फिल्मों में मानवीय समस्याओं को बहुत अच्छी तरीके से प्रस्तुत करते हैं। उनकी सारी फिल्में मानवीय हैं। देश का कोई भी ऐसा प्रांत नहीं है, जिसके बारे में उनकी जानकारी कम हो। वे महानगरों के साथ ही कस्बों और गांव-देहातों के बारे में भी पूरी जानकारी रखते हैं। वहां की बोली, भाषा और संगीत के बारे में जानते हैं। उनके महत्व को समझते हुए अपनी फिल्मों में वह उनका इस्तेमाल करते हैं। हिंदी में ऐसे निर्देशक अत्यंत कम हैं, जो हिंदुस्तान की आत्मा को समझ कर फिल्में बना रहे हों।

# परिवार और त्योहार



सविता गुप्ता

अशोक कॉलोनी में अधिकतर बुद्धिजीवी व्यक्तियों की कोठियाँ थी। सभी अपने जड़ों को छोड़ अपने महत्वाकांक्षी सपनों को पूर्ण करने शहर आए और यहीं के होकर रह गए थे। नौकरी और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों को निभाते -निभाते अब क़रीब क़रीब सभी चाहें शर्मा जी हों या गुप्ता,सिन्हा,चटर्जी जी हो या फिर रेड्डी सेवानिवृत्त हो चुके थे ।उनके बच्चे अब साथ नहीं रहते थे ।बच्चों के भी ऊँचे सपने थे इसलिए सभी भिन्न- भिन्न शहरों में या विदेशों में जा बसे थे ।वर्ष में एक बार छुट्टियों में सभी परिवार सहित घर आते बिलकुल वैसे जैसे वे अपने बचपन में माता-पिता के साथ जाते थे अपने दादा या नाना के घर गर्मी की छुट्टियों में या तीज त्योहारों में। आज मिसेज़ सिन्हा रसोई में तन्मयता से तरह तरह के पकवान बना रहीं थी "क्या मेम साब आज ये होली वाले पकवान क्यों बना रही हो? आज तो कोई त्योहार भी नहीं है तो फिर ये सब?" हाँ मालती आज, बच्चे अपने बच्चों के संग आ रहे हैंमैंने सोच लिया है ।जब परिवार तब त्योहार।

## काव्य कोना

### पौष-माघ 2036 (1980) की एक शाम

शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी
जुबां बन्द होंठों में कम्पन
भावनाओं के समंदर में बह रहा समय था
मिलन की घड़ियों घटने वाली थी
बिछड़ने का पल दिखा निकट जब
शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी।
शपथ एक थी सब यारों की
कहाँ मिलेंगे, कहना मुश्किल था
बाँह पकड़ कर हाथ हिलाकर
निकल पड़े अपनी राहों पर
आग्रह के संग अपने-अपने
विग्रह भी थे अपने-अपने
उम्मीदें भी थीं अपनी-अपनी
यादों का रेला साथ चला था
कितना भी भूलोगे यारों
फिर भी कुछ तो याद रहेगा
शाम भी थी कुछ भीगी-भीगी
पलकें भी थी भीगी-भीगी।

नाग मणि

# मेरा परिवार



मीरा सिंह

शादी के बाद गृहस्थी की उलझनों में ऐसी उलझी कि खुद का ध्यान ही ना रहा। दोनों बच्चों की किलकारियों में कर दिया था मैनें खुद को समर्पित। पति के व्यवसाय नें उन्हें हमेशा दूर ही रखा। दोनो बच्चों को एक साथ पढाऩे मे तब मेरी हालत खराब हो जाती थी। उनके स्कूल की परीक्षाएँ यानी....घर में बाकी रिश्तेदारों की इंट्री बंद। वक्त कहाँ रूकता है किसी के लिए। दोनो बारी बारी से आगे की पढ़ाई के लिए हॉस्टल चले गये । और इधर मैं अकेली क्या करूँ? कुछ समझ नहीं पाती। बच्चे जब भी हॉस्टल से घर आते मुझे हमेशा ही मोटिवेट करतें , " अरे !मम्मा तुम अपनी पढ़ाई पूरी कर लों। मैं हँस देती उनकी बातें सुनकर ।भला इस उम्र में कौन पढ़ता है। पढ़ाई कम्पलीट होनें से पहलें ही बेटी की नौकरी लग गई। कुछ साल के बाद बिटिया की शादी भी फाइनल हो गई। उसकी विदाई के बाद के खालीपन को भर नही पा रही थी। बेटा भी पास में नहीं था और अकेले रहना जब मुश्किल होनें लगा तब मेरे पति ने अपना व्यवसाय इसी शहर में शुरू कर दिया। फिर भी बेटी की जुदाई कुछ अलग तरह की होतीं है। जिसे शब्दों में बयां करना थोड़ा मुश्किल होता है। दोनों बच्चों से दूरी थोड़ी मुश्किल होती जा रही थी। अब समझ में आता है भाईयों को ट्रेन में बैठाते समय माँ पापा की आँखों के कोरों से आँसुओं का बहना।

बच्चों की जुदाई का दर्द उनसे बेहतर कौन जान सकता है। ऐसे ही एक दोपहरी दरवाजे की कॉलबेल बजी ।दिखा दरवाजे पर डाकिया था। मेरे पचासवें जन्मदिन पर बिटिया ने दो डायरी और एक पेन भेजा था ।तभी फोन की घंटी घनघना उठी। उधर से उसकी आवाज़ आज भी मेरे कानो में गूंज रही है - मम्मी ," मैने तुम्हारी डायरी बिना तुम्हारे परमिशन के पढ़ी थी। अच्छा लिख लेती हो फिर से लिखो ना।"

" तुम्हारे संस्मरण और यात्रा वृत्तांत को पढ़ा है मैने।" उसने कहा था। " अब कौन पढ़ना चाहेगा मुझे ?" मैनें इधर से कहा। वो तो मैने ऐसे ही शौकिया लिखा था उन यादों को संजो कर रखने के लिए। " मैने कहा।

"हमारे लिए लिए लिखों ना माँ, हमारे बचपन के बारें में कुछ भी।" उसके इसरार पर मैने उस दिन से लिखना शुरू कर दिया। पहली कविता उसी पर लिखीं। कब बड़ी हो गई बिटिया ये मेरी पहली कविता थी। शुरू शुरू में उसे ही लिख कर भेजती पर वो मुझे फेसबुक में डालने के लिए बोलती। थोड़ी झिझक से मैनें डाला। फेसबुक पोस्ट में मेरी कविताओं को पसंद किया गया।

आज आपसब के समक्ष अगर कुछ लिख पातीं हूँ तो बेटी के मोटिवेट करने की वजह से। फिर लघुकथा के परिंदे ,फलक और अपनी राँची के काफी प्रतिष्ठित मंच भी मिले जहाँ मेरी रचनाओं को पसंद किया जाने लगा। छह वर्षों की मेहनत का फल है आज का मेरा ये वजूद। बिटिया ने जो दिशा दिखाई थी आज उसी रास्ते पर हूँ ।मेरी कहानियों के साथ मेरें संस्मरण, यात्रावृत्तांत और कविताओं के भी पाठक अनगिनत हैं। आज अगर कुछ अच्छा लिख पातीं हूँ तो वो बेटी के द्वारा दिखाया गया सही मार्ग है ।मेरे इस सफर में मेरे पति और बेटे नें भी खूब भूमिका निभाई है ।अपनी व्यस्तता के बावजूद उनलोगों ने मेरी इस उड़ान में पूरा सहयोग दिया है।

हमारें यहाँ एक कहावत है अगर परिवार साथ हो तो किला भी फतह कर सकतें हैं। और ये मेरा साहित्यिक सफर की उड़ान किसी किला फतह करनें से कम नहीं है।

# विद्याभूषण जी की बहुरंगी दुनिया व कथा संसार



अनिता रश्मि

वर्षों से साहित्य साधना में लीन, बेहद सक्रिय मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. विद्याभूषण जी जितने बड़े कवि हैं, उतने ही बेहतरीन आलोचक, निबंधकार, संपादक। और उतने ही गंभीर कहानीकार। कवि-कहानीकार-आलोचक-उपन्यासकार-निबंधकार के रूप में साहित्यिक विभूति डॉ. विद्याभूषण जी के रचना संसार में प्रवेश करते ही अनगिन धीर-गंभीर, जनपक्षधर रचनाओं से मुलाकात होती है। अब तक चुके नहीं हैं, रुके नहीं हैं। निरंतर सक्रियता के पर्याय बन चुके 85 वर्षीय विद्याभूषण जी की पुस्तकों में नौ काव्य, छः आलोचना, एक नाट्य, एक उपन्यास, दो गीत संग्रह, आठ संपादित, चार कहानी संग्रह, दो समाज दर्शन की हैं।

पत्र-पत्रिकाओं का संपादन व अन्य रचनाकारों की किताबों की भूमिका के लिए भी उतने ही मन से जुड़ते हैं, जितने समाज दर्शन से। अब तक 51 पुस्तकों की भूमिकाएँ लिख चुके हैं। मित्रों की बिखरी, छोटी चिंदियों में टुकड़ों में लिखित रचनाओं को पुस्तक रूप देने के श्रमसाध्य कार्य भी मनोयोग से किया है। सुप्रसिद्ध साहित्यकार किट्टू, काली किंकर के मृत्योपरांत आईं बोलती किताबें गवाह हैं। अनेक रचनाओं का भाषान्तरण हो चुका है। इतिहास, संस्कृति, समय और समाज का मिजाज प्रिंट मीडिया और सोशल मीडिया या डिजिटल मीडिया में शामिल है।

जनजातीय जीवन पर भी लेखक की पकड़ है। आदिवासी जनजीवन पर एक अध्येता की तरह अध्ययन कर उनकी लिखी गई रचनाओं में विविधवर्णी स्त्रियाँ नजर आती हैं। एक सजग द्रष्टा की तरह वे जनजातीय जीवन को परखते रहे हैं। तब अपनी रचनाओं में उसे गुँथा है। झारखंड सदा से इनके मन में बसा हुआ है। झारखंड को केंद्र में रखकर लिखी गई रचनाओं में सजीव ही नहीं, निर्जीव वस्तुएँ भी जीवंत पात्र की तरह उपयोग में लाई गई हैं। पर कथाओं में जनजातीय जीवन की उपस्थिति कम होते हुए भी ऐसी रचनाओं में बदलाव की मांग भरी छटपटाहट सुस्पष्ट। ऐसे में विद्याभूषण जी की बात अभी भी प्रासंगिक है, "किसी को फुर्सत नहीं कि मुख्य धारा में हर पल विसर्जित हो रही आंचलिक जलधाराओं के योगदान की चर्चा भी हो।"



एक कवि, संपादक, प्रकाशक, आलोचकीय व्यक्तित्व को कहानीकार एवं उपन्यासकार के रूप में देखना सुखद। प्रारंभिक दौर से ही वे सजग सहज कहानीकार थे। यह उनके कहानी संग्रह 'कोरस' 'कोरसवाली गली' 'नायाब नर्सरी' 'पाई टू पाई ऑनेस्ट' ने सिद्ध किया है। उन्होंने कहानियों में आम जनजीवन के संघर्ष, जिजीविषा को बड़ी सहजता, सादगी से सामने रखा है। इनमें सरलीकरण संग भरपूर पठनीयता है।

विद्याभूषण जी ने शुरुआत कविता से की लेकिन कहानी लेखन भी समान्तर चलता रहा। अल्पसंख्यकों की बात ये शिद्दत से उठाते हैं, भटके हुए लोगों की भी। इसमें कहीं परिस्थितिवश बिगड़ गए लोग, कहीं भले किरदार भी नजर आते हैं। जिंदगी की जद्दोजहद में उलझते लोग यहां विश्वसनीय उपस्थिति दर्ज करते हैं। नर्सरी में जैसे अच्छे व साधारण फूल साथ दिखते हैं, वैसे ही इस किताब में अच्छी व सामान्य कहानियाँ हैं। 'पाइ टू पाई ऑनेस्ट' कथा पुस्तक की एक कहानी इसी शीर्षक से है। आजादी के बाद हमारा देश हर तरह से आजाद हो गया। पैसे खाने-खिलाने में भी। उसी को आधार बनाकर एक सचमुच ईमानदार व्यक्ति ईश्वर बाबू के माध्यम से पड़ताल की। ईमानदार पीसता जाता है, बेईमान व्यक्ति मलाई खाता है। गेहूं के साथ घुन की तरह। अंत हमारी व्यवस्था पर एक यक्ष प्रश्न चिन्ह उठाता है, क्या सच में छोटी-मोटी रिश्वतखोरी कानून के दायरे में आनी नहीं चाहिए? चुटीलेपन के साथ गहरी बात, बड़े गहरे सरोकारों को उजागर करती हैं। कहानियों में किस्सागोई का अंदाज है।

उनकी कथाएँ संस्कृतनिष्ठ दुरूह भाषा में नहीं, आम बोलचाल की भाषा में पाठकों से सीधे संवाद करतीं, सामान्य जन की संवेदना का विस्तार करतीं नए मुहावरे जड़ने में सफल हैं। इनमें अपने से, अपनों से लड़ता हुआ आदमी है। विश्ववसनीयता की कसौटी पर खरी हैं। कथा पुस्तक 'कोरस वाली गली' की शीर्षक कहानी में गली के विविध रंग औ मुखर तस्वीरें हैं।

सामान्य कथाओं में संवेदना की महीन झलक, जीवन-जगत की विविध छवियाँ, रहवासियों के ऊपरी खटास सह रिश्ते की मजबूत डोर विशेष है। भाषा वैशिष्ट्य की बानगी - चितकबरी छाँह...मंथराएँ हवा को सुलगाने में जुट जाती हैं।

आमजन के संघर्ष, गली-मुहल्ले के बाशिंदे, दांपत्य जीवन के दैनिक तेवर कहानियों में पहचान सकते हैं। बौद्धिकता के बोझ से मुक्त कहानियों में सहज-सरल पड़ोस के पात्र जटिल स्थितियों, समस्याओं को पुरजोश तरीके से प्रस्तुत करते हैं। केंद्र में मुख्य रूप से आम जन। पर तेवर तीखे नहीं है। चित्रलिखित कहानियाँ गहरी बात कोमल शब्दों में कहती हैं। लगभग सभी वर्गों की विषमताओं, संकीर्णता की खबर ली गई है। कहानियों को पढ़कर पाठक समृद्ध होता है। मानवीय, चुनौतीपूर्ण समाजशास्त्रीय अध्ययन के लिए उनकी रचनाएँ मिसाल हैं। उन्होंने सहित्यिक पृष्ठभूमि नहीं होते हुए भी अनुभवजन्य सरलता से साहित्य को साधा, चिर साधना की, युगों तक रेखांकित करने योग्य है।

संयोजक : नरेश अग्रवाल

# खग की पीड़



रुणा रश्मि 'दीप्त'

घूम घूमकर चहुँदिस ढूँढूँ , तिनका चुनकर लाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
गुम हैं सारे वृक्ष खो गई, आज धरा की हरियली।
फुदक फुदक कर उड़ूँ किस तरह, अब मैं डाली से डाली।
चहकूँ कैसे आज खुशी से, सबको गीत सुनाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
जा पहुँची है किस हद तक मनु, आज तुम्हारी अभिलाषा?
नष्ट किया है रूप धरा का, किंतु न पूर्ण हुई आशा।
बिगड़े हैं हालात किस कदर, आज तुम्हें बतलाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
पर फैलाए उड़ती जाऊँ , नीले नभ के भी ऊपर।
थक जाएँ जब पंख लौटकर, आ जाऊँ वापस भू पर।
यही सोचकर हृदय विकल है, ठौर कहाँ तब पाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।
घूम घूमकर चहुँदिस ढूँढूँ , तिनका चुनकर लाऊँ मैं।
दिखे न कोई डाली जिसपर, अपना नीड़ बनाऊँ मैं।

## आज का दोहा

क्या गुनाह हमने किया, कुछ तो कहो हुज़ूर।
यूँ ही हम चढते रहे, सूली बिना कुसूर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप - 82925 53444 -संपादक


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बाबा महाकाल के किए दर्शन, भस्म आरती में लिया हिस्सा

**उज्जैन (आईएएनएस)**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को अपने उज्जैन प्रवास के दौरान महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन-पूजन किया। वे प्रातःकालीन भस्म आरती में शामिल हुए और भगवान महाकालेश्वर का विधिवत पूजन-अर्चन किया। इस अवसर पर मंदिर की पवित्र और आध्यात्मिक वातावरण में उन्होंने भगवान महाकाल से देश की समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। धर्मेंद्र प्रधान का महाकालेश्वर मंदिर में आगमन सुबह तड़के हुआ। उन्होंने अपनी पत्नी मृदुला प्रधान संग बाबा भस्म आरती में हिस्सा लिया। पूजन का कार्य मंदिर के पुजारी जितेंद्र शर्मा ने संपन्न करवाया। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा को पूर्ण किया, जिसमें मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। पूजन के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने मंदिर परिसर में कुछ समय व्यतीत किया और भगवान महाकाल के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया।

भस्म आरती महाकाल मंदिर की एक अनूठी और विश्व प्रसिद्ध पूजा है। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का भव्य स्वागत किया गया। समिति के सदस्य आशीष दुबे और अभिषेक शर्मा ने उनका सत्कार किया। उन्हें मंदिर की ओर से प्रसाद, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



### "महाकाल की कृपा से मिला आशीर्वाद"

स्वागत के दौरान समिति ने मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को मंदिर की प्राचीन परंपराओं और धार्मिक महत्व के बारे में भी अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने मंदिर की व्यवस्थाओं और प्रबंधन की भी सराहना की। धर्मेंद्र प्रधान ने इस अवसर पर कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से वे स्वयं को धन्य महसूस कर रहे हैं। उज्जैन देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर का प्रतीक है और यह स्थान श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। महाकालेश्वर मंदिर बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। ऐसे में इस अवसर पर मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के लिए प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए थे।

## बेंगलुरु भगदड़ मामला : केएससीए के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने सौंपा इस्तीफा



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने तीन जून को अपना पहला आईपीएल खिताब जीता। इसके अगले दिन बेंगलुरु में आरसीबी 'जश्न समारोह' के दौरान एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मची, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और कई घायल भी हुए। कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के दो वरिष्ठ अधिकारियों ने 'नैतिक जिम्मेदारी' का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इन अधिकारियों में सचिव ए शंकर और कोषाध्यक्ष ईएस जयराम का नाम शामिल है, जिन्होंने अपना इस्तीफा केएससीए अध्यक्ष रघुराम भट को सौंपा है। शुक्रवार को केएससीए को भेजे गए पत्र में शंकर और जयराम ने लिखा, "पिछले दो दिनों में हुई अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं में हमारी भूमिका बहुत सीमित थी। लेकिन नैतिक जिम्मेदारी के चलते हम यह बताना चाहते हैं कि कल रात हमने केएससीए के सचिव और कोषाध्यक्ष के रूप में अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया है। बेंगलुरु हादसे पर स्थानीय पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है।

बेंगलुरु शहर के सेंट्रल डिवीजन में कब्बन पार्क पुलिस ने आरसीबी मैनेजमेंट को पहला, जबकि डीएनए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी को दूसरा आरोपी बनाया है। इनके अलावा केएससीए की मैनेजमेंट कंपनी को तीसरा आरोपी बनाया गया है। ये एफआईआर धारा 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना) और 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का उपयोग करके स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के तहत दर्ज की गई है।

### पायलट ने शिंदे का प्लेन उड़ाने से मना किया, कहा-

## ड्यूटी खत्म होने के बाद उड़ान नहीं भर सकता, एयरलाइन के समझाने पर तैयार हुआ

**मुंबई । एजेंसी**



महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे शुक्रवार को जलगांव के मुक्ताईनगर में संत मुक्ताई की पालकी यात्रा में शामिल होने गए थे। यहां से लौटते वक्त जलगांव एयरपोर्ट पर पायलट ने उनका चार्टर्ड प्लेन उड़ाने से इनकार कर दिया। पायलट ने कहा- उसकी ड्यूटी के घंटे खत्म हो चुके हैं। ऐसे में वह उड़ान नहीं भर सकता है। पायलट की बात सुनकर वहां मौजूद प्रशासनिक अधिकारी सकते में आ गए। उन्होंने पायलट को समझाने की कोशिश की, लेकिन वह नहीं माना।शिंदे के साथ मंत्री गिरीश महाजन और गुलाबराव पाटिल ने एयरलाइन कंपनी से बात की और पायलट को स्थिति समझाई। करीब एक घंटे बाद एयरलाइन कंपनी के समझाने पर पायलट उड़ान भरने के लिए तैयार हुआ।

### नक्सल विरोधी अभियान पर सीएम के साथ बैठक

# नक्सल ऑपरेशंस में शामिल जवानों से मिलकर बधाई देंगे गृह मंत्री



**नई दिल्ली । एजेंसी**

- **सरकारी संकल्प :** गृह मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत को नक्सलवाद से मुक्त करने के संकल्प को दोहराया।
- **सीएम साय की दिल्ली यात्रा :** 6 जून को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पीएम मोदी से मुलाकात कर नक्सल उन्मूलन, विकास और आगे की रणनीति पर चर्चा की।
- **उच्च स्तरीय बैठकें :** दिल्ली दौरे के दौरान सीएम साय ने गृह मंत्री अमित शाह और ऑपरेशंस से जुड़े शीर्ष अधिकारियों से भी मुलाकात की।
- **सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता :** दोनों शीर्ष नेताओं की मौत माओवादी नेटवर्क के लिए बड़ा झटका मानी जा रही है, खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ छत्तीसगढ़ में नक्सल विरोधी अभियान के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी, जिसके कारण शीर्ष नक्सल नेताओं को मार गिराया गया। शाह ने यह भी कहा कि वह सफल अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जवानों से मिलने जल्द ही छत्तीसगढ़ आएंगे। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा किहाल ही में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अधिकारियों से मुलाकात की और इन अभियानों की ऐतिहासिक सफलता पर उन्हें बधाई दी। मैं उन जवानों से मिलने के लिए भी उत्सुक हूं जिन्होंने अपनी बहादुरी से इन अभियानों को सफल बनाया और जल्द ही छत्तीसगढ़ जाकर उनसे मिलूंगा।

उन्होंने भारत को नक्सलवाद के अभिशाप से मुक्त करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के संकल्प को दोहराया। 6 जून को, मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नक्सलवाद को समाप्त करने के उद्देश्य से सफल अभियानों, आगे के रास्ते और राज्य के विकास पर चर्चा करने के लिए दिल्ली पहुंचे। अपने दौरे के दौरान, सीएम साय ने गृह मंत्री शाह और अभियानों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों से भी मुलाकात की। एक महीने से भी कम समय में, दो नक्सल विरोधी अभियानों ने प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी) के दो शीर्ष कमांडरों को मार गिराया है। 5 जून को, अधिकारियों ने पुष्टि की कि एक शीर्ष नक्सल नेता सुधाकर (उर्फ गौतम) का शव मिला है। 21 मई को, तीन सप्ताह से भी कम समय पहले, बसव राजू का शव बरामद किया गया था। राजू केंद्रीय समिति पोलित ब्यूरो के सदस्य और सीपीआई (माओवादी) के महासचिव थे, जिन्हें व्यापक रूप से नक्सल आंदोलन की रीढ़ के रूप में जाना जाता है। अधिकारियों के अनुसार, गौतम एक वरिष्ठ माओवादी नेता था जो कई हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार था, जिसके परिणामस्वरूप कई निर्दोष आदिवासी नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की मौत हुई। उसकी मौत सुरक्षा बलों के लिए एक बड़ी सफलता है और माओवादी नेतृत्व के लिए एक बड़ा झटका है, खासकर दंडकारण्य क्षेत्र में। उसके मारे जाने से प्रतिबंधित और गैरकानूनी माओवादी संगठन की पहले से ही कमजोर होती ताकत को काफी झटका लगने की उम्मीद है। इससे पहले, सीएम साय ने ऐसे ऑपरेशनों को अंजाम देने वाले जवानों की बहादुरी के लिए उन्हें सलाम किया।

### राहुल को नींद से जागना ही पड़ेगा

## 'महाराष्ट्र चुनाव फिक्सिंग' के आरोप पर बोले सीएम फडणवीस

**मुंबई । एजेंसी**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नवंबर 2024 में होने वाले महाराष्ट्र चुनावों में 'मैच फिक्सिंग' के राहुल गांधी के दावों को खारिज करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता की टिप्पणी का मतलब है कि उन्होंने बिहार में आगामी चुनावों में अपनी हार स्वीकार कर ली है। फडणवीस ने यह भी कहा कि राहुल की पार्टी तभी चुनाव जीतेगी जब वह मैदान में उतरेंगे और 'तथ्यों को समझेंगे' गांधी ने 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए पर तीखा हमला किया और कहा कि राज्य में भारी जीत दर्ज करने के लिए 'मैच फिक्सिंग' की गई है। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अजित पवार के गुट सहित भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन ने 288 सीटों में से 235 सीटें जीतकर राज्य में शानदार जीत दर्ज की। भगवा पार्टी ने राज्य चुनावों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया क्योंकि उसने अकेले 132 सीटें जीतीं। सोशल मीडिया पोस्ट में इंडियन एक्सप्रेस के अपने लेख को शीर्षक देते हुए राहुल ने लिखा, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए पर 'लोकतंत्र में हेराफेरी' करने का आरोप लगाया।

इसके अलावा राहुल ने यह भी आरोप लगाया कि भाजपा बिहार चुनाव में भी यही हथकंडा अपनाएगी। उन्होंने आगे कहा क्योंकि महाराष्ट्र का मैच फिक्सिंग अब बिहार में भी होगा और फिर जहां भी भाजपा हार रही है। मैच फिक्सिंग चुनाव किसी भी लोकतंत्र के लिए जहर है। इसके बाद फडणवीस ने कांग्रेस नेता पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, "इसका मतलब है कि राहुल गांधी ने बिहार में अपनी हार स्वीकार कर ली है। जब तक राहुल गांधी जमीन पर नहीं उतरेंगे और तथ्यों को नहीं समझेंगे, लोगों से झूठ नहीं बोलेंगे और खुद को और अपनी पार्टी को झूठी उम्मीदें नहीं देंगे, तब तक उनकी पार्टी कभी नहीं जीत सकती। उन्हें जागना होगा।



### "मेरा लेख दिखाता है कि यह कैसे हुआ, चरण दर चरण

- **चरण 1:** चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में हेराफेरी
- **चरण 2:** मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को शामिल करें
- **चरण 3:** मतदान प्रतिशत बढ़ाएँ
- **चरण 4:** फर्जी मतदान को ठीक उसी जगह लक्षित करें जहाँ भाजपा को जीतना है
- **चरण 5:** सबूत छिपाएं

### केसी त्यागी का पलटवार

## राहुल गांधी को दिखा जंगलराज तो नहीं उठाते सवाल



**नई दिल्ली ।** जनता दल (यूनाइटेड) जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के उस बयान पर जोरदार पलटवार किया है जिसमें उन्होंने कहा कि बिहार, जो कभी सत्य, न्याय और अहिंसा की धरती था, आज 'क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया' बनता जा रहा है। राहुल के इस बयान पर केसी त्यागी ने कहा कि अगर उन्होंने बिहार में जंगलराज देखा होता तो वह शायद इस तरह की टिप्पणी नहीं करते। शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत के दौरान केसी त्यागी ने कहा कि राहुल गांधी को बयान देने से पहले बिहार के जंगलराज के बारे में जान लेना चाहिए। अगर जान लेंगे तो शायद बिहार की कानून व्यवस्था पर सवाल नहीं खड़े करेंगे।

## आज का राशिफल

**मेष :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष :** मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने

**तुला :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मकर :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कुंभ :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन :** व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

### आईएसआई एजेंट के साथ ज्योति मल्होत्रा का पोडकास्ट

## माहौल खराब करने के लिए कैसे किया यूट्यूब चैनल का इस्तेमाल?



**नई दिल्ली । एजेंसी**

ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी से पता चला कि यूट्यूबर्स के जरिए पाकिस्तान ने भारत में जासूसी का नेटवर्क बनाया था। इसी जासूसी नेटवर्क पर एक और बड़ा खुलासा हुआ है। नए खुलासे में पाकिस्तानी एजेंट है, जिसका कोडनेम मैडम एन है। पाकिस्तान के पंजाब पुलिस में एक पूर्व सब-इंस्पेक्टर और अब एक यूट्यूबर नासिर ढिल्लों, भारत में जासूसी गिरोह का मास्टरमाइंड होने और खालिस्तानी प्रचार को बढ़ावा देने के लिए गहन जांच के दायरे में आ गए हैं। पूर्व पाकिस्तानी पुलिस अधिकारी एक व्यापक जासूसी नेटवर्क में शामिल होने और आईएसआई के लिए लोगों की भर्ती करने के लिए रडार पर आ गया है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि सैकड़ों पूर्व पाकिस्तानी पुलिसकर्मी इस रैकेट में शामिल हैं। पंजाब से जसबीर की गिरफ्तारी एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम था, क्योंकि उसने खुलासा किया कि नासिर ढिल्लन ने उसे आईएसआई एजेंट से मिलवाया था और लाहौर में एजेंट के साथ उसकी मुलाकात तय की थी।

**ज्योति मल्होत्रा के साथ पॉडकास्ट किया :** कथित तौर पर ढिल्लों ने कई भारतीय यूट्यूबर्स से संपर्क बनाए रखा, उनसे दोस्ती की और आईएसआई एजेंटों के साथ उनके संपर्क को सुगम बनाया। वह ज्योति मल्होत्रा के संपर्क में भी था, जिसके साथ उसने पॉडकास्ट भी किया था।

## पत्नी का कटा सिर लेकर थाने पहुंचा पति अवैध संबंध के शक में की हत्या



**बेंगलुरु ।** कर्नाटक के बेंगलुरु में एक 28 साल के शख्स शंकर ने अवैध संबंध के शक में अपनी पत्नी का सिर काट दिया। फिर कटा सिर स्कूटर पर लेकर खुद थाने भी गया। पुलिस ने पत्नी की हत्या के आरोप में उसे गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात बेंगलुरु के अनेकल तालुक के चंदपुरा के पास हीलालिगे गांव में हुई। कपल की शादी को पांच साल से ज्यादा हो चुके हैं और उनकी चार साल की एक बेटी भी है। दोनों ही प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। पति कोरमंगला में काम करता था, जबकि पत्नी बोम्मासंद्रा में जॉब करती थी।

## हरियाणा में 7 करोड़ की साइबर ठगी करने वाला आरोपी बिहार के गोपालगंज से गिरफ्तार

**गोपालगंज (आईएएनएस)।**

हरियाणा में सात करोड़ रुपये की साइबर ठगी के एक मामले में हरियाणा पुलिस ने बिहार के गोपालगंज से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गोपालगंज पुलिस के सहयोग से हरियाणा पुलिस ने मीरगंज थाना क्षेत्र के खरगी छाप गांव में छापेमारी कर विशाल सिंह उर्फ विवेक सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी पर फ्रॉड कर ठगी करने का आरोप है। बताया गया कि आरोपी ने गुरुग्राम स्थित प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कंपनी एम थ्री एम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के फर्जी मालिक बनकर इस ठगी की घटना को अंजाम दिया और करीब सात करोड़ रुपये की राशि ठग ली। बिहार के गोपालगंज पहुंची हरियाणा पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने खुद को कंपनी का मालिक बताकर कंपनी के एक अधिकारी को व्हाट्सएप पर फर्जी नंबर से संदेश भेजा और 19 मई 2025 से 27 मई 2025 तक अलग-अलग बैंक खातों में कुल 6.96 करोड़ रुपये ट्रांसफर करवा लिए। यह रकम कंपनी के एक ही बैंक के खाते से कई किस्तों में ट्रांसफर की गई। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना दक्षिण गुरुग्राम में एक मामला दर्ज किया गया और पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई। इस मामले की प्राथमिकी थाना साइबर दक्षिण, गुरुग्राम में अपराध धारा 318(4), 319 बीएनएस के तहत दर्ज की गई है।



- गोपालगंज के एसपी अवधेश दीक्षित ने गिरफ्तारी की पुष्टि की
- व्हाट्सएप चैट, बैंक ट्रांजैक्शन डिटेल्स, और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं

पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस ने बताया कि व्हाट्सएप चैट, बैंक ट्रांजेक्शन डिटेल्स और संबंधित दस्तावेज जब्त कर लिए हैं। गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि हरियाणा पुलिस ने गोपालगंज पुलिस के सहयोग से एक ठगी के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है और कानूनी कार्रवाई के बाद आरोपी को हरियाणा भेज दिया जाएगा। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# राजस्थान में आईसीयू में बेहोश महिला के साथ बलात्कार!

**जयपुर । एजेंसी**

राजस्थान में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू वार्ड में 32 वर्षीय महिला के साथ कथित तौर पर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ के एक सदस्य ने 4 जून को बलात्कार किया। एफआईआर के अनुसार, अपराध को अंजाम देने से पहले पीड़िता को बेहोशी का इंजेक्शन दिया गया था, जबकि उसका परिवार वार्ड के बाहर ही इंतजार कर रहा था।

**आईसीयू में भर्ती 32 वर्षीय महिला का बलात्कार :** इस सप्ताह की शुरुआत में ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के सर्जिकल मेडिकल आईसीयू के अंदर एक नर्सिंग कर्मचारी द्वारा कथित तौर पर 32 वर्षीय महिला के साथ बलात्कार किया गया, जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई की और अस्पताल स्तर पर जांच शुरू कर दी। आरोपी सुभाष घिथला (30) को अस्पताल में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। प्रशासन ने ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर और स्टाफ सदस्यों को भी नोटिस जारी कर उनसे लिखित जवाब मांगा है। जांच के लिए एक समिति बनाई गई है और शनिवार शाम तक इसके नतीजे आने की उम्मीद है।

### अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ का कर्मचारी था आरोपी




**आरोपी ने बिस्तर के चारों ओर पर्दा लगा दिया था :** अलवर के सहायक उपनिरीक्षक महावीर सिंह ने बताया, "एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 32 वर्षीय पत्नी, जो ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के आईसीयू में भर्ती थी, के साथ 4 जून की रात को नर्सिंग स्टाफ ने बलात्कार किया। आरोपी ने बिस्तर के चारों ओर पर्दा लगा दिया था और महिला को यौन उत्पीड़न करने से पहले बेहोशी का इंजेक्शन लगा दिया था।

**अस्पताल के कर्मचारियों ने उसके साथ बलात्कार किया :** पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, पीड़िता ने नाम पुकारना शुरू कर दिया, जिसके बाद वार्ड स्टाफ ने उसके पति को बुलाया। उस समय उसके बिस्तर के चारों ओर पर्दे लगे हुए थे और महिला नशे की हालत में थी। सुबह जब उसे होश आया, तब उसने अपने परिवार को पूरी आपबीती सुनाई। अस्पताल प्रशासन ने कथित तौर पर मामले को दबाने की कोशिश की।

### आरोपी ने अधिकारियों के सामने महिला और उसके परिवार से माफी भी मांगी

पीड़िता के पति ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन से संपर्क किया, लेकिन अधिकारियों ने कथित तौर पर मामले को दबाने की कोशिश की। शिकायत के अनुसार, आरोपी ने अधिकारियों के सामने महिला और उसके परिवार से माफी भी मांगी। अस्पताल ने कथित तौर पर घटना को दबाने की कोशिश तब तक जारी रखी जब तक कि पीड़िता ने अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सूचित नहीं किया, जिन्होंने तुरंत पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निर्देशों का पालन करते हुए, पुलिस ने एक प्राथमिकी दर्ज की, पीड़िता की चिकित्सा जांच की और उसका बयान दर्ज किया। पुलिस ने पुष्टि की कि महिला के वीडियो बयान में स्पष्ट रूप से नर्सिंग स्टाफ के सदस्य को अपराधी के रूप में पहचाना गया है।

# दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों का आखिरकार एक बड़ा खूबसूरत ब्रेकअप हो रहा है




- दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों को एक-दूसरे पर अपनी दुष्टता को निर्देशित करते देखना बेहद ही सुखद है
- मस्क ने ट्रंप को निर्वाचित कराने में मदद करने के लिए 277 मिलियन डॉलर खर्च किए

ब्रोमेंस भले ही खत्म हो गया हो, लेकिन ट्रंप ने पहले भी अपने दुश्मनों को चूमा है और उनसे सुलह की है। जब तक यह चलता है, इसका आनंद लें। यदि आपने भौतिकी की कक्षा में ध्यान दिया होगा, तो आपको अहंकार-गतिकी(ego-dynamics) का तीसरा नियम याद होगा। अर्थात्: जब समान द्रव्यमान वाले दो अहंकार एक ही कक्षा में होते हैं, तो सिस्टम अंततःअस्थिर हो जाएगा, जिसके परिणामस्वरूप विस्फोटक अलगाव और कुछ बहुत ही बुरे टूट होंगे। इस सिद्धांत को क्रियान्वित होते देखने के लिए कृपया डोनाल्ड ट्रंप और एलोन मस्क ब्रोमेंस के नाटकीय पतन पर एक नज़र डालें। यह खबर हमेशा से ही एक नॉनस्टॉप हॉरर शो रही है। दुनिया के दो सबसे बुरे लोगों को एक-दूसरे पर अपनी दुष्टता को निर्देशित करते देखनाबेहद ही सुखद है।जबकि मैं अपनी खुशी को रोक नहीं पाऊँगी, मैं खुद को इतना संभाल लूँगी कि मैं पिछली कहानी पर जा सकूँ। सबसे पहले, जैसा कि आप जानते हैं, मस्क ने ट्रंप को निर्वाचित कराने में मदद करने के लिए $277 मिलियन खर्च किए। यदि यह कहीं और होता तो हम इसे भ्रष्टाचार कहते और अमेरिका लोकतंत्र स्थापित करने के लिए देश पर आक्रमणकर सकता था। लेकिन हम जिस अमेरिका की बात कर रहे हैं, वह ठीक था।मस्क द्वारा उन सभी पैसों को दान करने के बाद, ट्रंप ने यथास्थिति बनाए रखी। मस्क को अपना डोगे गिग मिला, जिसके माध्यम से उन्होंने अमेरिका को बहुत सारा पैसा बचाने के नाम पर अपने व्यवसायों को विनियमित करने वाली सभी एजेंसियों को कमजोर कर दिया।यही वह बिंदु है जहाँचीजें गलत होने लगीं और मस्क की प्रतिष्ठा गिरने लगी। पिछले कुछ वर्षों में अरबपति ने निराशाजनक रूप से बड़ी संख्या में लोगों को यह समझाने में कामयाबी हासिल की थी कि वह सत्ता-विरोधी विचारों वाले किसी प्रकार के प्रतिभाशाली रॉकेट मैन हैं। हालांकि, एक बार जब वह सत्ता-विरोधी हो गए और संघीय नौकरियों में कटौती करने लगे, तो बहुत से लोग इसबात से नाराज होने लगे कि उनके जीवन पर उनका कितना प्रभाव था।मस्क भले ही एक अंतरिक्ष कैडेट हों, लेकिन वे भी देख सकते थे कि वे अपने ब्रांड को कितना नष्ट कर रहे थे। बेशक, टेस्ला के शेयरों में गिरावट से भी कोई मदद नहीं मिली।इसलिए एक हफ़्ते पहले उन्होंने समझदारी भरा काम किया और घोषणा की कि वे ट्रंप प्रशासन में अपनी भूमिका छोड़ रहे हैं। हालांकि, ज्यादा दिलचस्प बात यह है कि "पहले दोस्त" ने ट्रंप के मार्की टैक्स बिल की सार्वजनिक रूप से आलोचना की। मस्क और ट्रंप के बीच दरार की अफवाहें फैलने लगीं।पहले जब मस्क ने ट्रंप प्रशासन से अलग होने का फैसला किया तो मुझे लगा कि सार्वजनिक तलाक़ सिर्फ़ दिखावा हो सकता है, एक पारस्परिक रूप से फायदेमंद पीआर अभ्यास। ट्रंप ने एकऐसे अजीबोगरीब व्यक्ति से छुटकारा पा लिया जिसे कोई पसंद नहीं करता था और जो लगातार उनके लिए समस्याएँ खड़ी करता रहता था। मस्क को अपने चिंतित निवेशकों को यह दिखाने का मौका मिला कि वे अपनी सारी ऊर्जा उन कंपनियों में लगा रहे हैं जिन्हें उन्हें चलाना चाहिए। मुझे लगा कि किसी विवाद की अफ़वाहें बहुत बढ़ा-चढ़ाकर बताई गई थीं। हालांकि, बीते गुरुवार को, चीज़ें इस हद तक बढ़ गईं कि मुझे नहीं लगता कि इस विवाद को मनगढ़ंत या बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा सकता है।आप देखिए, बीते गुरुवार की दोपहर को जेफरी एपस्टीन का भूत चैट में आया। अरबों खर्च करके खरीदे गए सोशल नेटवर्क पर लिखते हुए, मस्क ने ट्वीट किया: "वास्तव में बड़ा बम गिराने का समय आ गया है: @realDonaldTrump एपस्टीन फाइलों में है। यही असली कारण है कि उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। आपका दिन शुभ हो, DJT!" अतिरिक्त गड़बड़ करने के लिए उन्होंने कहा: "इस पोस्ट को भविष्य के लिए चिह्नित करें। सच्चाई सामने आ जाएगी।" यह ध्यान देने योग्य है कि मस्क, एक ऐसा व्यक्ति जो कथित तौर पर एक निश्चित उम्र की हर महिला परअपना शुक्राणु थोपता है, जिसका अन्य लोगों को यौन अपराधी कहने का एक अच्छी तरह से प्रलेखित इतिहास है। आत्म-तोड़फोड़ शायद तब शुरू हुई जब उन्होंने 2018 में ब्रिटिश गुफा खोजकर्ता वर्नोन अन्सवर्थ को बिना किसी औचित्य के "पेडो गाइ" कहा, जब अन्सवर्थ ने थाई गुफा में फंसे 12 लड़कों को बचाने में मदद की थी वास्तव में, उन्होंने किसी भी बच्चे कोनहीं बचाया और अन्सवर्थ ने अरबपति की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जब उन्होंने मस्क को सुझाव दिया कि "अपनी पनडुब्बी को वहीं लगा दें जहां उसे चोट लगती है"। फिर भी, जबकि मस्क ट्वीट करने से पहले नहीं सोचते, यह उनके लिए भी थोड़ा लापरवाह लगता है। यह निश्चित रूप से "निर्मित पीआर विवाद" की सीमाओं से परे है और "पुल जलाने" के क्षेत्र में प्रवेशकरता है। और, ज़ाहिर है, जिस आदमी के बारे में आपने अभी संकेत दिया है कि वह एपस्टीन के सर्कल में था, उसके साथ बिस्तर पर होना आपको बिल्कुल भी अच्छा नहीं बनाता है, है ना? एपस्टीन के बारे में ट्वीट करने के साथ-साथ, मस्क ने यह भी कहा कि अगर ट्रंप अपने सैकड़ों मिलियन के साथ हस्तक्षेप नहीं करते तो वे "चुनाव हार जाते"। मस्क ने यह भी सुझावदिया कि वह एक नई राजनीतिक पार्टी शुरू कर सकते हैं। इस बीच, ट्रंप बिल्कुल भी चुप नहीं रहे। उन्होंने मस्क को "पागल" कहा और अरबपति की कंपनियों के साथ सरकारी अनुबंधों को काटने की धमकी दी। तो क्या यह एक बड़ी, खूबसूरत दोस्ती का अंत है? क्या यह, जैसा कि षड्यंत्र सिद्धांतकार और ट्रंप की सहयोगी लारा लूमर ने कहा- "एक बड़ा सुंदरब्रेकअप" है? जबकि ऐसा लगता है, हमें याद रखना चाहिए कि ट्रंप ने पहले भी अपने नफरत करने वालों के साथ चुंबन किया है और सुलह की है। हालांकि राष्ट्रपति की त्वचा बहुत पतली है (सारा ब्रॉन्ज़र एपिडर्मिस पर कहर बरपा सकता है), वह एक व्यावहारिक व्यक्ति भी है।बस "लिटिल मार्को" उर्फ मार्को रुबियो उर्फ राज्य सचिव को ही देख लीजिए। 2016 केचुनाव से पहले, रुबियो ने ट्रंप को "धोखा देने वाला" बताया और सुझाव दिया कि उन्हें मूत्राशय की समस्या है। इस बीच, ट्रंप ने रुबियो को "घबराया हुआ व्यक्ति" कहा, जो अब तक मिले सबसे पसीने से तर व्यक्ति थे।

उन्होंने कहा, "यह घृणित है।" "हमें किसी ऐसे व्यक्ति की ज़रूरत है जिसके पास वह सब कुछ न हो जो उसके पास है।" कई अन्य कटाक्षों काआदान-प्रदान हुआ, लेकिन लगभग एक दशक बाद, ऐसा लगता है कि सब कुछ माफ़ कर दिया गया है। दोनों पुरुष अब चोरों की तरह घनिष्ठ हो गए हैं। यह भी संभव है कि, एक साधारण महिला के रूप में, मैं मस्क और ट्रंप के बीच चल रही टेस्टोस्टेरोन-युक्त पेचीदगियों को समझ नहीं पा रही हूँ। रूढ़िवादी टिप्पणीकार जैक पोसोबिएक ने मददगार ट्वीट किया-"आपमें से कुछ लोग दो उच्च एजेंसी वाले पुरुषों को एक-दूसरे से भिड़ते हुए नहीं देख सकते हैं और यह वास्तव में दिखता है। यह प्रत्यक्ष संचार (फैलोसेंट्रिक) बनाम अप्रत्यक्ष संचार (स्त्री केंद्रित) है।" फिर भी, जबकि अंततः किसी तरह का सुलह हो सकता है, मैं इस नाटक का आनंद ले रहा हूँ। मुझे लगता है कि हम सभी इसका आनंद ले रहे हैं। खैर, शायद कान्ये वेस्ट उर्फ येनहीं। गुरुवार को बदनाम रैपर ने ट्वीट किया- "भाई कृपया न करें... हम आप दोनों से बहुत प्यार करते हैं।" जैसा कि मस्क खुद कह सकते हैं- शर्त है कि आपने नाज़ी के साथ ऐसा किया।

**(सभार-अरवा महदावी (द गार्जियन)**

जैश-ए-मोहम्मद को खत्म करो..

## भारत के खिलाफ जहर उगल रहे थे बिलावल, अमेरिकी सांसद ने डांटा

**न्यूयॉर्क** । वरिष्ठ अमेरिकी कांग्रेसी ब्रैड शेरमन ने पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के साथ वाशिंगटन में बैठक के दौरान आतंकवादी समूह जैश-ए-मोहम्मद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई और पाकिस्तान में धार्मिक अल्पसंख्यकों के लिए अधिक सुरक्षा का आह्वान किया। यह बैठक कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक भारतीय बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की समानांतर यात्रा के साथ हुई, जो ऑपरेशन सिंदूर और 22 अप्रैल के पहलगाम हमले के बाद भारत की आतंकवाद विरोधी प्रतिक्रिया के बारे में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए अमेरिका में हैं।

## मां के अस्पताल में छोड़े नवजात के शव का आधा हिस्सा मिला

**महू** । महू के मध्य भारत अस्पताल के शौचालय में एक नवजात का क्षत-विक्षत शव मिला है। शरीर का आधा हिस्सा कुत्ते खा गए। मरीजों के परिजन सुबह शौचालय में पहुंचे, तब उन्हें शव दिखा। कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि घटना शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे की है। एक युवती ने अस्पताल के शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और उसे वहीं छोड़कर चली गई। शनिवार सुबह मरीजों के परिजन ने देखा कि कुत्ते शौचालय में पड़े नवजात का शव खा रहे हैं। अस्पताल की महिला गार्ड ने कुत्तों को भगाया और अस्पताल प्रभारी को सूचित किया। बच्ची का ऊपरी हिस्सा गायब मिला। अस्पताल प्रभारी एचआर वर्मा के अनुसार, बच्ची के शव का ऊपरी हिस्सा गायब था। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

### अमेरिकी अधिकारियों से मिला भारतीय प्रतिनिधिमंडल

# पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर पर की चर्चा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

वरिष्ठ कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में भारत का एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका पहुंचा। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख अमेरिकी सांसदों और अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत की जवाबी कार्रवाई के बारे में जानकारी दी।

यह यात्रा आतंकवाद विरोधी सहयोग को मजबूत करने के लिए वाशिंगटन में द्विदलीय समर्थन जुटाने तथा क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों के मद्देनजर भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक संबंधों को गहरा करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। वाशिंगटन में भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, "डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज अमेरिकी उप विदेश मंत्री के साथ स्पष्ट बातचीत की। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।



**थरूर ने अमेरिकी सीनेटर से की मुलाकात**

दूतावास ने एक अन्य एक्स पर पोस्ट किया, "डॉ. शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिकी सीनेट की हाउस फॉरेन रिलेशंस कमेटी के सदस्य सीनेटर क्रिस वैन होलेन के साथ एक सार्थक बैठक की। प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पहलगाम में हुए जघन्य आतंकवादी हमले के बारे में जानकारी दी। सीनेटर ने भारत में बार-बार होने वाले आतंकवादी हमलों के पीड़ितों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है, और भारत के आत्मरक्षा के अधिकार के लिए समर्थन व्यक्त किया।

# ट्रेन में फर्जी आधार से आरक्षण व यात्रा पड़ेगी भारी

**आरपी सिंह**



- एम आधार एप से पकड़े जाएंगे फर्जीवाड़े वाले
- यह एप ऑफलाइन काम करेगा सत्यापन आसानी से होगा

**नई दिल्ली**। इन दिनों लोग फर्जी आधार कार्ड बनाकर भी कई तरह की धांधली कर रहे हैं। जिसमें से फर्जी आधार कार्ड के सहारे ट्रेन में आरक्षण व इसी तरह के अन्य कार्य कर रहे हैं। लेकिन अब ट्रेन में फर्जी आधार कार्ड का नंबर दे आरक्षण कराना भारी पड़ेगा। पेनाल्टी तो लगेगा ही , जेल भी जाना पड़ेगा। क्योंकि फर्जी आधार कार्ड को एम आधार एप के मार्फत स्कैन करते ही आधार कार्ड की असलियत उजागर हो जाएगी। इसके लिए टीटीई एम आधार एप की मदद से ट्रेन के अंदर आधार कार्ड की सच्चाई आसानी से जान सकेंगे। हैंड हेल्ड टर्मिनल मशीन पहले से टीटीई को मिली हुई है। इस मशीन से टिकट का सत्यापन और खाली बर्थ की आसानी से जानकारी मिल जाती है। अब आधार जांच की सुविधा भी मशीन में करने का प्रयास किया जा रहा है। ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर (टीटीई) अपने मोबाइल पर एम आधार एप डाउनलोड करेंगे। जिससे वह क्यूआर कोड आधारित जांच कर सकेंगे। क्यूआर कोड से स्कैन करते ही उनके मोबाइल पर आधार नंबर, फोटो , नाम, लिंग, जन्मतिथि व पता दिखने लगेगा। इससे आधार का तुरंत ही सत्यापन हो जाएगा।यह एम आधार एप ऑफलाइन मोड में भी चलाया जा सकेगा। ट्रेन में सफर के दौरान मोबाइल में अधिकतर नेटवर्क नहीं मिलते, जिसके कारण ऑनलाइन मोड एप काम नहीं कर पाता। लेकिन यह एप ऑफलाइन काम करेगा, जिससे आधार का सत्यापन आसानी से हो सकेगा। वहीं जो भी यात्री फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा करते पकड़े जाएंगे, उन्हें तत्काल आरपीएफ, जीआरपी या स्थानीय पुलिस को सूचना देकर उनके हवाले करना होगा।रेलवे ने सभी टीटीई को एम आधार एप डाउनलोड करने का निर्देश दिया है। ताकि टीटीई एम आधार एप की सुविधा से ट्रेन में फर्जी आधार कार्ड से यात्रा करने वालों का सत्यापन कर सकें।

# सैन डिएगो बीच पर योग कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं

**ब्यूरो**



प्रशिक्षक स्टीवन हबर्ड और एमी बैक ने शहर के अध्यादेश के बाद मुकदमा दायर किया था, जिसमें समुद्र तट पर ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया था

**नई दिल्ली**। सैन डिएगो बीच पर इस सप्ताह योग कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं, क्योंकि एक संघीय अपील कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि ऐसी गतिविधियों को प्रतिबंधित करने वाला शहर का अध्यादेश असंवैधानिक है और योग सिखाना "संरक्षित भाषण" है। अमेरिका की नौवीं सर्किट अपील कोर्ट के तीन जजों के पैनल ने बुधवार को सैन डिएगो के एक जज के फैसले को खारिज कर दिया और दो प्रशिक्षकों के पक्ष में फैसला सुनाया, जिन्होंने सैन डिएगो द्वारा 2024 में पारित कानून के खिलाफ मुकदमा दायर किया था, जिसमें तटवर्ती पार्कों और समुद्र तटों पर चार या अधिक लोगों की योग कक्षाओं पर प्रतिबंध लगाया गया था।"चूंकि अध्यादेश योग सिखाने को लक्षित करता है, इसलिए यह स्पष्ट रूप से [प्रशिक्षकों के] बोलने के पहले संशोधन के अधिकार को प्रभावित करता है," फैसले में कहा गया कि अध्यादेश प्रशिक्षकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है।शहर ने तर्क दिया था कि नियम योग के लिए विशिष्ट नहीं था, बल्कि व्यावसायिक गतिविधि के लिए था, क्योंकि प्रशिक्षक स्टीवन हबर्ड और एमी बैक की मुफ्त कक्षाओं में 100 से अधिक लोग आ सकते हैं जो प्रत्येक कक्षा के लिए $5 से $40 तक का दान देते हैं। सैन डिएगो के वकीलों ने अदालती कागजात में लिखा, "इस मामले में शहर के वैध सरकारी हितों में सभी आगंतुकों और निवासियों द्वारा अपने पार्कों और समुद्र तटों का संरक्षण, सुरक्षा और व्यवस्थित उपयोग शामिल है," उन्होंने कहा कि शहर और काउंटी ने 2023 में 32 मिलियन आगंतुकों को आकर्षित किया। गुरुवार तक, हबर्ड ने पैसिफिक बीच के पार्क में ताड़ के पेड़ों के नीचे एक दर्जन लोगों को योग सिखाना फिर से शुरू कर दिया था। उन्होंने कहा कि पिछले साल अध्यादेश के प्रभावी होने के बाद से उन्हें कम से कम 10 बार उनकी कक्षाओं के लिए उद्धृत किया गया था, जो सभी के लिए निःशुल्क और खुली हैं ,पीज़ ने कहा कि आउटडोर योग उन लोगों के लिए एक सेवा है जो विकलांग हैं या अन्यत्र योग कक्षाओं का खर्च नहीं उठा सकते। "यह यहाँ एक लोकप्रिय चीज़ है। हम एक समुद्र तट समुदाय हैं, और यह लोगों के लिए योग तक पहुँचने का एक तरीका है जो वे अन्यथा नहीं कर पाएँगे," पीज़ ने कहा। पैसिफ़िक बीच पार्क में, जॉन नोक, जो चार साल से हबर्ड की कक्षाओं में भाग ले रहे हैं, ने कहा कि उन्हें लगता है कि समूह को इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि क्षेत्र के धनी घर के मालिक नहीं चाहते थे कि लोग उनके समुद्र तट के दृश्यों को बाधित करें। नोक ने कहा, "मैं व्यक्तिगत रूप से इसे मुट्ठी भर अभिजात वर्ग पर समुदाय की जीत के रूप में देखता हूं।

# हाउसफुल-2 की एक्ट्रेस शाजान पदमसी ने रचाई बिजनेसमैन से शादी

बॉलीवुड अभिनेत्री शाजान पदमसी, जो हाउसफुल 2 और दिल तो बच्चा है जी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, ने एक नई पारी की शुरुआत की है। अभिनेत्री ने 5 जून को एक निजी पारिवारिक समारोह में व्यवसायी आशीष कनकिया से शादी कर ली। यह सादगीपूर्ण शादी करीबी प्रियजनों की मौजूदगी में सम्पन्न हुई, जबकि शादी का जश्न 7 जून को मनाया जाएगा। शाजान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस खास मौके की खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं, जिसमें वे और उनके पति पेस्टल शेड्स के पारंपरिक परिधानों में बेहद खुश नजर आ रहे हैं।




**हाउसफुल 2** और दिल तो बच्चा है जी जैसी बॉलीवुड फिल्मों में नजर आईं अभिनेत्री शाजान पद्मसी ने 5 जून को एक करीबी पारिवारिक समारोह में व्यवसायी आशीष कनकिया से शादी कर ली। शादी साधारण थी और इसमें प्रियजनों ने भाग लिया। 7 जून को जश्न मनाया जाएगा। शाजान ने इंस्टाग्राम पर प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा, "यह दिन। यह एहसास। हमारा हमेशा के लिए। कथित तौर पर दोनों की मुलाकात एक कॉमन फ्रेंड के जरिए हुई थी। नवंबर 2024 में उनकी सगाई हुई। तस्वीरों में शाजान पद्मसी और उनके पति आशीष कनकिया अपनी शादी के दौरान खुशी के पल साझा करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने मैचिंग पेस्टल-टोन्ड ट्रेडिशनल आउटफिट पहने हैं। शाजान खूबसूरत कढ़ाई वाले लहंगे में और सिर पर पारदर्शी दुपट्टा लिए हुए बेहद खूबसूरत लग रही हैं।पद्मसी ने शुक्रवार को 'इंस्टाग्राम' पर अपने विवाह की कई तस्वीरें साझा कीं। अभिनेत्री (37) ने 'ऑफ-व्हाइट' कढ़ाई वाला लहंगा पहना था, जिसे बेल बूटियों की कढ़ाई से भव्य रूप दिया गया था। कनकिया ने पद्मसी के लहंगे के रंग से मिलती-जुलती शेरवानी पहनी हुई थी।दोनों ने 20 जनवरी को सगाई की थी और इसकी घोषणा उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए की, जिसमें लिखा था, ''नयी शुरुआत 20 जनवरी 2025।'' पद्मसी हाल ही में ''है जुनून!'' में नजर आई थीं।




### पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने जनजातीय समुदाय को लेकर जताई चिंता, कहा

# राज्य में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय

- पैसा कानून लागू करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**दुमका।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शनिवार को दुमका पहुंचे। भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि झारखंड में जनजातीय समुदाय की स्थिति काफी दयनीय हो चुकी है।

हेमंत सरकार अपने वोट बैंक के खातिर इसे पिछड़ा अवस्था में ही रखना चाहती है। रघुवर दास ने यहां तक कह दिया कि इस राज्य का एक ग्रुप इन्हें ईसाई प्रदेश तो दूसरा ग्रुप इसे इस्लामी प्रदेश बनाना चाहता है। अगर यही हाल रहा तो तो झारखंड की स्थिति नागालैंड और मिजोरम जैसी हो जाएगी।

इसे बचाने के लिए झारखंड में एक और हूल (आंदोलन) की आवश्यकता है। मैंने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिया है। बारिश के मौसम के बाद जनजातीय समाज को जागरूक करने के लिए मैं पद यात्रा पर निकलूंगा। रघुवर दास ने यह बातें दुमका परिसदन में पत्रकारों से बातचीत में कहा।

रघुवर दास ने हेमंत सरकार से यह मांग की है कि जल्द से जल्द पेसा कानून लागू करें। इससे जनजातीय समुदाय का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के सचिव ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा कि 1400 करोड़ रुपए का फंड तभी दिया जा सकता है, जब आप पेसा कानून लागू करेंगे।

रघुवर दास ने सरकार से यह सवाल किया कि आखिरकार किसके दबाव में पेसा कानून लागू नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज आदिवासियों के हित और विकास के नाम पर अबुआ सरकार सत्ता में तो आ गई है, पर वह इस समुदाय के लिए कोई भी काम नहीं कर रही है।

वर्षों से यह समाज विकास के लिए संघर्ष कर रहा है। इसके भी अपने सपने, आकांक्षाएं हैं लेकिन उस पर हेमंत सोरेन का ध्यान नहीं है। रघुवर दास ने कहा कि हेमंत सोरेन ने मंईयां सम्मान योजना की घोषणा कर वोट तो ले लिया लेकिन लगातार उसके लाभुकों की संख्या में कटौती कर रही है। इससे साफ पता चलता है कि यह सरकार महिलाओं की भी हितैषी नहीं है।

## रघुवर ने घुसपैठ को बताया काफी खतरनाक

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि आज झारखंड में जो घुसपैठ हो रहा है, वह काफी खतरनाक है। उन्होंने कहा कि मेरे कार्यकाल में पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया गया था, लेकिन हेमंत सरकार उसे छूट दे रही है। पीएफआई और सिमी में कोई अंतर नहीं है। धर्मांतरण और घुसपैठ को यह सरकार समर्थन दे रही है, जो इस राज्य के लिए काफी चिंताजनक है। अपने राजनीतिक भविष्य के संबंध में उन्होंने कहा कि मैं भाजपा के कार्यकर्ता के तौर पर काम कर रहा हूं। मुझे भारतीय जनता पार्टी ने काफी सम्मान दिया है। अब मुझे किसी पद की लालसा नहीं है।

## रघुवर दास का बयान राज्य की सामाजिक एकता पर हमला है : डॉ तनुज खत्री



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास द्वारा दुमका में दिए गए हालिया बयान पर झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने कहा कि श्री दास का बयान झारखंड की सदियों पुरानी सामाजिक समरसता और धर्मनिरपेक्ष चरित्र पर सीधा हमला है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक पूर्व मुख्यमंत्री इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, जो समाज को बांटने, भय फैलाने और सस्ती राजनीतिक लोकप्रियता पाने का प्रयास है। उन्होंने कहा क जब रघुवर दास मुख्यमंत्री थे, तब उन्हीं के नेतृत्व में झारखंड की आत्मा सीएनटी और एसपीटी कानून के साथ खुला खिलवाड़ किया गया। आदिवासियों की जमीन को उद्योगपतियों के हवाले करने की साज़िश उसी सरकार में रची गई थी। उनके शासनकाल में कई निर्दोष आदिवासियों का एनकाउंटर, आंदोलनकारियों पर देशद्रोह के मुकदमे, और पत्थलगड़ी जैसी परंपराओं का दमन हुआ। आज वही नेता आदिवासियों की हालत पर 'चिंता' जताकर घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार राज्य की सांविधानिक मूल भावना लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आदिवासी अस्मिता को मज़बूती से आगे बढ़ा रही है। सरना कोड की मांग, स्थानीय नीति, छात्रवृत्ति योजनाएं, रोजगार सृजन ये सब मूलवासी-आदिवासी हितों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। रघुवर दास जैसे नेता धार्मिक ध्रुवीकरण का सहारा लेकर जो जहर बोने की कोशिश कर रहे हैं, झारखंड की जागरुक जनता उसे सिरे से नकारती रही है और आगे भी नकारेगी।

# केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने बीडीएल का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शनिवार को हैदराबाद में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड की कंचनबाग इकाई का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान, मंत्री ने पर्यावरण स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए हरित पहल के तहत परिसर में पौधे लगाए। इस अवसर पर सांसद कोटेश्वर रेड्डी भी मौजूद थे। बीडीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमोडोर ए. माधवराव (सेवानिवृत्त) ने मंत्री का स्वागत किया और उन्हें विभिन्न अत्याधुनिक उत्पादन सुविधाओं और विशेष रूप से बीडीएल कंचनगढ़ इकाई में निर्मित किए जा रहे रक्षा उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जानकारी दी। मंत्री ने बीडीएल के कर्मचारियों को भी संबोधित किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन के प्रति उनके समर्पण और महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। उन्होंने भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने और अत्यंत चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में हमारे देश की रक्षा करने वाले सशस्त्र बलों के बहादुर कर्मियों का समर्थन करने के उनके प्रयासों की सराहना की। यह दौरा कर्मचारियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा और भारत की स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में बीडीएल की महत्वपूर्ण भूमिका की पुष्टि की।

## दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनना हर्ष का विषय : सीपी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी पर बने विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज को लेकर भाजपा नेता सी.पी. सिंह ने शनिवार को कहा कि यह देश के लिए हर्ष का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे ब्रिज के लिए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। उन्होंने कहा, "जो काम अंग्रेज नहीं कर पाए, उसे आपने कर दिखाया।" भाजपा नेता सी.पी. सिंह ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "जम्मू-कश्मीर में चिनाब नदी के ऊपर जो रेलवे पुल बना है, वह विश्व का सबसे ऊंचा पुल है। यह पूरे देश के लिए हर्ष का विषय है। यह फ्रांस के एफिल टॉवर और दिल्ली के कुतुबमीनार से भी बहुत ऊंचा है। ऐसे में उमर अब्दुल्ला ने अपने भाषण में जो कहा है, वह बिल्कुल सही कहा है। मोदी है तो मुमकिन है।" देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सी.पी. सिंह ने कहा, "कांग्रेसियों को पीएम मोदी की तारीफ नहीं पचती है। वे देश को खोखला करने वाले लोग हैं। इंडी गठबंधन वाले को कौन समझाए कि भाजपा का विरोध करते-करते वे भारत का विरोध करने लगे हैं। वे सभी पाक प्रेमी हैं और भारत को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते। लेकिन पीएम मोदी जिस अभियान में लगे हैं, वह 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। चिनाब रेलवे पुल इसी कड़ी का एक हिस्सा है।" लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के महाराष्ट्र चुनाव में मैच फिक्सिंग का आरोप लगाने पर सी.पी. सिंह ने निशाना साधा। उन्होंने कहा, "राहुल गांधी को लेकर एक कहावत बिल्कुल सही चरितार्थ होती है कि खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे। महाराष्ट्र चुनाव हो गया, वहां पर एनडीए की सरकार बन गई। जब विपक्ष हार जाती है, तो आरोप लगते हैं, और जब जीत जाते हैं, तो सब ठीक लगता है। कांग्रेस के लोगों की यह पुरानी चाल है कि जहां हारते हैं, ईवीएम को दोष देते हैं और कर्नाटक में जीत दर्ज की तो ईवीएम ठीक रहा।"

## कमीशन नहीं मिलने से पीडीएस डीलर नाराज तालाबंदी की चेतावनी

**रांची।** प्रदेश के 25 हजार से अधिक पीडीएस डीलरों ने राज्य सरकार पर धोखा देने का आरोप लगाया है। डीलरों का कहना है कि खाद्य आपूर्ति एवं सार्वजनिक वितरण विभाग न केवल डीलरों की मांग की पूरी तरह से उपेक्षा कर रहा है, बल्कि प्रशासनिक दबाव बनाकर बिना कमीशन के काम करा रहा है। कोरोना अवधि की बकाया राशि भी राज्य सरकार द्वारा नहीं दी गई है। फेयर प्राईश शॉप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ओंकार नाथ झा ने कहा है कि इससे पीडीसी डीलर पूरी तरह से आहत हैं। कई बार विभागीय मंत्री और सचिव को ज्ञापन सौंप कर इस ओर ध्यान दिलाया गया, लेकिन इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई। ऐसे में सभी पीडीएस डीलर तालाबंदी करने पर भी विचार कर सकते हैं। ओंकार नाथ झा ने कहा है कि केंद्र सरकार ने बीते दिनों विभाग को निर्देश दिया है कि मानसून को देखते हुए लाभुकों को अगले तीन माह (जून, जुलाई और अगस्त) का राशन एक साथ दिया जाए। लेकिन सभी जिलों में अभी तक राशन पहुंचाने का काम पूरा नहीं हुआ है।

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

# ईसीएल के तत्कालीन मुख्य प्रबंधक के खिलाफ सीबीआई ने शुरू की जांच



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची (हिस)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में गोड्डा स्थित ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड के राजमहल एरिया में पदास्थापित तत्कालीन मुख्य प्रबंधक (खनन) के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। आरोप है कि उन्होंने अपनी ज्ञात आय के स्रोतों से अधिक की संपत्ति अर्जित की है। गोड्डा जिले में ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (ईसीएल) के राजमहल एरिया में पदास्थापित तत्कालीन मुख्य प्रबंधक (खनन) परमेश्वर यादव पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शिकंजा कस दिया है। सीबीआई की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने उनके खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में 4 जून को प्राथमिकी दर्ज की और अब जांच शुरू कर दी है।

परमेश्वर यादव पर आरोप है कि उन्होंने 1 जनवरी 2019 से 22 मई 2024 के बीच अपनी ज्ञात आय के ज्ञात स्रोतों से करीब 54 लाख 572 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की। सीबीआई की प्रारंभिक जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद ही मामला दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार परमेश्वर यादव ईसीएल के राजमहल क्षेत्र में विभिन्न पदों पर रहते हुए जानबूझकर अवैध तरीके से खुद को समृद्ध करते गए और अपनी वास्तविक आय से कहीं अधिक संपत्ति इकट्ठा की।

सीबीआई को जानकारी मिली है कि एक जनवरी 2019 से 22 मई 2024 की अवधि के दौरान परमेश्वर यादव को सभी ज्ञात स्रोतों से 1.57 करोड़ रुपया की आय हुई। इस अवधि में उन्होंने 1. 21 करोड़ रुपये खर्च किया। सीबीआई को जांच में भी पता चला कि इस खर्च के अलावा उन्होंने इस अवधि में 90 लाख 37 हजार 643 रुपये की चल-अचल संपत्ति या तो अपने या अपने परिवार के सदस्यों के नाम पर अर्जित की है। इस प्रकार उन्होंने अपनी आय से 54 लाख 572 रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की है। अर्जित संपत्ति के संबंध में उन्होंने संतोषजनक हिसाब नहीं दिया है।

## 1974 के आंदोलनकारी के लिए सम्मान योजना लागू करे सरकार : डॉ सूरज



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अखिल भारतीय संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक राम प्रवेश सिंह एवं पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने देशभर के 74 आंदोलनकारियों, यातनाभोगियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों के पेंशन और सम्मान में एकरूपता के साथ ही उसे स्वतंत्रता सेनानियों को दी जा रही पेंशन और अन्य प्रदत्त सुविधाओं के समकक्ष करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए प्रताड़ित होनेवाले उन आंदोलनकारियों एवं भूमिगत क्रांतिकारियों को अपेक्षित जीवन जीना पर रहा है जिनका महत्व स्वतंत्रता सेनानियों से कम बिल्कुल भी नहीं है।

आपातकाल और जेपी आंदोलन की 50वीं वर्षगांठ पर देशभर में राजभवन के समक्ष धरना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी के तहत पटना में राजभवन के समक्ष आयोजित धरना के बाद बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर श्री सिंह एवं डॉ मंडल ने उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम अपना मांग पत्र सौंपा। मंच ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अगले 25 जून 2025 को नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के एनेक्सी हाल में संपूर्ण क्रांति राष्ट्रीय मंच के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करने के लिए भी आमंत्रित किया है।

## ठगी के फरार आरोपी को भेजा जेल

**रांची।** तुपुदाना ओपी की पुलिस ने तीन साल से फरार ठगी के आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम संतोष मिश्रा है और वह तुपुदाना भवानीपुर का रहने वाला है। उसके खिलाफ 2022 में तुपुदाना ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। उसके खिलाफ न्यायालय से वारंट भी जारी थी। इसी आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को आरोपी को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेजा।

### विस सचिवालय ने पूर्व विधायकों को किया नोटिस

## फ्लैट खाली करने का दिया निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा सचिवालय ने शनिवार को बड़ा कदम उठाते हुए 11 पूर्व विधायकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस के जरिये उन्हें अपने-अपने फ्लैट खाली करने का निर्देश दिया गया है। ये फ्लैट्स विधानसभा के विधायक आवास परिसर में स्थित हैं।

विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि विधायक आवास के कमरों एवं स्टोर रूम को पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर खाली कर दें, नहीं तो नियमानुसार, अग्रेतर कार्रवाई विधानसभा सचिवालय की ओर की जाएगी। जिन कमरों को लेकर नोटिस जारी किया गया है, उनमें कमरा नंबर 48, 123, 124, 125, 126, 127, 137, 207, 208, 209 और 210 शामिल हैं।

इन कमरों के अलावा पूर्व विधानसभा सदस्यों से संबंधित बाहरी व्यक्तियों को भी सूचित किया गया है कि वे उन कमरों और स्टोर रूम को खाली कर दें, जिनपर अनाधिकृत रूप से अवैध कब्जा किया गया है।

विधानसभा सचिवालय ने यह कार्रवाई अवैध कब्जे को लेकर की है। आरोप है कि पूर्व विधायकों के परिजन इन फ्लैट्स में काफी लंबे समय से रह रहे थे, जिसे विधानसभा सचिवालय ने गंभीरता से लिया है।

## साली ने जीजा पर 48 लाख की धोखाधड़ी का किया केस

**रांची।** थड़पखना की रहने वाली दिव्यश्री ने अपने जीजा पर मखाना बिजनेस के नाम पर 48 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगायी है। इस संबंध में दिव्यश्री ने जीजा मृत्युंजय कुमार के खिलाफ लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। दिव्यश्री की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि उनके जीजा ने उन्हें और उनकी बहन अंशु अभिषेक के साथ मिलकर मखाना का बिजनेस के एवज में राशि ली। कहा कि मुनाफा में सभी का बराबर हिस्सा होगा। इसके बाद विभिन्न तिथियों में उनसे और अंशु से कुल 48 लाख रुपए लिया। मुनाफा की राशि नहीं मिलने पर जब वे लोग पुर्णिया पहुंचे तो पता चला कि गोदाम में मखाना नहीं है। एकरारनामा की कॉपी मांगी गई तो उसने देने से इंकार कर दिया। इसके बाद राशि मांगने पर आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे।

# रांची में नए आरओबी का निर्माण शुरू, 20 करोड़ की लागत से बनकर होगा तैयार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी वासियों को जल्द ही एक नए आरओबी की सौगात मिलने वाली है। जानकारी के अनुसार, रांची के बिरसा चौक में नये रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निर्माण शुरू हो गया है। इसकी लंबाई एप्रोच रोड मिलाकर लगभग 80 मीटर होगी। इसके निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बताया गया कि वर्तमान में ब्रिज के नीचे दो लाइन (अप-डाउन) है। रेलवे की योजना दो सेंटिंग लाइन के अलावा वर्तमान ट्रैक के दोनों तरफ एक-एक और लाइन बनाने की है। इसके बाद आरओबी के नीचे कुल छह ट्रैक हो जायेगें। यह योजना अगले 40 सालों के रेल परिचालन को देखते हुए बनायी जा रही है।



### ट्रेनों के परिचालन में होती है परेशानी

मालूम हो कि रांची से हटिया की तरफ आने वाली ट्रेनों के लिए दो मेन लाइन है। मेन लाइन पर ट्रेनों की संख्या अधिक होने की वजह से अक्सर ट्रेन या मालगाड़ी आधा घंटा तक खड़ी रह जाती है। इससे ट्रेनों के परिचालन में परेशानी होती है। इसलिए बिरसा चौक ब्रिज के नीचे से दो अतिरिक्त सेंटिंग लाइन बिछायी जायेगी, जिसे यार्ड लाइन से जोड़ दिया जायेगा। ऐसे में यार्ड की तरफ जाने वाली ट्रेनों को परेशानी नहीं होगी।

इसके निर्माण में करीब 20 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसका निर्माण कार्य जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### हटाया गया है अतिक्रमण

वहीं, नया ब्रिज बनाने के लिए रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया है। अब रेलवे की जमीन की घेराबंदी की जा रही है। पहाड़ तोड़ने के लिए बड़ी-बड़ी मशीन भी लगायी गयी है। मालूम हो कि नये ब्रिज के निर्माण से लोगों को जाम से निजात मिलेगी। वर्तमान में ब्रिज छोटा होने के कारण जाम की समस्या होती है। बिरसा चौक से विधानसभा, हाइकोर्ट व प्रोजेक्ट भवन के अलावा बाइपास, डीबडीह की तरफ जाने वाले वाहन इसी ब्रिज से होकर गुजरते हैं।

## पीएम के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर : राकेश

**रांची।** भाजपा रांची महानगर की ओर से शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। मोदी सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के स्वर्णिम 11 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम संकल्प से सिद्धि के तह अभियान के तहत इसका आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। 1947 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का प्रधानमंत्री के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए देश के सभी नागरिक एवं भाजपा कार्यकर्ताओं को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ही भारत विकसित राष्ट्र बनेगा। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम में कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें एवं इसे आम जनता तक पहुंचायें। विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में गरीब कल्याण के बहुत कार्य हुए। हमें केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने की जरूरत है। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने कहा कि केंद्र की जन कल्याणकारी योजनाओं को आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाया जायेगा।

### कार्तिक उरांव फ्लाइओवर का उद्घाटन से आदिवासी समुदाय के लोग निराश

# हर साल अब पांच जून को काला दिवस मनाएंगे : गीताश्री उरांव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आदिवासी संगठनों के बंद के अगले दिन जिस तरह से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सिरोमटोली फ्लाइओवर का उदघाटन किया है, उससे आदिवासी समुदाय के लोग निराश और हताश हैं। बाबा कार्तिक उरांव के नाम से फ्लाइओवर का नामकरण करने से आदिवासी समुदाय की पीड़ा कम नहीं हो जाएगी। अब हर साल पांच जून को हमलोग काला दिवस मनाएंगे और उस दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन करेंगे। उक्त बातें पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कही। वे नगड़ाटोली स्थित सरना भवन में केंद्रीय सरना स्थल सिरोमटोली बचाओ मोर्चा, आदिवासी बचाओ मोर्चा सहित अन्य आदिवासी संगठनों के संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं।



### मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा

गीताश्री उरांव ने कहा कि सिरमटोली फ्लाइओवर के रैंप व आदिवासियों से जुड़े अन्य मुद्दों को लेकर मोर्चा का आंदोलन जारी रहेगा। मोर्चा की ओर से कहा गया कि पूरे राज्य में आदिवासी समाज के मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाकर जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जन विरोधी नीतियों का विरोध रहेगा। मोर्चा की ओर से कहा गया कि आंदोलन को व्यापक रूप देने के लिए विभिन्न आदिवासी संगठनों सहित 32 जनजातियों के प्रतिनिधि के साथ 21 जून को सिरमटोली में महाबैठक का आयोजन होगा। संवाददाता सम्मेलन में निरंजना हेरेंज, पूर्व मंत्री देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, बबलू मुंडा, फूलचंद तिर्की, राहुल तिर्की, आकाश तिर्की आदि उपस्थित थे।

## अवैध हथियार के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** रांची पुलिस शनिवार को दो आरोपियों को अवैध हथियार के साथ सुखदेवनगर थाना क्षेत्र स्थित पहाड़ी मंदिर के पास से गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा ने बताया कि शनिवार को रात करीब 01.15 बजे सूचना मिली कि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र पहाड़ी मंदिर के पास अवैध आग्नेयास्त्र की खरीद बिक्री करने के लिए कुछ लोग आने वाले हैं। सूचना के आलोक में सिटी एसपी अजीत कुमार के नियंत्रण में और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा पहाडी मंदिर के पास संदिग्ध अवस्था में दो व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़ाए व्यक्तियों ने अपना नाम अनिल गाड़ी और आकाश मिर्धा बताया।

## पृष्ठ एक के शेष

**झारखंड भवन में कमरा नहीं...**

लेकिन शुक्रवार को जब वे झारखंड भवन पहुंचे तो रिसेप्शन पर उन्हें बताया गया कि कोई भी कमरा उपलब्ध नहीं है। इस व्यवहार से आहत होकर विधायक अपने सामान के साथ रिसेप्शन के सामने जमीन पर बैठ गए।

विधायक ने बताया कि उन्होंने स्वयं पड़ताल की, जिसमें यह जानकारी मिली कि एक कमरा किसी पूर्व विधायक के नाम पर बुक है, जबकि अन्य कमरे खाली हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब करोड़ों रुपये खर्च कर झारखंड भवन का निर्माण कराया गया है, तो आखिर यह किसके लिए बना है? उन्होंने कहा कि झारखंड के एक जनप्रतिनिधि को इस तरह अपमानित होना पड़ा, जो ठीक नहीं है। विधायक ने झारखंड भवन की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए और इसे राजनीतिक भेदभाव का परिणाम बताया।

**झारखंड को मिला देश की बेस्ट नेत्र...**

कमेटी की चेयरपर्सन और रांची ऑप्थाल्मिक फोरम की सेक्रेटरी डॉ भारती कश्यप ने बताया कि झारखंड नेत्र सोसाइटी को वर्ष 2024-25 में नेत्र रोग विशेषज्ञ और स्नातकोत्तर छात्रों के बीच वैज्ञानिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए और आम जनों में नेत्र स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के सफल संचालन के लिए देश की सर्वश्रेष्ठ नेत्र सोसाइटी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड नेत्र सोसाइटी को एशिया पैसिफिक नेत्र विज्ञान कांग्रेस, नयी दिल्ली में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिला। **झारखंड में नेत्र सुरक्षा के लिए चला 142 मेगा अभियान :** डॉ भारती कश्यप ने बताया कि एक वर्ष (2024-25) में झारखंड में नेत्र सुरक्षा के लिए 142 मेगा विजन फॉर झारखंड अभियान चलाये गये। 94 वैज्ञानिक सत्र और 54 सर्जिकल प्रशिक्षण वेट लैब का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले डॉक्टरों में डॉ बी पी कश्यप, डॉ राजीव कुमार, डॉ एसआर सिंह, डॉ दीपक, डॉ आशा रानी, डॉ नीलेंदु मिश्रा, डॉ अनूप, डॉ पंकज, डॉ डॉली, डॉ मलय, डॉ प्रितीश, डॉ मुकेश, डॉ भरत, डॉ आबिद, डॉ अमित व अन्य शामिल थे।

## गुकेश नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में तीसरे नंबर पर रहे

# वर्ल्ड नंबर-1 कार्लसन ने खिताब जीता विमेंस में अन्ना मुजीचुक टॉप पर रहीं

**नई दिल्ली । एजेंसी**

वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे चेस 2025 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर रहे। एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी 5वें स्थान पर रहे। जीत के बाद कार्लसन ने कहा, मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। टूर्नामेंट जीतना राहत की बात है। टूर्नामेंट काफी उतार-चढ़ाव भरी रहा, लेकिन अंत में सबकुछ अच्छा रहा। गुकेश और अर्जुन के बारे में उन्होंने कहा, सभी बहुत अच्छे हैं। हालांकि, उन्हें अभी भी तैयारी के लिए थोड़ा समय चाहिए। आर्मेनिया में एक टूर्नामेंट चल रहा है, जहां भारत के आर प्रग्गनानंद और अरविंद चिदंबरम ने बहुत अच्छा शतरंज खेला। गुकेश के खिलाफ हुए मुकाबले में मिली हार को लेकर कार्लसन ने कहा, भले ही यह कोई अच्छी याद नहीं, लेकिन मुकाबला हमेशा याद रहेगा। गुकेश ने छठे राउंड में कॉर्लसन को हराया था भारतीय स्टार डी गुकेश ने छठे राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 मैग्नस कार्लसन को हराया था। गुकेश की क्लासिकल चेस में कार्लसन के खिलाफ पहली जीत हासिल की थी। हार के बाद कार्लसन ने गुस्से में चेस बोर्ड पर मुक्का मारा, जिससे मोहरे बिखर गए। हालांकि बाद उन्होंने गुकेश से माफी मांगी और उनकी पीठ भी थपथपाई। इसके बाद उन्होंने मीडिया से बात नहीं की और चले गए।

विमेंस कैटेगरी में मुजीचुक को मिली जीत विमेंस कैटेगरी में यूक्रेन की ग्रैंडमास्टर अन्ना मुजीचुक ने खिताब जीता। भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी तीसरे और वैशाली रमेशबाबू पांचवें स्थान पर रहीं।

### भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

- **वैशाली रमेशबाबू ने पांचवां स्थान हासिल किया।**
- आर प्रग्गनानंद और अरविंद चिदंबरम ने आर्मेनिया टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाया।





### मुजीचुक की बड़ी जीत : यह मेरे करियर की अहम सफलता है

मुजीचुक ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। इस टूर्नामेंट में जीत बहुत मायने रखती है। मुझे लगता है कि यह बड़ी सफलता है। भारत को नई पीढ़ी से कई नए और अच्छे खिलाड़ी मिल रहे हैं, लेकिन पुरानी पीढ़ी में भी कोनेरु हम्पी जैसी दिग्गज रही हैं। मैंने कोनेरु के साथ अपना पहला गेम तब खेला था जब मैं केवल सात साल की थी। उस समय वो 10 साल की थी। यह 28 साल पहले की बात है। मुजीचुक ने कहा कि भारत विमेंस और मेंस दोनों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। मुझे लगता है कि आने वाले दिनों में कई और खिलाड़ी आएंगे, जिनके खिलाफ खेलना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहेगा।

## जोकोविच फ्रेंच ओपन का सेमीफाइनल हारे कहा-

# शायद यह मेरा आखिरी मैच था, 24 ग्रैंड स्लैम जीत चुके जोकोविच को 23 साल के सिनर ने हराया

**नई दिल्ली । एजेंसी**

24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन 2025 का सेमीफाइनल मैच हार गए हैं। इसी के साथ उनका 25वां ग्रैंड स्लैम जीतने का सपना भी टूट गया है। 38 साल के सर्बिया के स्टार को 23 साल के इटली के जैनिक सिनर ने 6-4, 7-5, 7-6 (3) से हराया। यह मैच 3 घंटा और 16 मिनट में चला। सिनर से सीधे सेटों में हारने के बाद जोकोविच ने अपना बैग नीचे रखा। दर्शकों को आभार जताते हुए कहा- 'शायद यह मेरा आखिरी मैच था। मुझे नहीं पता, इसलिए मैं आखिर में थोड़ा अधिक भावुक हूं। अगर यह फ्रेंच ओपन में मेरे करियर का आखिरी मैच था तो दर्शकों ने जिस तरह से मेरा समर्थन किया उसे देखते हुए यह अद्भुत था।' जोकोविच अगले साल फ्रेंच ओपन तक 39 वर्ष के हो जाएंगे।

इससे पहले जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरून नोरी को हराकर फ्रेंच ओपन में अपनी 100वीं जीत दर्ज की थी, जिससे वह राफेल नडाल के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। वर्ल्ड नंबर-1 सिनर और अल्काराज के बीच फाइनल वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर का फाइनल में सामना रविवार (8 जून) को वर्ल्ड नंबर-2 खिलाड़ी स्पेन के कार्लोस अल्काराज से होगा। पहले सेमीफाइनल में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी ने कार्लोस अल्काराज के खिलाफ मुकाबला बीच में ही छोड़ दिया था। 8वीं सीड मुसेट्टी ने मुकाबले से जब हटने का फैसला किया, उस समय अल्काराज 4-6, 7-6 (3), 6-0, 2-0 से आगे चल रहे थे।



**जोकोविच ने कहा-**
क्या मैं आगे खेलना चाहता हूं, हां, मैं चाहता हूं। लेकिन क्या मैं 12 महीने बाद यहां खेल पाऊंगा, मुझे नहीं पता। मैंने कहा था कि यह यहां मेरा आखिरी मैच हो सकता है। मैंने ऐसा नहीं कहा था कि यह मेरा यहां आखिरी मैच होगा।

# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे में बेल्जियम ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड से भिड़ेगी



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम यूरोप दौरे पर पांच मैच खेलेगी। भारतीय टीम 8 से 17 जून तक बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड की टीमों को चुनौती देगी। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने हाल ही में अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों के टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था, जिसके बाद अब टीम अगले चरण के लिए यूरोप पहुंच गई है। भारत एंटवर्प स्थित हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बेल्जियम के खिलाफ तीन मैचों के साथ दौरे की शुरुआत करेगा। इसके बाद भारतीय टीम कोंटिच में बीयरशॉट टेनिस हॉकी पैडल क्लब में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। यूट्रेक्ट के हॉकी क्लब कम्पोंग में नीदरलैंड के खिलाफ मैच के साथ भारत अपने दौरे का समापन करेगा। अर्जेंटीना में भारतीय टीम ने मजबूत प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया। टीम ने चिली के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की। इसके अलावा मेजबान अर्जेंटीना के खिलाफ 1-1 से मैच जीता और उरुग्वे को दो बार हराया। यह दौरा टीम की तैयारियों के लिए बेहद अहम है। खासतौर पर ये मैच दिसंबर 2025 में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप-2025 के लिए भारत की तैयारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी हैं। इससे विभिन्न परिस्थितियों में मजबूत अंतरराष्ट्रीय प्रतिद्वंद्वियों का सामना करते हुए टीम कॉम्बिनेशन को बेहतर बनाने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए जरूरी आत्मविश्वास पैदा करने में मदद मिलेगी। यूरोपीय दौरे से पहले भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने कहा, "यह दौरा हमारी टीम के लिए एक बेहतरीन मौका है।

अर्जेंटीना में हमें बहुत कुछ सीखने को मिला और अब बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया और नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले खेलने से हम उस लय को बनाए रख पाएंगे।

- **चिली पर जीत:** भारतीय टीम ने चिली को 2-1 से हराकर शानदार शुरुआत की।
- **मेजबान अर्जेंटीना से बराबरी:** अर्जेंटीना के खिलाफ मुकाबला 1-1 की बराबरी पर खत्म हुआ।
- **उरुग्वे के खिलाफ दो जीत:** भारत ने उरुग्वे को लगातार दो बार हराकर अपना दबदबा बनाए रखा।

## टेस्ट सीरीज के लिए यूके पहुंची भारतीय टीम, 'गिल एंड कंपनी' के हौसले बुलंद

**नई दिल्ली ।** भारत-इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज शुरू होने जा रही है। इसके लिए शनिवार को टीम इंडिया लंदन पहुंच चुकी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर टीम के लंदन पहुंचने का वीडियो पोस्ट किया है। बीसीसीआई ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, "यूके पहुंच गए हैं। बीसीसीआई के 'एक्स' हैंडल पर पोस्ट किए गए वीडियो में यूके पहुंचकर भारतीय खिलाड़ी काफी कूल नजर आ रहे हैं।

# वीपीटीएल 2025 : पहली हार के बाद बोले कप्तान जितेश शर्मा, 'बल्लेबाजों को लेनी होगी जिम्मेदारी

**नागपुर (आईएएनएस)**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा विदर्भ प्रो टी-20 लीग में एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर की कप्तानी कर रहे हैं। पहले मैच में हार के बाद उन्होंने कहा कि बल्लेबाजी में सुधार की जरूरत है। विदर्भ प्रो टी20 लीग में शुक्रवार को खेले गए एक मैच में भारत रेंजर्स ने एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर पर 23 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर टीम के कप्तान जितेश शर्मा भी अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर सके। हालांकि, आने वाले मैचों में उन्होंने बल्लेबाज के अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद जताई। मैच के बाद जितेश शर्मा ने कहा, "विदर्भ लीग में यह हमारे लिए सीखने का दौर है। यह हमारा पहला साल है और स्वाभाविक रूप से, गलतियां होंगी। लेकिन, महत्वपूर्ण यह है कि हम सीखें और सुधार करें। आईपीएल पूरी तरह से एक अलग लीग है और इसकी सीधे तुलना नहीं की जा सकती, लेकिन हम यहां अपने मानकों और कौशल के स्तर को निश्चित रूप से बढ़ा सकते हैं। उन्होंने कहा, "आज कुछ गलतियां बल्लेबाजी में हुईं। लेकिन, हम सकारात्मक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। हमने वास्तव में अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन बल्लेबाजी इकाई को अधिक जिम्मेदारी लेने की जरूरत है। एक खिलाड़ी और कप्तान के तौर पर मैं बस यही चाहता हूं कि युवा खिलाड़ी खेल का आनंद लें और अनुभव के माध्यम से आगे बढ़ें। एनईसीओ मास्टर ब्लास्टर शनिवार को नागपुर टाइटन्स से और रविवार को नागपुर हेरोज से भिड़ेगा। जितेश शर्मा ने कहा, "अगले मैच के लिए हमारी योजना, बेहतर क्रिकेट खेलना और जीत पर ध्यान केंद्रित करना है।



## अनऑफिशियल टेस्ट- केएल राहुल का शतक

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहले दिन इंडिया-ए 319/7, जुरेल का अर्धशतक

**नई दिल्ली ।** इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच नॉर्थम्पटन में खेले जा रहे दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट का पहला दिन केएल राहुल के नाम रहा। राहुल ने इंग्लैंड दौरे की अपनी शुरुआत शतक लगाकर की। राहुल ने पहली पारी में 168 बॉल पर 116 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल ने 52 रन बनाए। इंडिया-ए ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक सात विकेट खोकर 319 रन बना लिए हैं। पहले दिन बारिश की वजह से दो बार खेल रोकना पड़ा, इस वजह से 83 ओवर का ही खेल हो पाया। तनुष कोटियान (5) और अंशुल कंबोज (1) नाबाद लौटे। यशस्वी-राहुल के बीच 86 रन की साझेदारी इंग्लैंड लायंस ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया।

# दक्षिण अफ्रीकी टीम संतुलित, डब्ल्यूटीसी फाइनल एक शानदार मैच होगा : लाबुशेन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन का मानना है कि लॉर्ड्स में 'संतुलित' दक्षिण अफ्रीकी टीम के खिलाफ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल एक 'शानदार मैच' होगा। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2022-23 में टेस्ट सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का सामना किया, जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने 2-0 से जीत दर्ज की थी। मार्नस लाबुशेन ने आईसीसी से कहा, "साउथ अफ्रीका इस डब्ल्यूटीसी चक्र में एक बहुत अच्छी टीम रही है। यह कागजों पर एक संतुलित टीम है। उनके पास कुछ बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। यह हमारे लिए एक शानदार चुनौती होगी। हमें अपने खेल पर फोकस करना होगा। लॉर्ड्स में खेलना खास होता है। यह एक शानदार सप्ताह और एक शानदार मैच होने जा रहा है। 30 वर्षीय लाबुशेन उस प्लेइंग इलेवन का हिस्सा थे जिसने 2023 में ओवल में भारत को 209 रनों से हराकर पहली बार डब्ल्यूटीसी ट्रॉफी जीती थी। इस बार फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका से भिड़ रही है। लाबुशेन ने कहा, "यह एक रोमांचक टूर्नामेंट है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# केंद्र ने वैज्ञानिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के प्रोक्योरमेंट के लिए जीएफआर नियमों को बनाया आसान

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि रिसर्च को आसान बनाने के लिए एक बड़े कदम के रूप में वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की खरीद के लिए जनरल फाइनेंस रूल्स (जीएफआर) को सरल बनाया गया है। जीएफआर केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों के लिए वित्तीय प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण ढांचा प्रदान करता है। सामान्य वित्तीय नियम (जीएफआर) केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों पर लागू होते हैं, जिनके अपने स्वीकृत वित्तीय विनियम हैं। जीएफआर बजटिंग, खरीद, व्यय और लेखांकन जैसे पहलुओं को कवर करता है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस कदम से युवा शोधकर्ताओं के लिए स्वायत्तता बढ़ेगी। उन्होंने कहा, "युवा महत्वाकांक्षी स्टार्टअप, इनोवेटर्स और शोधकर्ताओं के लिए यह एक उत्साहजनक खबर है और साथ ही एक बड़ी सफलता है।

रिसर्च करने में आसानी के एक ऐतिहासिक कदम में, साइंटिफिक उपकरण और उपभोग्य सामग्रियों के प्रोक्योरमेंट के लिए जीएफआर नियमों को सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा, "नियमों को आसान बनाने के साथ देरी कम होगी। साथ ही शोध संस्थानों के लिए स्वायत्तता और फ्लेक्सिबिलिटी बढ़ेगी और वे तेजी से इनोवेशन करने को लेकर सशक्त बनेंगे। डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस परिवर्तनकारी सुधार के लिए सराहना की, जो विकसित भारत की प्रौद्योगिकी-संचालित यात्रा को गति देगा। 5 जून को जारी एक कार्यालय ज्ञापन में वाइस-चांसलर, वैज्ञानिक संगठनों के निदेशक और शैक्षणिक संस्थानों को वैज्ञानिक उपकरणों और उपभोग्य सामग्रियों की गैर-सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) खरीद की अनुमति दी गई है। ज्ञापन के अनुसार, यह आदेश केवल विज्ञान और प्रौद्योगिकी; बायोटेक्नोलॉजी; वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान; परमाणु ऊर्जा; अंतरिक्ष; पृथ्वी विज्ञान; रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन; भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर), जिसमें इसके संबद्ध संस्थान और विश्वविद्यालय शामिल हैं; स्वास्थ्य अनुसंधान (डीएचआर), जिसमें भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद शामिल है; किसी भी मंत्रालय/विभाग के तहत स्नातकोत्तर/डॉक्टरेट स्तर के पाठ्यक्रम या अनुसंधान आयोजित करने वाले शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों पर लागू होगा।



- **जीआरएफ का दायरा :** यह नियम केंद्र सरकार के मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों पर लागू होते हैं, जिनके अपने वित्तीय विनियम होते हैं।
- **कवरेज क्षेत्र :** जीआरएफ बजटिंग, खरीद (प्रोक्योरमेंट), व्यय और लेखांकन जैसी प्रक्रियाओं को नियंत्रित करता है।

# देश के हर परिवार तक एलपीजी सिलेंडर बुकिंग के चंद घंटों में घर तक हो रहा डिलीवर : हरदीप पुरी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि देश में 33 करोड़ से अधिक ग्राहकों को अब बुकिंग के कुछ घंटों के भीतर ही एलपीजी सिलेंडर की डोरस्टेप डिलीवरी मिलती है। विश्व एलपीजी दिवस के अवसर पर केंद्रीय मंत्री पुरी ने इस व्यापक पहुंच और दक्षता का श्रेय हर घर तक स्वच्छ खाना पकाने के ईंधन को सुलभ बनाने के सरकार के निरंतर प्रयासों को दिया। केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि देश भर में, विशेष रूप से ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में लोगों के खाना पकाने के तरीके में बदलाव के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) का विशेष योगदान रहा है। उन्होंने कहा, "पीएमयूवाई के तहत 10.33 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिया गया है, जिससे उन्हें पारंपरिक ईंधन से सुरक्षित और स्वच्छ एलपीजी में परिवर्तन करने में मदद मिली।" केंद्रीय मंत्री पुरी ने आगे कहा, "इस क्रांति ने रसोई के धुएं को कम कर न केवल स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार किया है।



## कृषि ऋण वृद्धि : संस्थागत कृषि ऋण पहुंचा 27.5 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत पिछले 11 वर्षों में कृषि के लिए संस्थागत ऋण 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। यह जानकारी शनिवार को वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई। मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "पीएम नरेंद्र मोदी ने सुनिश्चित किया कि अन्नदाता को समय पर वित्तीय सहायता मिले और इसके लिए उसे इंतजार न करना पड़े। इसी के साथ, कृषि के लिए संस्थागत ऋण लगभग चौगुना हो गया है, जो कि 2013-14 में 7.3 लाख करोड़ रुपए से बढ़कर 2024-25 में 27.5 लाख करोड़ रुपए हो गया है। केंद्र सरकार के अनुसार, "2014 से पीएम मोदी के नेतृत्व में, हमारे अन्नदाताओं को सम्मान, इनकम सपोर्ट, एमएसपी आश्वासन, एग्री-इंफ्रा और वैश्विक बाजार तक पहुंच मिली है।

# फोन में नेटवर्क प्रॉब्लम को मिनटों में ठीक करें, अपनाएं ये आसान ट्रिक्स

आजकल मोबाइल फोन हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं, लेकिन कई बार सबसे जरूरी समय पर फोन में नेटवर्क नहीं आता या सिग्नल बेहद कमजोर हो जाता है। ऐसी स्थिति में कॉल करना, मैसेज भेजना या इंटरनेट चलाना मुश्किल हो जाता है।

1. **एयरप्लेन मोड को ऑन-ऑफ करें :** जब भी नेटवर्क गायब हो जाए, तो सबसे पहला और आसान उपाय है-फोन को एयरप्लेन मोड में डालना। इससे आपका मोबाइल नेटवर्क से पूरी तरह डिस्कनेक्ट हो जाता है और दोबारा जुड़ने की कोशिश करता है।

**कैसे करें**

- फोन की स्क्रीन ऊपर से नीचे स्वाइप करें।
- एयरप्लेन आइकन पर टैप करें और 10-15 सेकंड बाद दोबारा टैप करके बंद कर दें।
- अब नेटवर्क वापस आ सकता है।

2. **फोन को करें रीस्टार्ट :** फोन को रीस्टार्ट करना भी नेटवर्क की समस्याओं को हल करने का एक पारंपरिक लेकिन कारगर तरीका है। जब आप फोन को दोबारा चालू करते हैं, तो वह नेटवर्क सर्च करता है और अक्सर बेहतर सिग्नल कैच करता है।

**टिप: रीस्टार्ट करने के बाद कुछ मिनट इंतजार करें और फिर नेटवर्क की स्थिति जांचें।**

3. **सिम कार्ड की जांच करें :** अक्सर नेटवर्क की समस्या सिम कार्ड की खराब फिटिंग या डैमेज के कारण भी हो सकती है।

**क्या करें**

- फोन बंद करें और सिम ट्रे निकालें।
- सिम को साफ कपड़े से हल्के हाथों से साफ करें।
- दोबारा ठीक से सिम को लगाएं और फोन ऑन करें।
- अगर फिर भी नेटवर्क न आए, तो संभव है कि सिम खराब हो। ऐसे में नजदीकी सर्विस सेंटर से नई सिम लें।

4. **नेटवर्क सेटिंग्स को करें रीसेट** कई बार फोन की गलत सेटिंग्स नेटवर्क को बाधित करती हैं। ऐसे में नेटवर्क सेटिंग्स को रीसेट करना एक बेहतरीन उपाय हो सकता है।


**कैसे करें**

- Settings > System > Reset options > Reset Wi-Fi, mobile & Bluetooth
- यहां से नेटवर्क सेटिंग्स को रीसेट कर दें।
- इसके बाद फोन को रीस्टार्ट करें।

5. **सॉफ्टवेयर अपडेट जरूर करें** : फोन के पुराने सॉफ्टवेयर वर्जन में बग्स हो सकते हैं जो नेटवर्क से जुड़ी समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

**समाधान**

- फोन की Settings में जाएं।
- About Phone > Software Update पर क्लिक करें।




- यदि अपडेट उपलब्ध है तो तुरंत डाउनलोड और इंस्टॉल करें।
- नई अपडेट में नेटवर्क सुधार के लिए जरूरी फिक्सेस शामिल हो सकते हैं।

6. **वाई-फाई कॉलिंग का करें इस्तेमाल :** अगर आप घर के अंदर हैं और सिग्नल नहीं मिल रहा, तो वाई-फाई कॉलिंग एक बेहतरीन विकल्प है।

**कैसे चालू करें:**

- Settings > Network & Internet > Mobile Network > Wi-Fi Calling
- इसे ऑन कर दें और एक मजबूत Wi-Fi नेटवर्क से कनेक्ट करें।
- अब आप बिना मोबाइल नेटवर्क के भी कॉल कर सकते हैं।

7. **बाहरी एंटेना या सिग्नल बूस्टर लगाएं :** जो लोग पहाड़ी या ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, वहां नेटवर्क की समस्या ज्यादा होती है।

**समाधान**

- आप बाहरी एंटेना या मोबाइल सिग्नल बूस्टर का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- ये डिवाइसेस कमजोर सिग्नल को कैच करके मजबूत कर देते हैं।
- बाजार में कई ब्रांडेड नेटवर्क बूस्टर्स मिलते हैं, जिनका इस्तेमाल बहुत आसान है।